दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 29 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-एकादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 337 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दुनिया के सबसे बड़े झुठल्ले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पद का शपथग्रहण करते समय शायद यह भी कसम खाई थी कि वे हमेशा झूठ ही बोलेंगे। झूठ के सिवा कभी कुछ नहीं बोलेंगे। अब उन्होंने फरमाया है कि अपने पांच दिवसीय एकतरफा संघर्ष विराम को उन्होंने और दस दिनों के लिए इसलिए बढ़ाया है कि उनकी ईरान से बातचीत चल रही है और ईरान समझौते के लिए गिड़गिड़ा रहा है। जिसका ईरान ने खंडन किया है किन्तु इससे अपने मुंह मिट्ठू बनने वाले लाल बंदर को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ललमुंहा और नया झूठ बोलने से बाज नहीं आने वाला।

सेल को मिला नया चेयरमैन, बीएसपी में सेवाएं दे चुके डॉ. अशोक पांडा चुने गए सीएमडी

भिलाई (नवप्रदेश)। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को जल्द ही नया चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मिलने जा रहा है। सेल के निदेशक (फाइनेंस) डॉ अशोक कुमार पांडा को इस पद के लिए चुना गया है। शनिवार को सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की बैठक में इंटरव्यू के बाद उनके नाम को मंजूरी दी गई।

पीईएसबी की बैठक में सेल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर पद के लिए कुल 10 वरिष्ठ अधिकारियों का इंटरव्यू लिया गया। इनमें सेल और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के कई बड़े अधिकारी शामिल थे। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीईएसबी ने डॉ अशोक कुमार पांडा के नाम की सिफारिश की। डॉ. पांडा फिलहाल सेल में निदेशक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास बातें

- ■ सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड की बैठक में इंटरव्यू के बाद मंजूरी
- ■ कुल 10 वरिष्ठ अधिकारियों का इंटरव्यू लिया गया
- ■ सेल में फाइनेंस डिपार्टमेंट में है कार्यरत

■ सेल की इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र में पांडा का कार्यकाल काफी महत्वपूर्ण रहा

मजबूत वित्तीय प्रबंधन

डॉ. अशोक कुमार पांडा को स्टील सेक्टर में एक अनुभवी और मजबूत वित्तीय प्रबंधन करने वाले अधिकारी के रूप में जाना जाता है। कंपनी के अंदर लंबे समय तक काम करने का अनुभव उनके पास है। यही वजह रही कि चयन बोर्ड ने उनके नाम पर सहमति दी। अब औपचारिक नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद डॉ अशोक कुमार पांडा सेल के नए चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे।

राउरकेला से की थी करियर की शुरुआत

महारत्न कंपनी सेल के भावी चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार पंडा ने 17 अगस्त 1992 को राउरकेला इस्पात संयंत्र में बतौर प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने राउरकेला इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग, कार्मिक प्रशासन विभाग और सीईओ सचिवालय में कार्य किया।

कई बड़े अफसर थे इंटरव्यू में शामिल

इस पद के लिए जिन अधिकारियों का इंटरव्यू हुआ, उनमें सेल के डायरेक्टर (माइनिंग) मनीष राज गुप्ता, राउरकेला स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी आलोक वर्मा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। रेलवे और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी भी इस दौड़ में थे, लेकिन अंत में डॉ पांडा को सबसे उपयुक्त माना गया।

सीएम साय की दो टूक: पश्चिम एशिया संकट के बीच मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए जरूरी निर्देश

प्रदेश में पेट्रोलियम शॉर्टेज की स्थिति नहीं कालाबाजारी करने वालों पर करें कार्रवाई

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कमिश्नर, आईजी और कलेक्टरों को दिए निर्देश

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सामान्य गैस के लिए 25 दिन की समय सीमा

बैठक में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। गैस सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग सामान्य रूप से संचालित है। उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 45 दिन तथा सामान्य गैस कनेक्शन के लिए 25 दिन की समय सीमा निर्धारित है और वर्तमान में उसी अंतराल के अनुसार बुकिंग की जा रही है।

राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया संकट पर सभी राज्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है और यह आश्वस्त किया गया है कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है तथा उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए तथा प्रभारी सचिव और कलेक्टर नियमित समीक्षा करें।

राज्य में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता किसानों को समय पर मिलेगा खाद

वीडियो कांफ्रेंस के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए और दैनिक स्टॉक की नियमित समीक्षा की जाए। सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार समान रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।साथ ही खाद वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए सॉफ्टवेयर आधारित मॉनिटरिंग की जानकारी भी साझा की गई।

3841 सिलेंडर जब्त, 97 पर केस दर्ज

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेशभर में 335 स्थलों पर छापेमारी की गई, जिसमें कालाबाजारी की कोई पुष्टि नहीं हुई। हालांकि जमाखोरी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 3841 गैस सिलेंडरों को जब्त किया गया तथा 97 एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। केवल अधिकृत मोबाइल टावर एवं जेनसेट संचालित आवश्यक प्रतिष्ठानों को ही कंटेनर में ईंधन उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे, भारत सरकार की संस्थाओं, सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित संस्थानों और एयरपोर्ट कैंटीनों में गैस आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए।

पीएम मोदी ने किया देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन

■ युद्ध के संकट से देश को एकजुट होकर लड़ना है: प्रधानमंत्री मोदी

नोएडा (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा।

पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

न्यूज गैलरी

चीनी वीजा घोटाला: कार्ति चिदंबरम की याचिका पर बंद हुई सुनवाई

नई दिल्ली/वार्ता। दिल्ली हाई कोर्ट ने शनिवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की उस याचिका पर

सुनवाई बंद कर दी, जिसमें उन्होंने कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट में आरोप तय करने की सुनवाई को टालने का निर्देश देने की मांग की थी। शिवागंगा से लोकसभा सांसद ने उच्च न्यायालय से मांग की थी कि जब तक सीबीआई मूल अपराध यानी वीजा घोटाला के मामले में आरोप तय नहीं कर लेती, तब तक के लिए इस मामले की सुनवाई टाल दी जाए।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

नई दिल्ली। बालेंद्र शाह ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही बड़ी कार्रवाई की है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल के चेयरमैन केपी शर्मा ओली को पिछले साल हुए जेन-जी आंदोलन के खिलाफ कार्रवाई के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। नेपाल पुलिस ने ओली के साथ-साथ पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद वर्तमान गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी।

अमेरिका ने ईरान पर 850 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं

वॉशिंगटन डीसी (ए.)। ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका ने बड़े पैमाने पर टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसे अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं।

अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है। एक टॉमहॉक बनाने में करीब 2 साल लग सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार कमी पूरी करने में कई साल लगेंगे। टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ टॉमहॉक को बनाने में 2 साल लगते हैं
- ■ जंग खिची तो स्टॉक खत्म होने की आशंका
- ■ अमेरिका के पास करीब 4000 टॉमहॉक मिसाइलें

भारत करेगा बड़ी हथियार खरीदी, रूस अब भी बड़ा रक्षा साझीदार

नई दिल्ली/वार्ता। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच भारत ने 25 अरब डॉलर के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। भारत हथियारों की बड़ी खरीद करने जा रहा है। इन नए सौदों में भी रूस भारत का बड़ा रक्षा साझीदार बनकर सामने आया है। भारत ने रक्षा उपकरणों की खरीद का एक बड़ा कदम उठाया है और करीब 25 अरब डॉलर के सौदों को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि इन प्रस्तावों को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हरी झंडी दी है।

पूर्व डिप्टी सीएम के बेटे-बहू-पोती की हत्या, 2 को उम्रकैद, तीन बरी

बिलासपुर/कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम के बेटे-बहू और पोती की हत्या के 2 आरोपियों को उम्रकैद हुई है। 5 साल बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। इस मामले में 5 आरोपियों को दोषी ठहराया गया था, कोर्ट ने सबूतों के अभाव में 3 को बाइज्जत बरी कर दिया है। बता दें कि प्यारे लाल कंवर अविभाजित मध्यप्रदेश में डिप्टी सीएम रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाईकोर्ट का फैसला, पैसे के लिए रिश्तेदार ने मारा था

कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा गांव में प्यारे लाल कंवर का परिवार रहता था। उनके 2 बेटों में पैसों और जमीन के लेनदेन को लेकर विवाद था। 21 अप्रैल 2021 को छोटे बेटे, उनकी बहू और 4 साल की पोती की हत्या हुई थी। हत्यारों ने तीनों के चेहरे, सिर, गर्दन, मुंह, नाक, कान, पैर पर धारदार हथियार से कई बार हमला किया था। जांच में सामने आया था कि बड़े भाई हरभजन के साले और उसके साथी ने घर घुसकर धारदार हथियार से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पैसों के लिए रिश्तों का खून किया गया था।

गरमा-गरम

लाल आतंक का अंत: 30 मार्च को केंद्र सरकार के प्रयासों पर विस्तार से होगी बातचीत

नक्सलवाद पर लोकसभा में होगी विशेष चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। देश को नक्सलवाद मुक्त होने पर लोकसभा में 30 मार्च को विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी। जिसमें केंद्र सरकार के अब तक के प्रयासों, सुरक्षा रणनीति और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से बात होगी। वहीं इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, नक्सलमुक्त भारत का संकल्प पूर्ण होने जा रहा है। यह देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसको लेकर संसद में चर्चा होगी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह देश को विस्तृत जानकारी देंगे।

संसद में होने वाली यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद के पूरी तरह खात्मे को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है। बहस के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे ऑपरेशन, सुरक्षा बलों की कार्रवाई, विकास कार्यों की स्थिति और स्थानीय स्तर पर सरकार की योजनाओं के प्रभाव जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

नियद नेल्लानार' से शिक्षा को नई रफ्तार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 में 'नियद नेल्लानार योजना' के तहत दूरस्थ और संवेदनशील गांवों में 7 नए प्राथमिक विद्यालय शुरू किए गए हैं। इन स्कूलों में अब तक 210 बच्चों ने प्रवेश लेकर शिक्षा की ओर कदम बढ़ाया है। आगे की योजना के तहत 19 और नए स्कूल खोलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे और अधिक बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।

गृहमंत्री अमित शाह देंगे विस्तृत जानकारी

इस विशेष बहस पर राजनीतिक और सुरक्षा हलकों की नजर बनी हुई है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस विषय पर सरकार का पक्ष रखते हुए विस्तृत जवाब दे सकते हैं। उनके जवाब में केंद्र की भविष्य की रणनीति और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक अभियान को लेकर बड़ा संदेश सामने आ सकता है। केंद्र सरकार पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुकी है कि उसका लक्ष्य देश के हर हिस्से से नक्सलवाद को खत्म करना है। छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तय की गई है। फोर्स के दबाव में नक्सल संगठन बैकफुट पर है।

सीईटी भर्ती में विवाद: 10,458

कर्मचारियों को हाईकोर्ट से राहत

नई दिल्ली/वार्ता। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 10 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा भर्ती परीक्षा रद्द करने के फैसले के बाद यह सभी कर्मचारी अनिश्चितता की स्थिति में जी रहे थे। कई कर्मचारियों द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया रद्द करने को गलत तरीके से लागू किया गया है। ऐसे में इन सभी उम्मीदवारों को नौकरी जारी रहेगी। कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ सीईटी भर्ती परीक्षा को लेकर फैसला सुनाया।

क्या है मामला?

यह मामला तब शुरू हुआ था, जब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 2 मई 2022 को ग्रुप -सी और ग्रुप-डी के पदों की भर्ती के लिए सीईटी नीति लागू की गई थी। दो चरणों की इस प्रक्रिया में सामाजिक और आर्थिक आधार पर उम्मीदवारों को अतिरिक्त पांच नंबर दिए जाने थे। सरकार के इस प्रावधान को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके बाद कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी।

न्यूज गैलरी

जोत जंवारा का विसर्जन, रामनवमी पर शोभायात्रा और महाभंडारा का आयोजन

धरसीवां / कूंरा (नवप्रदेश) नगरपंचायत कूंरा में देवा देवालय सहित 4 घरों में स्थापित किए गए ज्योत जवारा स्थल पर 26 मार्च अष्टमी को हवन पूजा कर भंडारा कार्यक्रम आयोजित कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान समस्त स्थानों पर भक्तों की जनसैलाब बड़ी संख्या में उपस्थित रहा, वही 27 मार्च नवमी को जवारा विसर्जन का माता सेवा भजन के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाल कर रानी सागर शीतला तालाब में बने विसर्जित कुंड में विसर्जन किया गया । इस दौरान कड़ी धूप के बावजूद अंत तक नगर के भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल रहे ।

भगवान महावीर के समता भाव को प्रतिबिंबित करता एक सामायिक प्रभु वीर के नाम

नवापारा राजिम / नवप्रदेश। भगवान महावीर स्वामी समता की मूर्ति थे। प्रथम शिष्य गौतम के प्रति न तो राग के भाव से और उनके प्रति दुर्भाव रखने वाले गोशालक के प्रति द्वेष के भाव थे। उनकी शरण में जो भी आया उन सभी को उन्होंने सन्मार्ग दिखाया। ऐसे समतामूर्ति भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज ज्ञान वल्लभ निपूणा जैन पाठशाला समिति द्वारा स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में ÷एक सामायिक प्रभु वीर के नाम÷ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीसंघ के श्राविकाओं के साथ छोटे छोटे बच्चों ने उत्साह पूर्वक, समता पूर्वक, माला फेरते हुए सामायिक की क्रिया की। षटकाय जीवों की रक्षा के लिए सैकड़ो लोग तत्पर बने। सभी को पाठशाला समिती एवं कांकरिया परिवार द्वारा प्रभावना दी गई। पर्वोत्सव के तृतीय दिवस प्रातः भगवान महावीर के संदेशों को गुंजायमान करते हुए महावीर दिगम्बर जैन पाठशाला द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जो कि शांतिनाथ दिगम्बर मंदिर से निकलकर, महावीर चौक से जैन भवन पहुंची। सभी धर्मप्रेमी बंधुओं के लिए नवकारसी की व्यवस्था रखी गई थी।

जिले के 22 मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए मिली 1 करोड़ 9 लाख रुपए की स्वीकृति

खैरागढ़ / नवप्रदेश। जिले के खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने और मंदिरों के संरक्षण के उद्देश्य से राज्य सरकार ने 22 मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 9 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। जिसमे ग्राम सिंगारपुर के शीतला मंदिर ग्राम ,सिंगारपुर के राममंदिर ग्राम बेलगांव के शीतलामंदिर जीर्णोद्धार बेलगांव के बुढ़ादेव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य ,ग्राम कानीमेरा के शीतला मंदिर जीर्णोद्धार, कुटेलीकला शीतला मंदिर जीर्णोद्धार, लँझियाटोला शीतला मंदिर जीर्णोद्धार ,बघमर्रा शीतला मंदिर जीर्णोद्धार , देवपुरागंडई शीतला मंदिर जीर्णोद्धार ,कोहलाटोला शीतला मंदिर जीर्णोद्धार , गढ़बंजा महामाया मंदिर जीर्णोद्धार ग्राम उर्तुली शीतला मंदिर जीर्णोद्धार, चंपाटोला शीतला मंदिर जीर्णोद्धार ,झुमरकोना गरगरा मंदिर जीर्णोद्धार ग्राम भेण्डरा शीतला मंदिर जीर्णोद्धार ,खैरानवापारा लोधेश्वर मंदिर जीर्णोद्धार, गातापार महादेव मंदिर जीर्णोद्धार जीराटोलाचोडराधाम मंदिर जीर्णोद्धार , गोलरडीह बंजारी मंदिर बुढ़ादेव जीर्णोद्धार, कोडका महामाया मंदिर जीर्णोद्धार ,मजगाव शिव मंदिर जीर्णोद्धार, चुचरूंगपुर शिव मंदिर जीर्णोद्धार कार्य सभी मंदिरो को 4.98 लाख रुपये प्रत्येक की स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है ।

रैंप योजना में कुम्हारों को दिया गया तकनीक और कार्य करने का प्रशिक्षण

खैरागढ़ / नवप्रदेश।। रैंप योजना के तहत जिले के कुम्हार अब अपने कार्यो मे तकनीक का इस्तेमाल करेंगे । इस कला से जुड़े उद्यमियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा राज्य शासन की उद्यमिता प्रोत्साहन पहल के तहत सीएसआईडीसी रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 30 उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों ने भाग लिया । प्रशिक्षण में स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रतिभागियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी वर्तमान गतिविधियों, कार्य प्रणाली एवं चुनौतियों की जानकारी लेकर मास्टर ट्रेनर द्वारा वन-टू-वन मार्गदर्शन के माध्यम से संस्थागत ढांचे, अनुभवों एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। द्वितीय दिवस केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी प्रावधानों, ईडीपी प्रशिक्षण, कौशल विकास, मार्केटिंग रणनीतियों तथा उद्यम पंजीयन की आवश्यकताओं पर जानकारी तथा अंतिम दिवस आयात-निर्यात की रणनीति, विभागीय समन्वय तथा भविष्य की मांगों के अनुरूप कुम्हार मुख्य रूप से द्वितीयक और लघु उद्योग क्षेत्र के तहत शिल्पकार वर्ग में जो मिट्टी के बर्तन, टेराकोटा उत्पाद और सजावटी सामान निर्माण में पारंपरिक हस्तशिल्प और कुम्हार सशक्तिकरण योजना जैसी सरकारी पहलों के माध्यम से कुम्हार उद्यमियों को अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने ,इसके प्रशिक्षण की मध्यस्थता, विभागीय मार्गदर्शन , मार्केटिंग आदि के अवसर उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई ।

आज बंजरपुर नवागांव में मूर्ति स्थापना एवं कर्मा जयंती

राजनांदगांव / नवप्रदेश। स्थानीय बजरंगपुर नवागांव मे नगर इकाई साहू समाज द्वारा आज नव निर्मित मंदिर में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं कर्मा जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधूसूदन यादव महापौर एवं पूर्व सांसद व अभिषेक सिंह पूर्व सांसद होने कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के नीलमणी साहू कमल किशोर साहू, मयंक हुमन साहू, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा चेयरमैन पावन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, इंजीनियर शेखर, राजेश साहू, राहुल चौबे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम 11 बजे विशेष आरती 12 बजे पदाधिकारियों का सम्मान, 1 बजे अतिथियों का स्वागत उद्बोधन शाम 04 बजे संध्या आरती एवं प्रसादी शाम 07 बजे नार्था दुर्ग का जस झांकी का कार्यक्रम होगा। समाज के अध्यक्ष डॉ. अनिल साहू एवं सचिव अनूप साहू के स्वजातीयजनो से अधिक से अधिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

तीर से घायल बायसन का सफल रेस्क्यू, 5 शिकारी गिरफ्तार

कवर्धा/पंडरिया/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र पंडरिया (पूर्व) के सीमावर्ती क्षेत्र में एक वयस्क बायसन (गौर) को तीर मारकर गंभीर रूप से घायल करने की घटना सामने आई है। इस मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते तीन दिनों से क्षेत्र में एक बायसन के भटककर आने की सूचना मिल रही थी, जिस पर वन विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए था। इसी दौरान अज्ञात शिकारियों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर बायसन पर तीर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन में वन विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। स्थानीय वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जडिया ने बायसन को निश्चेत (ट्रैंक्विलाइज) कर उसके शरीर में धंसे एक तीर को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

हालांकि, अगले दिन जब टीम ने पुनः निरीक्षण किया, तो पाया गया कि बायसन अपने एक पैर का सही ढंग से उपयोग नहीं कर पा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर से विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया। डॉ. चंदन और उनकी टीम ने गहन जांच के दौरान यह पाया कि बायसन के पैर में मांसपेशियों के भीतर गहराई तक दो अन्य तीर धंसे हुए हैं, जो बाहर से दिखाई नहीं दे रहे थे।इसके बाद डॉ. जडिया और डॉ. चंदन की संयुक्त टीम ने बायसन को पुनः निश्चेत कर जटिल शल्य-क्रिया (सर्जरी) के माध्यम से दोनों तीरों को सफलतापूर्वक निकाल लिया। इस चुनौतीपूर्ण उपचार के बाद बायसन पूरी तरह स्वस्थ हो गया, जिसे बाद में सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।वहीं, घटना के आरोपियों की तलाश के लिए वन विभाग और वन विकास निगम ने संयुक्त रूप से मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और डॉग स्क्वाड की सहायता ली। सूचना मिलने पर सरहापथरा गांव में संदिग्धों के घरों में छापेमारी की गई, जहां से शिकार में प्रयुक्त धनुष और बाण बरामद किए गए।पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर पंडरू, चैतुराम, शिवा, पताल सिंह और सुखराम को गिरफ्तार किया गया।

कालाबाजारी करने वाले व्यवसायिक सिलेंडरो की कमी का उठा रहे फायदा

ठेले-खोमचों वालों को दो हजार में ब्लैक में बेच रहे घरेलू सिलेंडर

- **जिले में घरेलू सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक, विभाग को कार्यवाही करने के दिए गए हैं निर्देश**

खैरागढ़ /नवप्रदेश । शहर सहित जिलें मे पर्याप्त घरेलू गैस सिलेंडर का स्टाक होने के बाद भी ठेलो खोमचें और रोजमर्रा की दुकान लगाने वाले दुकानदारो को ब्लैक मे दो हजार रू तक गैस सिलेंडर बेचे जा रहे है । इसकी लगातार शिकायतें बढ़ रही है । जिले मे केवल कमर्सियल सिलेंडर की दिक्कत है । जो कंपनी स्तर से ही 20 फीसदी किए जाने के कारण पर्याप्त स्टाक मे नही है । इसका फायदा घरेलू सिलेंडर लेने वाले कई लोग उठा रहे है । सिलेंडर की कमी की अफवाह बढ़ा कर ठेले खोमचों वालो को दो हजार मे ब्लैक मे घरेलू सिलेंडर बेचा जा रहा है । कई स्थानीय ठेले खोमचें वालो ने इसकी पुष्टि करते बताया कि उन्हे महीने मे चार से पांच सिलेंडर की आवश्यकता होती है । कमर्सियल सिलेंडर की कमी के कारण उनका व्यवसाय जारी रखने उन्हे सिलेंडर की जरूरत है । लेकिन घरेलू सिलेंडर के लिए उन्हे दो हजार की रकम मांगी जा रही है । मामले मे खादय विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन शुरूआती कार्यवाही के बाद विभागीय अधिकारी भी मामले मे मौन साधे हुए है ।

घरेलू सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक, समय पर मिल रहा

एलपीजी के स्थानीय वितरक अतुल वासनिक ने बताया कि जिले मे घरेलू सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक आ रहा है । कमर्सियल सिलेंडर की कमी बरकरार है । घरेलू सिलेंडर को पूरी तरह डिजीटल बुकिंग के आधार पर ही वितरित किया जा रहा है ।

वितरण एजेंसी से किसी प्रकार के अतिरिक्त सिलेंडर दिए जाने का कोई मसला नही है । घरेलू सिलेंडर हितग्राही को 25 दिन बाद ही सिलेंडर का वितरण हो रहा है । वासनिक ने बताया कि सिलेंडर की कमी के अफवाह के चलते रोजाना बुकिंग भी ज्यादा आ रही है । इसके बाद भी सभी को सिलेंडर उपलब्ध हो रहा है । आमतौर पर इस सीजन मे रोजाना की बुकिंग 4 सौ तक होती है । लेकिन अफवाह के चलते 5 सौ से अधिक बुकिंग आ रही है । डिलवरी के दौरान उपभोक्ता घर मे खाली सिलेंडर नही होने के कारण लेने से इंकार कर रहे है। वासनिक ने वितरण एजेंसी से कालाबाजारी की शिकायत को सिरे से खारिज करते कहा कि मामले मे खादय विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए ।

सांसद ने बीमारी से ग्रसित मरीज को दिलाई तीन लाख की वित्तीय सहायता

- **मरीज के परिजनों ने सांसद संतोष पांडेय का जताया आभार**

कवर्धा /नवप्रदेश । क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए गंभीर बीमारी से ग्रसित एक मरीज के ईलाज हेतु तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता दिलाई है। कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम झलका के निवासी दिनेश मोहले की एक किडनी खराब हो गयी है। इनका उपचार बालाजी हॉस्पिटल रायपुर में चल रहा है।

चिकित्सक द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दिया गया है। ये आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है। इन्होंने क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय से मुलाक़ात कर अपनी समस्या से अवगत कराया और ईलाज हेतु सहायता की गुहार लगाई। सांसद संतोष पांडेय ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए दिनांक 14 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मरीज दिनेश मोहले के किडनी ट्रांसप्लांट कराने हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया था। इसके बाद उक्त मरीज के ईलाज हेतु प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से तीन लाख रुपए की की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस राशि से मरीज के ईलाज में सहायता मिलेगी। इससे पहले भी सांसद पांडेय कई मरीजों के ईलाज हेतु वित्तीय सहायता दिला चुके हैं। मरीज के परिजनों ने उक्त सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद संतोष पांडेय का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

गैस सिलेंडर वितरण में शहरी और ग्रामीण भेदभाव पर सरकार के निर्णय का धनेंद्र साहू ने किया कड़ा विरोध

नवापारा राजिम। धनेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गैस सिलेंडर रिफिलिंग की समय सीमा को लेकर हाल ही में लिया गया निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण है। सरकार ने एक ही प्रदेश की जनता के बीच 'शहरी' और 'ग्रामीण' का भेद कर जो निर्णय लिया है, वह न केवल तर्कहीन है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और गृहणियों की सुविधा पर सीधा प्रहार है।

धनेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने कहा है कि सरकार के निर्देशों के अनुसार जहां शहरी उपभोक्ताओं को हर 25 दिनों में एक गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया गया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए यह समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। यह स्पष्ट रूप से ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है।

उन्होंने आगे कहा कि, ÷क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की आवश्यकताएं कम हैं या उनके परिवार छोटे हैं? एक ओर सरकार उज्ज्वला योजना और धुआं-मुक्त रसोई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण जनता को 45 दिनों तक सिलेंडर के लिए इंतजार करने को मजबूर किया जा रहा है। यह निर्णय ग्रामीण आबादी को पुनः लकड़ी और कोयले के चूल्हे की ओर धकेलने जैसा है।÷ सरकार इस भेदभावपूर्ण आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस ले।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता : युवराज

फिंगेश्वर/ नवप्रदेश। युवा नेता जिला उपाध्यक्ष युका व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज बंटी सिंहा।।ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों का सीधा असर अब आम लोगों के जेब पर सांप दिखाई देने लगा है ।।जिसका प्रभाव खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों पर पड़ा है कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और सप्लाई चैन में बाधा के चलते स्थिति और गंभीर होती जा रही है गर्मी का मौसम शुरू होते ही जहां आमतौर पर रेफ्रिजरेटर ,कूलर, फ्रिज, टीवी एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ जाती है वही इस बार उनकी कीमतों में भी जबरदस्ती इजाफा देखने को मिल रहा है पहले की तुलना में इन वस्तुओं के दाम काफी ऊपर पहुंच गए हैं ।।जिससे ग्राहकों को खरीदारी करने में परेशानी हो रही है कई दुकानदारों का कहना है कि कंपनियों ने पहले ही कीमत बढ़ा दी है और आने वाले समय में और बढ़ोतरी की संभावना है इसी बीच शादी का सीजन भी जोरों पर है जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान कपड़ों की मांग और अधिक बढ़ गई है ।।लोग उपहार और घरेलू जरूरत के लिए इन वस्तुओं की खरीदारी करते हैं लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण अब लोग बजट में कटौती करने को मजबूर हो रहे हैं कई परिवार जरूरी सामान को टाल रहे हैं या सस्ते विकल्पों की तलाश कर रहे हैं खास तौर पर मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है सीमित आय और बढ़ती महंगाई के बीच घर का बजट संभालना चुनौती बन गया है ।

फिरोज अंसारी ने खेल मंत्री संग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

राजनांदगांव / नव प्रदेश।नई दिल्ली में हॉकी जगत का प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया अवार्ड्स का आयोजन किया गया। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनसुख मांडविय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

समारोह में भारतीय पुरुष एवं महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए करोड़ों रुपये के नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फ़िरोज़ अंसारी , जो हॉकी इंडिया के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष हैं, ने खेल मंत्री के साथ मंच साझा किया और खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भारत के महान हॉकी खिलाड़ी अजित पाल सिंग की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उनके हाथों ÷अजीत पाल सिंह मिडफील्डर अवार्ड÷ भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी सुमित कुमार को प्रदान किया गया।

जिला यादव समाज ने महासभा को बताया मनगढ़ंत

- **जिला यादव समाज में दो फाड़ की स्थिति**

खैरागढ़ / नवप्रदेश।। जिले में कोसारिया यादव समाज के भीतर नेतृत्व विवाद सामने आ गया है। प्रेस वार्ता में जिला यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज को जानबूझकर दो गुटों में बांटने की कोशिश की जा रही है, जिससे समाज में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। प्रेस वार्ता में प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव, शिवानंद यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने दावा किया कि 24 सर्किलों की बैठक के बाद प्रदेश प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से ईश्वर यादव को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया छुईखदान में शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ, जिसमें समाज के हजारों लोग शामिल हुए थे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष ईश्वर यादव कहा कि एक जिले में दो-दो अध्यक्ष होना न सिर्फ असंवैधानिक है बल्कि समाज को कमजोर करने वाला कदम भी है। पदाधिकारियों ने चंद्रशेखर यादव पर कहा कि वे स्वयं को जिला अध्यक्ष घोषित कर रहे हैं, जबकि उनके पास न तो वैध पंजीयन की जानकारी है और न ही कोई आधिकारिक प्रमाण। प्रदेश महामंत्री सुनील यादव ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में कोसारिया यादव समाज का एक ही पंजीयन क्रमांक 4473 मान्य है और उसी के तहत ईश्वर यादव का चयन हुआ है। जो लोग अलग संगठन या पद का दावा कर रहे हैं, उनका समाज से कोई संबंध नहीं है। आज जिला यादव महासभा द्वारा अधिवेशन और भूमिपूजन को लेकर पदाधिकारियो ने कहा कि समाज के नाम पर प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम जिस जमीन पर किया जाना है, वह वास्तव में समाज के नाम पर है भी या नहीं।

मानसगान: नगरी का त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन संपन्न

किशन कन्हैया मानस मंडली की प्रस्तुति ने सबका मन मोहा

नगरी / नवप्रदेश। नगर के गांधी चौक राजा बाड़ा में श्री राम नव युवक परिषद नगरी के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन भक्ति, श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस भव्य धार्मिक आयोजन में नगरी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। संगीतमय रामचरितमानस गायन, भक्ति गीतों की प्रस्तुति और सतत भंडारा व्यवस्था ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा सुमधुर स्वर में रामचरितमानस के अंशों का गायन किया गया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन स्थल पर दिन-रात श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और पूरा क्षेत्र राममय वातावरण में डूबा रहा। भक्ति संगीत और धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और धर्म के प्रति आस्था का संदेश प्रसारित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रकाश बैस रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा तथा पार्षदगण अंबिका ध्रुव, डागेश्वरी योगेश साहू, समस्त पार्उषद गण उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला लोकमंगल का अमूल्य मार्गदर्शक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और एकता का संचार होता है। लाईट, साउंड सिस्टम एवं टेंट की व्यवस्था में सरजू राम सिन्हा, प्रेमलाल ध्रुव, भारत टेंट हाउस, अरुण सार्वा, दीपेश निषाद, मुरलीधर-शांति बाई फ्युल्स नगरी, कुसुम देव, राजा पवार, श्रद्धा ज्वेलर्स, हरीश (गोलू) मालू, बेणीराम टंडन, नंद यादव, कन्हैयालाल सार्वा, फिरोजा पोल्ट्री फार्म, प्रेमलाल पटेल, धरम निषाद, अघनु पटेल, आर.के. टाइल्स ट्रेडर्स, गंगत्रीन निषाद, हृदय नाग एवं रविकांत भट्ट का योगदान सराहनीय रहा।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा /नवप्रदेश । कबीरधाम पुलिस द्वारा नाबालिगों की सुरक्षा एवं महिला अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को दिनांक 01.03.2026 को एक व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। उक्त रिपोर्ट पर चौकी रणबीरपुर थाना लोहारा में अपराध क्रमांक 25/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल एवं श्री अमित पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लोहारा श्री कृष्ण कुमार चन्द्रकार के मार्गदर्शन में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई।

फारेंसिक की उपयोगिता पर पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 28 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बिलासागुड़ी पुलिस लाईन, बिलासपुर में राजपत्रित अधिकारियों तथा उनके अंतर्गत स्थित थाना अनुभाग में कार्यरत अधिकारी / कर्मचारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी तथा विवेचक सहित कुल 75 अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुए। जिन्हें वर्तमान में फॉरेंसिक की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए विवेचना की कमियों व बारीकियों का विश्लेषण कर 'अपराध स्थल का एफएसएल द्वारा निरीक्षण एवं साक्ष्य का महत्व तथा अपराध स्थल में ली गई तलाशी एवं अभिग्रहण (जप्ती) की फोटोग्राफी / वीडियोग्राफी' आदि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान कर जागरूक किया गया। प्रशिक्षणकर्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. समीर कुर्रे और वैज्ञानिक अधिकारी प्रशांत कुमार ने फारेंसिक विशेषज्ञ के रूप में किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। प्रशिक्षण के मुख्य पहलू इस प्रकार हैं:- प्रशिक्षणकर्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. समीर कुर्रे और वैज्ञानिक अधिकारी प्रशांत कुमार ने फारेंसिक विशेषज्ञ ने घटनास्थल के निरीक्षण की आवश्यकता एवं फोटोग्राफी की उपयोगिता की गहनता के संबंध में जानकारी साझा किए। कैसे फारेंसिक विज्ञान अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एवं कैसे फोटोग्राफी सबूतों को संरक्षित करने में मदद करती है, साथ ही कृत्रिम घटना स्थल बनाकर फोटोग्राफी / वीडियोग्राफी कर घटना स्थल से सबूतों को इकट्ठा करने एवं उन्हें विधिवत् पैक करने का प्रशिक्षण के संबंध में बताया गया।

गंभीर अपराध के प्रकरण संबंधी दी जानकारी

प्रशिक्षणकर्ता उप निरीक्षक कृष्णा साहू के द्वारा गंभीर अपराध के प्रकरणों में घटना स्थल का नजरी नक्शा, जप्ती, तलाशी संबंधित दस्तावेज तैयार करने की प्रकिया के संबंध में अवगत कराया तथा उनके स्वयं की विवेचना के दौरान माननीय न्यायालय में चश्मदीद गवाहों के मुकर जाने के बावजूद भी न्यायालय द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं विवेचना में संकलित दस्तावेज एवं आए साक्ष्य व तथ्यों के आधार पर अपराधियों को दी गई आजीवन कारावास की सजा के संबंध में अपना अनुभव एवं व्यावहारिक ज्ञान साझा किया तथा विवेचना में आई कुछ त्रुटियों एवं कमियों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षणकर्ता वैज्ञानिक अधिकारियों ने कृत्रिम घटना स्थल तैयार कर उसका अवलोकन कर स्वयं को सुरक्षित करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित कर, घटना स्थल से मिले भौतिक साक्ष्य को चिन्हांकित कर सीलंबद पैक करने की व्यावहारिक ज्ञान तथा ' सीन ऑफ काईम का अवलोकन करने की प्रक्रिया एवं साक्ष्य एकत्र करने हेतु किन-किन बातों का ध्यान में रखा जाना आवश्यक है, शीघ्र नष्ट होने वाले साक्ष्यों के एकत्रीकरण, काईम सीन स्केच तैयार करने एवं परीक्षण हेतु भेजते समय संलग्न दस्तावेज एवं समयावधि में ड्राफ्ट तैयार कर प्रदर्शों को एफ.एस.एल. परीक्षण हेतु भेजे जाने के संबंध में अवगत कराया गया।

न्यूज गैलरी

श्रेष्ठ गुणों की धारणा ही सच्चा धर्मः बीके मंजू

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजकिशोर नगर स्थित ब्रह्मकुमारीज के शिव-अनुराग भवन में आयोजित 9 दिवसीय 'रामायण का आध्यात्मिक महत्व एवं जीवन प्रबंधन' श्रृंखला के आठवें दिन बीके मंजू ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि 'आत्माराम' की आध्यात्मिक यात्रा और श्रेष्ठ जीवन प्रबंधन की मार्गदर्शिका है। उन्होंने किया कि धर्म का अर्थ केवल बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि जीवन में श्रेष्ठ गुणों की धारणा है। 10 व्यावहारिक सूत्रों के माध्यम से बताया गया कि संदेह, अनादर और दिखावा व्यक्ति को पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि श्रद्धा, एकाग्रता, विनम्रता और स्वीकारोक्ति सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कार्यक्रम में श्रीराम के जीवन से 30 नेतृत्व गुण भी साझा किए गए। इनमें वचनबद्धता, अहंकार-शून्यता, सबको साथ लेकर चलने की क्षमता, दूरदर्शिता, कूटनीति और दूसरों को श्रेय देने जैसे गुण प्रमुख रहे।

गौ सेवा के लिए 2 एकड़ जमीन दी दान

बिल्हा/नवप्रदेश। गौ सेवा के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष रहे बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी उद्योगपति समाजसेवी, स्वर्गीय जगमोहन अग्रवाल के पुत्र रामावतार अग्रवाल रामू भैया ने शहर के मध्य कीमती जमीन जो बिलासा चौक शनिचरी रपटा समीप गौ सेवा के पुनीत कार्य हेतु बिलासपुर गौ सेवा धाम के नाम से लगभग 25 वर्षों से निरंतर सेवा कर रहे समिति को रामू भैया के द्वारा अपनी निजी जमीन सेवा कार्य हेतु, रामनवमी दिवस बिना किसी तामक्षाम आयोजन प्रयोजन सामान्य तौर पर गौसेवको के साथ पूजा अर्चना करते हुए समर्पित की गई। गौ सेवा धाम सेवाधारी घायल बीमार गौ माता की निशुल के इलाज सेवा के लिए जगह भुमि की परेशानी के चलते विगत वर्ष भूमि के लिए अत्यंत परेशानी महसूस करते हुए जगह-जगह अपील करते हुए उनके द्वारा बिलासपुर से दिल्ली एवं बिलासपुर से रायपुर तक भूमि आवंटन हेतु पदयात्रा भी की गई शासन प्रशासन से भी अपील की।

छुरी में आयोजित मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान शिविर में पहुंचे एमडी कंवर

अधिक से अधिक लोगों को मिले योजना का लाभः कंवर

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में सुधार तथा विभागीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए पॉवर कंपनी प्रतिबद्ध है साथ ही मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 कोरोना महामारी के समय आर्थिक परेशानी व अन्य कारणों से बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए लाभदायक है।

श्री कंवर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार प्रत्येक उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना पावर कंपनी का दायित्व है। वे आज कटघोरा संभाग अंतर्गत छुरी वितरण केन्द्र में आयोजित समाधान शिविर में उपभोक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। शिविर के दौरान बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए.के. अम्बस्थ तथा छुरी के राजा श्री कुंवर राज्यवर्धन सिंह, नगर पंचायत छुरी अध्यक्ष पद्मिनी प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरा लाल पंजवानी तथा प्रबंध निदेशक की पत्नी मंजुला सिंह कंवर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

84 उपभोक्ताओं को मिला लाभ

मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के तहत आज पात्र 84 उपभोक्ताओं ने बकाया मूल राशि तथा अधिभार में छूट हेतु आन स्पॉट पंजीयन कराया जिन्हे योजना के तहत राशि 9 लाख 50 हजार रूपये छूट का लाभ प्राप्त हुआ है। छुरी निवासी संतोष यादव द्वारा अपने बकाया बिजली बिल की राशि 10413 रूपये में छूट हेतु इस योजना के तहत पंजीयन कराया गया, जिन्हे मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के अंतर्गत बकाया राशि में शत प्रतिशत छूट प्राप्त हुई है।

आनस्पॉट रजिस्ट्रेशन कर दिया जा रहा योजना का लाभ

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना 2026 के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आनस्पॉट रजिस्ट्रेशन कर उन्हे योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इस योजना में बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक तथा मूलराशि में बीपीएल उपभोक्ताओं को 75 प्रतिशत एवं घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत छूट प्रदान करने लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उत्साहपूर्वक सम्मिलित भी हो रहे हैं। शिविर के दौरान अधीक्षण अभियंता पी.आर.साहू, व्ही.के. तिवारी, कार्यपालन अभियंता एस.के. सोनी, मधु सोनी, सहायक अभियंता शेखर सोनी, रंजीत पैकरा कनिष्ठ अभियंता निकिता सिंह, व्ही.पी.कंवर, श्री कोशले व अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्तागण उपस्थित रहे।

सेमरिया बाबा धाम में बनेगा शेड श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

सीपत/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर सीपत स्थित प्रसिद्ध एवं चमत्कारिक सेमरिया बाबा धाम में आस्था का जनसागर उमड़ पड़ा। अष्टमी के शुभ दिन मंदिर परिसर में विधिवत हवन-पूजन, कन्या भोज एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सेमरिया बाबा की महिमा, विशेष रूप से बिछड़े हुए को मिलाने की अलौकिक मान्यता, लोगों को दूर-दूर से यहां खींच लाती है। यही कारण रहा कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर आसपास ही नहीं, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे और अपनी मनोकामनाएं अर्पित कीं। मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान मंदिर में पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सीपत जनपद सदस्य मनोज खरे ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य शेड निर्माण कराने का ऐलान किया, जिससे गर्मी और बारिश के दौरान दर्शनार्थियों को बड़ी राहत मिल सकेगी। इस अवसर पर मनोज खरे ने कहा कि सेमरिया बाबा धाम आस्था का केंद्र है, यहां प्रतिदिन और विशेष अवसरों पर हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। शेड निर्माण से यहां आने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और धाम का स्वरूप भी और भव्य होगा। घोषणा के बाद मंदिर समिति एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। समिति के पदाधिकारियों ने मनोज खरे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल निश्चित रूप से मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा में मील का पत्थर साबित होगी। नवरात्र के इस दिव्य आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि सेमरिया बाबा धाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि लोगों के विश्वास और चमत्कार का जीवंत प्रतीक भी है।

पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर सख्त निगरानी कलेक्टर ने जारी किए नए निर्देश

अनावश्यक वितरण पर रोक, वाहनों को ही मिलेगा ईंधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के परिपालन में लागू किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील बुनियादी सेवाओं के अतिरिक्त किसी भी उद्योग को डीजल की आपूर्ति नहीं करेंगे। विशेष परिस्थितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) या तहसीलदार की अनुमति के बाद ही आपूर्ति की जा सकेगी। सामान्य उपभोक्ताओं के लिए भी नियम निर्धारित किए गए हैं। पेट्रोल-डीजल का वितरण अब केवल वाहनों में ही किया जाएगा, किसी अन्य पात्र में ईंधन देने पर प्रतिबंध रहेगा। कृषि उपयोग, जनरेटर एवं सूक्ष्म उद्योगों के लिए डीजल आपूर्ति पूर्व खपत के औसत के आधार पर की जाएगी, जिसका पृथक रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पेट्रोल पंप परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की जाएगी। अवैध परिवहन या कालाबाजारी की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जांच दल का गठन किया गया है, जो जिलेभर में सतत निगरानी एवं निरीक्षण करेगा। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा सभी संबंधितों को इसका कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

हर गांव को सौन्दर्यपूर्ण बनाना, साय सरकार का संकल्पः कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौंशिक ने किया 1 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के सिरगिट्टी क्षेत्र में लगभग 01 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस योजना के अंतर्गत सिरगिट्टी मुख्य मार्ग बन्नाकडीह चौक से रेलवे अंडर ब्रिज तक 03 किलोमीटर तक विद्युतीकरण पोल एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था स्थापित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर रोशनी और सुरक्षा की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर धरमलाल कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत से नगर पंचायत और अब बिलासपुर नगर निगम में शामिल होने के बाद सिरगिट्टी में जन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए मिनी स्टेडियम, क्षेत्र में भव्य शादी भवन, तालाबों का सौंदर्यीकरण व जलभराव व्यवस्था तथा चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण जैसे कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिल्हा के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत है और इसी तरह पूरे क्षेत्र में चहमुखी विकास हो रहा है। साय सरकार का संकल्प है कि हर गाँव को सौन्दर्यपूर्ण बनाना, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नेतृत्त्व में साय सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को 2047 तक एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का रोडमैप है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड 11 पार्षद केशरी इंगोले, जोन अध्यक्ष एवं वार्ड 12 पार्षद विजय सिंह मरावी, गायत्री मनोज दुबे, जोन कमिश्नर भूपेन्द्र उपाध्याय, मंडल महामंत्री अजय कश्यप, राजू मानिकपुरी, दिनेश कौशिक, बाली श्रीवास, बाबा खान, द्रोण सोनकलिहारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सुविधाः रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए की विशेष सुविधा

सिवनी से अयोध्या धाम के लिए 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' का संचालन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा मध्य प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए नागपुर मंडल के अंतर्गत सिवनी से अयोध्या धाम और बनारस के बीच विशेष 'भारत गौरव पर्यटक ट्रेन' (गाड़ी संख्या 08813/08814) का संचालन किया जा रहा है। यह गाड़ी 30 मार्च को सुबह 9 बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से अपनी धार्मिक यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी।

विवरण इस प्रकार है - गाड़ी संख्या 08813 (सिवनी से अयोध्या)30 मार्च को 9 बजे सिवनी से रवाना होकर छिंदवाड़ा आगमन 10:30 बजे प्रस्थान 10:40 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 16:00 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, नरसिंहपुर आगमन 18:00 बजे प्रस्थान 18:05 बजे, जबलपुर आगमन 19:25 बजे प्रस्थान 19:35 बजे, सतना आगमन 22:50 बजे प्रस्थान 22:55 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 02:15 बजे प्रस्थान 02:20 बजे, बनारस 07:35 बजे प्रस्थान 9 बजे एवं व्हाया - लोहटा, एम बी डी डी प्रतापगढ़ जंक्शन, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या 14:30 बजे पहुँचेगी। ठीक इसी प्रकार वापसी यात्रा गाड़ी संख्या 08814 (अयोध्या से सिवनी) 3 अप्रैल को अयोध्या से 20:00 बजे रवाना होकर वाराणसी जंक्शन आगमन 00:20 बजे प्रस्थान 00:30 बजे, प्रयागराज छिवकी आगमन 6 बजे प्रस्थान 06:05 बजे, सतना आगमन 12:25 बजे प्रस्थान 12:30 बजे, जबलपुर आगमन 17:10 बजे प्रस्थान 17:20 बजे, नरसिंहपुर आगमन 19:00 बजे प्रस्थान 19:05 बजे, इटारसी जंक्शन आगमन 22:05 बजे प्रस्थान 22:15 बजे, छिंदवाड़ा आगमन 04:05 बजे प्रस्थान 04:10 बजे एवं सिवनी 06:00 बजे पहुँचेगी। यह गाड़ी कुल 14 एलएचबी कोचों से संचालित होगी।

5 अप्रैल से कुमदा समपार फाटक स्थायी रूप से होगी बंद

रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा एवं संरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समपार फाटकों पर रोड ओवरब्रिज/रेल अंडरब्रिज का निर्माण कर वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने के पश्चात समपार फाटकों को चरणबद्ध रूप से बंद किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत करंजी-विश्रामपुर रोड स्टेशनों के मध्य कि.मी. 1016/04-05 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या एबी-69 कुमदा फाटक (भटगांव के समीप) में सुरक्षित सडक यातायात हेतु रोड ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा उपरोक्त रोड ओवरब्रिज से वैकल्पिक सड़क मार्ग उपलब्ध कराने के उपरांत उक्त समपार फाटक को 5 अप्रैल (रविवार) दोपहर 3 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे प्रशासन आमजनों से अपील करता है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें एवं सड़क यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

सोलापुरी माता की पूजा महोत्सव में शामिल हुए रविंद्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति सिरगिट्टी द्वारा आयोजित भव्य पूजा महोत्सव में आज मां तुलजा स्वरूप के छत्तीसगढ़ युवा आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह ठाकुर ने पूजा अर्चना पश्चात भोग ग्रहण किया। श्री सिंह ने श्रद्धालुओं को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा की मां सोलापुरी आपके परिवार को शुभ शांति समृद्धि प्रदान करें। आरती पश्चात लक्की ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता इस प्रकार रहे प्रथम - रानी निर्मलकर (सिरगिट्टी), द्वितीय अनिता यादव (शुभम् विहार, सिरगिट्टी), तृतीय पूर्णिमा मानिकपुरी (नयापारा, सिरगिट्टी), चतुर्थ सुनीता देवी सिरगिट्टी, पंचम सिमरन (न्यू लोको कॉलोनी) व ज्योति लक्ष्मी (शुभम् विहार, सिरगिट्टी)। इन सभी विजेताओं को उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों राजेंद्र शुक्ला पूर्व मंडी अध्यक्ष, अनिता शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, रविंद्र सिंह, पूर्व सदस्य योग आयोग छत्तीसगढ़, डॉ एस. अरुण पटनायक डायरेक्टर अमेठी यूनिवर्सिटी, विजय मरावी ने सम्मानित किया।

गुड फ्राइडे : मानवता के लिए क्रूस पर प्रेम और क्षमा की सर्वोच्च आहुति



इतिहास के पन्नों में कुछ दिन ऐसे होते हैं जो केवल तारीखें नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक स्तंभ बन जाते हैं। 'गुड फ्राइडे' (Good Friday) उन्हीं में से एक है। यह वह दिन है जब ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) ने यरूशलेम की पहाड़ियों पर क्रूस (Suli) पर अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस दिन को 'गुड' इसलिए कहा जाता है क्योंकि ईसा मसीह का बलिदान मानवता के उद्धार, प्रेम और अटूट क्षमा का प्रतीक माना जाता है।

क्षमा की पराकाष्ठा:

गुड फ्राइडे का सबसे बड़ा संदेश 'क्षमा' है। जब ईसा मसीह को कांटों का ताज पहनाया गया और उन पर अमानवीय अत्याचार किए गए, तब भी उनके हृदय में अपने सताने वालों के प्रति कोई द्वेष नहीं था। सूली पर टंगे होने के दौरान उनके मुख से निकले शब्द– हे पिता, इन्हें क्षमा कर, क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं卐–पूरी दुनिया को यह सिखाते हैं कि प्रतिशोध से बड़ी शक्ति क्षमा में है।

त्याग और शांति का दर्शन:

यह दिन हमें आत्म-चिंतन (Self-reflection) की प्रेरणा देता है। ईसा मसीह का पूरा जीवन दीन-दुखियों की सेवा और शांति के लिए समर्पित था। उन्होंने सिखाया कि सत्य की राह पर चलना सरल नहीं है, लेकिन सत्य ही वह मार्ग है जो मोक्ष की ओर ले जाता है। गुड फ्राइडे के दिन चर्चों में कोई उत्सव नहीं होता, बल्कि लोग उपवास रखते हैं और मौन रहकर प्रभु के कष्टों और उनके द्वारा दिखाए गए प्रेम के मार्ग को याद करते हैं।

आधुनिक संदर्भ में महत्व:

आज के अशांत समय में, जहाँ समाज बिखराव और तनाव से जूझ रहा है, गुड फ्राइडे का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दूसरों के सुख के लिए स्वयं का स्वार्थ त्यागना ही सच्ची मानवता है। शांति, अहिंसा और भाईचारा ही वे नींव हैं जिन पर एक बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

निराशा पर आशा की जीत

गुड फ्राइडे के मौन और बलिदान की गंभीरता के बाद, ईस्टर का दिन पूरी दुनिया के लिए एक नई सुबह और अटूट विश्वास का संदेश लेकर आता है। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार, सूली पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन प्रभु ईसा मसीह पुनर्जीवित हो उठे थे। ईस्टर का यह पर्व केवल एक ऐतिहासिक घटना की याद नहीं है, बल्कि यह इस बात का जीवित प्रमाण है कि सत्य, प्रेम और धर्म को कोई भी शक्ति हमेशा के लिए दबा नहीं सकती। ईस्टर का संदेश बहुत गहरा है–यह हमें सिखाता है कि जीवन में चाहे कितनी भी बड़ी मुसीबत या 'अंधेरी रात' क्यों न आए, उजाला होना निश्चित है। ईसा मसीह का पुनरुत्थान (Resurrection) मानवता को यह साहस देता है कि मृत्यु अंत नहीं, बल्कि एक नए और बेहतर जीवन की शुरुआत है। जहाँ गुड फ्राइडे 'त्याग' सिखाता है, वहीं ईस्टर 'विजय' का उत्सव मनाता है। यह दिन हमें अपनी असफलताओं और निराशाओं से ऊपर उठकर फिर से खड़े होने की प्रेरणा देता है।

डब्ल्यूटीओ में आईएफडी समझौते पर भारत का विरोध: निवेश सुविधा बनाम नीतिगत स्वायत्तता

रवि कुमार मांझी

विश्व व्यापार संगठन (WTO) में प्रस्तावित विकास के लिये निवेश सुविधा (Investment Facilitation for Development – IFD) समझौता को लेकर भारत ने स्पष्ट असहमति जताई है। जहाँ कई देश इसे निवेश को सरल और आकर्षक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मान रहे हैं, वहीं भारत इसे अपने नीतिगत अधिकारों और बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के लिये चुनौती के रूप में देखता है।

IFD पहल की शुरुआत वर्ष 2017 में चीन के नेतृत्व में विकासशील और अल्प विकसित देशों के एक समूह द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य निवेश प्रक्रियाओं को आसान बनाना, नौकरशाही अड़चनों को कम करना और व्यापार संचालन को अधिक सुगम बनाना है। इस समझौते को बहुपक्षीय रूप में प्रस्तावित किया गया है, जो केवल उन विश्व व्यापार संगठन सदस्यों पर लागू होगा जो इसे स्वेच्छा से स्वीकार करेंगे। इसके समर्थकों का दावा है कि इसमें बाजार पहुँच, निवेश संरक्षण, निवेशक राज्य विवाद समाधान (ISDS) और सरकारी खरीद जैसे संवेदनशील मुद्दों को शामिल नहीं किया गया है।

भारत की प्रमुख आपत्तियाँ इस समझौते की प्रकृति और प्रभाव को लेकर हैं। भारत का मानना है कि निवेश सुविधा WTO के मूल दायरे से बाहर का विषय है। WTO की स्थापना मुख्य रूप से वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा के व्यापार को विनियमित करने के लिये हुई थी। ऐसे में, बिना सर्वसम्मति के निवेश जैसे मुद्दे को शामिल करना मराकेश समझौते की भावना के विपरीत है।

इसके अलावा, भारत को यह भी आशंका है कि "इच्छुक देशों के समूह " के माध्यम से IFD को आगे बढ़ाने से WTO की सर्वसम्मति आधारित प्रणाली कमजोर हो सकती है। इससे एक ÷दो-स्तरीय÷ ढाँचा बन सकता है, जिसमें बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का प्रभाव अधिक होगा और विकासशील देशों की सामूहिक आवाज़ को नज़रअंदाज़ किया जा सकता है। नीतिगत स्वायत्तता का प्रश्न भी भारत के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। IFD के अंतर्गत प्रस्तावित अपील तंत्र और जाँच व्यवस्था विकासशील देशों की घरेलू नीतियों पर दबाव बना सकते हैं। भारत का मानना है कि हर देश को अपनी आर्थिक परिस्थितियों, राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास आवश्यकताओं के अनुसार विदेशी निवेश को नियंत्रित करने की स्वतंत्रता होनी चाहिये।

विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि भारत का यह रुख केवल सैद्धांतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक भी है। भारत इस मुद्दे का उपयोग WTO में लंबित दोहा विकास एजेंडा के मुद्दों विशेषकर खाद्य सुरक्षा के लिये सार्वजनिक भंडारण (PSH) के स्थायी समाधान पर दबाव बनाने के लिये कर रहा है। यह मुद्दा वर्ष 2013 के बाली ÷शांति खंड÷ के बावजूद अब तक अनसुलझा है और भारत की ख्स्क्वव्यवस्था तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं के लिये अत्यंत आवश्यक है। दूसरी ओर, ढ्ढस्नष्ठ समझौते को चीन के दृष्टिकोण से भी देखा जा रहा है। इस समझौते का समर्थन करने वाले 128 देशों में से 98 देश चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (BRI) से जुड़े हैं। ऐसे में, नियामकीय प्रक्रियाओं के मानकीकरण के माध्यम से यह समझौता चीन के वैश्विक अवसंरचना नेटवर्क और विदेशी निवेश विस्तार को परोक्ष रूप से मजबूती दे सकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो भारत के लिये रणनीतिक रूप से संवेदनशील हैं।

आगे की राह के रूप में भारत का मानना है कि ढ्ढञ्जह्र को नए समझौतों की बजाय पहले दोहा विकास एजेंडा के लंबित मुद्दों जैसे कृषि सब्सिडी, विशेष एवं विभेदक व्यवहार और विवाद निपटान तंत्र की बहाली–पर ध्यान देना चाहिये। इसके साथ ही, भारत एक कठोर वैश्विक ढाँचे के बजाय लचीली द्विपक्षीय निवेश संधियों (BITs) को प्राथमिकता देता है, जिससे वह निवेश आकर्षित करते हुए अपनी नीतिगत स्वतंत्रता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सके। साथ ही, भारत अन्य विकासशील देशों के साथ समन्वय बढ़ाकर ढ्ढञ्जह्र की बहुपक्षीय प्रकृति को बनाए रखने का प्रयास कर सकता है और ढ्ढस्नष्ठ पर अपने रुख का उपयोग एक प्रभावी सौदेबाज़ी के साधन के रूप में कर सकता है।

अंततः, IFD समझौते पर भारत का दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि वह निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अपनी नीतिगत स्वायत्तता, खाद्य सुरक्षा और रणनीतिक हितों से समझौता करने के पक्ष में नहीं है। यही संतुलन उसकी वैश्विक व्यापार नीति की दिशा तय करता है।

उम्रदराज रिश्ते

वर्षा वार्ष्णेय

रिश्तों को ईमानदारी से
निभाने की दौड़ में शायद तुम
जीत गए
लेकिन क्या कभी सोचा कि
अपने लिए क्या जीत पाए।
अभी रुक न बस थोड़े समय
की ही तो बात है
कहते कहते जो बाल तुम्हें
बहुत प्रिय थे
आधे कहीं उड़ ही गए ।।
अभी बच्चों को बड़ा हो जाने दो फिर वक़्त ही
वक़्त होगा ।
कहकर देखो न तुम्हारे चेहरे पर झुर्रियों के
अनगिनत निशान बन गए ।।
जिस वक्त पर हक था तुम्हारे निशान बनाने का
वो वक़्त क्या अब कभी लौटकर आ पायेगा।
बच्चो की खुशियाँ ही सर्वोपरि रहीं हर बार तुम्हारे
लिए
क्यों हमारी हर छोटी खुशियों का गला घोटते चले
गए ।
ये कहानी सिर्फ मेरी और तुम्हारी ही तो नहीं इस
जहाँ में
न जाने कितने माँ बाप के सपने आँखों में ही रह
गए।
आज गर्व से तो कहते हो मेरे बच्चे विदेश में रहते
हैं
जरा अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना
क्या सच में आज तुम सम्पूर्ण हो गए ।
बरसों की धूल फंककर हाथों में आज भी
अनगिनत जख्म खाये हो ।
शायद आज बच्चों के लिए तुम पुराने फटे हुए टायर
हो ।
जिनका वक़्त बीतने के बाद कोई काम नहीं रहता
आज तुम घर के दालान में पड़े हुए कैक्टस के
सूखे हुए काँटे हो।।

नश से दूर रहें, परिवार सुरक्षित रखें

नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं होता, बल्कि इसका असर पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है नशे की आदत इंसान की सोच, सेहत और व्यवहार को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है। जिससे घर का माहौल बिगड़ता है। और आर्थिक व मानसिक परेशानियां बढ़ती है। कई बार नशे की वजह से छोटे-छोटे विवाद बड़े हादसों में बदल जाते हैं। और बच्चों पर इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम नशे से खुद भी दूर रहें और दूसरों को भी दूर रखे। और इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरुक करें।

- पवन यादव, सरकंडा, बिलासपुर

देखकर तुम्हारा आइना
फिर कहां देखा आइना ।
दिल की जमीं पे गुलाब
जनवरी से यही फरियाद ।
तुम से ही जो हुए हम
फिर ना रह गए अहम ।
जाते सलाम आते पैगाम
हमारी ओर से राधे श्याम ।
अंतरमं में रखो न मलाल
सबको बधाई नया साल ।

- सुरेश वैष्णव

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने कामों में जुटे रहेंगे, जिसका परिणाम भी आपको अच्छा मिलेगा। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे हो सकते हैं।

वृष: आज का दिन आपके जीवन स्तर में सुधार लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को पूरा करने के लिए आपको अपने जूनियर की मदद लेनी पड़ सकती है।

मिथुन: आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं और आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार भी आएंगे। हालांकि किसी भी फालतू या बेवजह के मामले में बोलने से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा।

कर्क: आज का दिन थोड़ा चिंता भरा रह सकता है। आप अपने कामों में बदलाव करने की सोचेंगे, लेकिन फिलहाल वह निर्णय ज्यादा लाभदायक नहीं रहेगा।

सिंह: आज का दिन आपको अपने कामों में पूरी एकाग्रता के साथ जुटने की सलाह देता है। कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता भरा रहने वाला है। एक साथ कई काम आने से थोड़ी बेचैनी और भागदौड़ बढ़ सकती है। व्यापार से जुड़े निर्णय भी आपको सोच-समझकर लेने होंगे।

तुला: आज आपके विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप अपनी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह खोलने वाला है। एक के बाद एक अच्छी खबरें मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

धनु: आज का दिन खर्चों से भरा रह सकता है, इसलिए आपको अपने बजट का खास ध्यान रखना होगा। यदि आपका कहीं धन अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना बन रही है।

मकर: व्यापार से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से खुशखबरी मिलने के संकेत हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपको गर्व महसूस होगा।

कुंभ: आज यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ है तो उसे पूरा करने में थोड़ी मुश्किल आ सकती है। नौकरी में भी कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन धैर्य बनाए रखें।

मीन: आज का दिन आपके लिए आध्यात्मिक कार्यों से जुड़कर सम्मान और पहचान प्राप्त करने वाला है।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) होया नागाइनसिस किस राज्य में खोजी गई नई पौधों की प्रजाति है?

2) जे.सी. डेनियल पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया है?

3) पुरुष हॉकी इंडिया लीग 2026 का खिताब किस टीम ने जीता?

4) गणतंत्र दिवस परेड 2026 में प्रथम पुरस्कार किस राज्य की झांकी ने जीता?

5) रूद्र आर्म्ड हेलीकॉप्टर उड़ाने के लिए क्वालिफाई होने वाली भारतीय सेना की पहली महिला अधिकारी कौन बनी हैं?

उत्तरमाला- (1) नागालैंड (2) शारदा (3) कलिंगा लांसर्स (4) महाराष्ट्र (5) हंसजा शर्मा

पहेली

शब्द सामर्थ्य -356

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026: भारत्तोलन पुरुष 88 किग्रा वर्ग में अरुणाचल के रुबा ताडु बने चैंपियन

■ **देवराकोंडा प्रेम सागर और सोरम हिटलर टाग्रू ने दिखाया दमखम, रायपुर में शानदार प्रतिस्पर्धा का रहा रोमांच**

रायपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल मैदान रायपुर में आयोजित पुरुष 88 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और कड़े मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतिस्पर्धा में अरुणाचल प्रदेश के रुबा ताडु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 274 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 117 किग्रा तथा क्लीन एंड जर्क में 157 किग्रा वजन उठाकर शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया।

दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश के देवरकोंडा प्रेम सागर रहे, जिन्होंने कुल 270 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं अरुणाचल प्रदेश के ही सोरम हिटलर टाग्रू ने 262 किलोग्राम के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में ओडिशा के सनातन मलिक (249 किग्रा) चौथे स्थान पर रहे, जबकि असम के प्रीतम सोनोवाल (248 किग्रा) ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश के पृथ्वीराज चौहान (226 किग्रा) छठे स्थान पर रहे। इसके अलावा त्रिपुरा के डेनियल जमातिया (192 किग्रा), गोवा के एलेस्टर गोम्स (152 किग्रा), तेलंगाना के सिद्दाबोइना नवीन (146 किग्रा) और छत्तीसगढ़ के छत्रपाल ठाकुर (130 किग्रा) ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने प्रदर्शन से अनुभव हासिल किया।

इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया। आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दिया, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों के बीच खेल भावना और एकता को भी मजबूत किया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के इस आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि आदिवासी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

रायपुर में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 13 फरवरी 2026 से आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 तय की गई है, इसलिए युवाओं को समय रहते आवेदन करने की सलाह दी गई है।इस भर्ती के लिए 17 वर्ष 6 महीने से 21 वर्ष तक के युवा पात्र हैं। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो 8वीं पास से लेकर स्नातक या डिप्लोमा धारक उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का अच्छा अवसर है।

कलेक्टर ने दिए अहम निर्देश-कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के युवाओं की मदद के लिए ब्लॉक स्तर पर व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय, नगरीय निकाय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय, आईटीआई, जनपद पंचायत और नगर पंचायतों में जाकर आवेदन से जुड़ी जानकारी और मार्गदर्शन ले सकते हैं।यदि किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में परेशानी होती है, तो वह रोजगार कार्यालय रायपुर में बनाए गए हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकता है। यहां सेना भर्ती से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

31 मार्च तक टैक्स नहीं चुकाया तो सील होगी संपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम बकाया टैक्स वसूली के लिए बड़े बकायादारों से सीधे संपर्क कर रही है। मोबाइल कॉल और मैसेज के जरिए उन्हें बकाया राशि तुरंत जमा करने के लिए कहा जा रहा है। साथ ही साफ चेतावनी दी जा रही है कि भुगतान नहीं करने पर कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई की जाएगी। निगम के सभी जोन कार्यालयों के राजस्व काउंटर 28 मार्च (शनिवार), 29 मार्च (रविवार) और 31 मार्च (महावीर जयंती) को भी खुले रहेंगे। इन दिनों आम दिनों की तरह ही टैक्स जमा किया जा सकेगा।

'मोर रायपुर' ऐप से भी ऑनलाइन भुगतान-इसके अलावा 'मोर रायपुर' ऐप और निगम की वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी लगातार उपलब्ध है। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे घर बैठे ऑनलाइन भुगतान कर इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं और कार्रवाई से बचें, निगम का फोकस ऐसे बकायादारों पर है, जो लंबे समय से भुगतान नहीं कर रहे हैं।निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि, 31 मार्च 2026 तक टैक्स जमा नहीं करने पर 17 प्रतिशत अधिभार के साथ वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इससे बचने के लिए सभी संपत्तिकरदाताओं से समय पर भुगतान करने की अपील की गई है।

हनुमान जयंती 2 अप्रैल को :

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान जयंती पर मंगल का मीन राशि में

प्रवेश एक दुर्लभ और शुभ संयोग बना रहा है, जहां शनि पहले से विराजमान हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की चाल का हमारे जीवन पर गहरा असर पड़ता है। जब भी कोई बड़ा ग्रह अपनी राशि बदलता है, तो उसका प्रभाव पूरी दुनिया के साथ-साथ व्यक्ति की किस्मत पर भी पड़ता है। इस बार चैत्र मास की पूर्णिमा यानी 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर एक अत्यंत शुभ और दुर्लभसंयोग बन रहा है। हनुमान जयंती पर मंगल ग्रह मीन राशि में प्रवेश करने. जा रहे हैं। मंगल ग्रह को ऊर्जा और साहस का कारक माना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण गोचर, संध्या 5 बजकर 38 मिनट तक रहेगा हस्त नक्षत्र योग...। **इन राशियों को विशेष लाभ**-ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यह गोचर वृषभ, मिथुन, सिंह और तुला राशि के जातकों के लिए फलदायी सिद्ध होगा। इन जातकों को कॅरियर में तरक्की, व्यापार में भारी मुनाफा और पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। हनुमंत कृपा से इनके पुराने संकट दूर होंगे और धन-संपत्ति में अपार वृद्धि के योग बनेंगे। इन राशियों के डर और भय दूर होंगे और धन-संपत्ति में अपार वृद्धि होगी।

पूर्णिमा तिथि प्रारंभ और समापन-पूर्णिमा तिथि प्रारंभः 1 अप्रैल, सुबह 7 बजकर 6 मिनट पूर्णिमा तिथि समापनः 2 अप्रैल, सुबह 7 बजकर 41 मिनट उदया तिथिः 2 अप्रैल

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग: प्रयोगशाला परिचारक भर्ती काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा संचालनालय ने प्रयोगशाला परिचारक के पदों पर सीधी भर्ती के लिए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का इंतज़ार खत्म कर दिया है। संचालनालय द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, मेरिट सूची में स्थान पाने वाले 430 अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 01 और 02 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।काउंसलिंग प्रक्रिया नवा रायपुर स्थित इन्द्रावती भवन के ब्लॉक-3 पर संचालित होगी। काउंसलिंग को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए इसे दो दिनों में और कुल चार पालियों में विभाजित किया गया है। ज्ञात हो कि यह काउंसलिंग पूरी तरह से मेरिट और रोस्टर के नियमों के आधार पर की जा रही है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित रैंक के अनुसार तय तिथि और समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

प्रदेश में प्रदूषण के खिलाफ बड़ा एक्शन, 13 उद्योगों पर लगाया जुर्माना

पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 30 उद्योगों का उत्पादन बंद कराया, बिजली भी काट दी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण मंडल लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच जनबरी से लेकर अब तक कई उद्योगों को जारी नोटिसों के बावजूद संतोषजनक सुधार नहीं करने, मंडल की सम्मति के बिना संचालन तथा शिकायतों में प्रदूषण पाए जाने के कारण अब तक 30 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा चुकी है।

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर द्वारा औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय अनुपालन की सतत निगरानी के तहत व्यापक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा जल एवं वायु प्रदूषणकारी उद्योगों का नियमित निरीक्षण कर उल्लंघन पाए जानें, बा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 एवं जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

13 उद्योगों पर 28 लाख 92 हजार जुर्माना

मंडल ने स्पष्ट किया है कि, जब तक संबंधित उद्योग सभी पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक सरोकार उन्हें संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के मामलों में 13 उद्योगों पर कुल 28 लाख 92 हजार रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति भी अधिरोपित की गई है। मंडल ने जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सभी औद्योगिक इकाइयों एवं संबंधित विभागों से नियमों का कड़ाई से पालन करने और प्रशासनिक निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि, उल्लंघन करने वाली इकाइयों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

इन उद्योगों पर कसा शिकंजा

मंडल के मुताबिक जनवरी 2026 से अब तक प्रदूषण की स्थिति पाए जानेगर 23 उद्योगों के विरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें उरला एवं सिलतरा औद्योगिक क्षेत्रों के प्रमुख स्पंज आयरन उद्योग- वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शिल्फी स्टील्स प्रा. लिमिटेड एवं एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड शामिल हैं।

जारी नोटिस के बाद भी कोई सुधार नहीं

इसके अलावा सारडा एनर्जी मिनरल्स लिमिटेड के विरुद्ध बिना अनुमत फ्लाई ऐश डम्पिंग के मामले में भी नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस के बावजूद संतोषजनक सुधार नहीं करने, मंडल की सम्मति के बिना संचालन तथा शिकायतों में प्रदूषण पाए जाने के कारण अब तक 30 उद्योगों के विरुद्ध उत्पादन बंद करने एवं विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जा चुकी है।

सरगुजा में आकाशीय बिजली गिरने से बच्ची की मौत

■ **बारिश से बचने पेड़ के नीचे खड़ी थी, रायपुर में आज भी अलर्ट, 2-3 डिग्री गिरेगा पारा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान फिलहाल सामान्य बना हुआ है। प्रदेश में शुक्रवार को एक से दो जगहों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग की माने तो अगले 4 दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। लेकिन इसके बाद तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे ज्यादा तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।

इससे पहले रायपुर में अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। पश्चिम बंगाल से ओडिशा तक बने ट्रफके असर से प्रदेश के सेंट्रल और साउथ के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश की आशंका जताई गई थी। वहीं सरगुजा में शाम को तेज आंधी बारिश के दौरान बिजली गिरने से एक नाबालिग बच्ची की मौत हो गई।

नाबालिग बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ी थी। दूसरे पेड़ के नीचे खड़ी 2 लड़कियां भी चपेट में आ गईं, लेकिन वे बच गईं। मामला लुंड्रा थाना क्षेत्र का है।

रायपुर में बादल छाए रहेंगे

पिछले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ में एक-दो जगहों पर बहुत हल्की से हल्की बूंदाबांदी हुई है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों का आउटलुक जारी किया है, जिसके मुताबिक प्रदेश में बहुत हल्की से हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी।

कुछ स्थानों पर बिजली चमकने के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की तेज हवाएं चल सकती हैं। रायपुर में बादल छाए रहेंगे। बारिश या गरज-चमक के साथ आंधी चल सकती है। अधिकतम तापमान 39°C और न्यूनतम तापमान 25°C के आसपास रहने की उम्मीद है।

वल्लभनगर केंद्र के उत्सव में विविध रंग

■ **महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने हल्दी कुंकू के साथ खेले रोचक गेम्स**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर केंद्र से जुड़ी महिलाओं ने संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में उत्सव मनाने के लिए पहुंचीं। एक ओर जहां महिलाओं ने चैत्र गौर हल्दी कुंकू का आयोजन किया। वहीं दूसरी ओर आयोजन में महिला सम्मान, कन्या पूजन, महिला दिवस, रोचक गेम्स, होली मिलन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई। इसका केंद्र की महिलाओं ने जमकर लुत्फ उठाया। महिला प्रमुख और वल्लभनगर की विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि केंद्र की महिलाएं उत्सव मनाने के लिए संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में जुटीं। कार्यक्रम की शुरुआत आठ वर्षीय नन्हीं शीतल की ओर से हनुमान चालीसा पाठ से हुई। इसके बाद केंद्र की सदस्यों ने शीतल का कन्या पूजन कर उसे सम्मानित किया। इस अवसर पर चैत्र गौर भी स्थापित किया गया। सभी महिलाओं ने उसका पूजन किया। महिलाओं ने स्कूल की आया बाई को साड़ी और सुहाग की चीजें उपहार स्वरूप भेंट की।

विशाखा के अनुसार महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए वरिष्ठ महिला पत्रकार लक्ष्मी कुमार को भी सम्मानित किया गया। लक्ष्मी ने इस दिलचस्प आयोजन की प्रशंसा की। रोचक गेम्स की श्रृंखला की शुरुआत गानों की लाइन से पक्षी, खाने- पीने की वस्तुएं खोजने से की गई। इसमें प्रथम अर्चना जतकर, द्वितीय माधुरी गाडगिल और तृतीय कांचन पुसदकर रहीं। दूसरे गेम 'बुरा न मानो होली' का था। इसमें होली से संबंधित 11 चीजों में से केवल तीन को लिखना था।

रायपुर की महिला पत्रकारों का सतरेंगा टूर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर प्रेस क्लब की एक सराहनीय पहल के तहत आज राजधानी की महिला पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल कोरबा के खूबसूरत पर्यटन स्थल सतरेंगा के शैक्षणिक और मनोरंजक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इस विशेष यात्रा का उद्देश्य महिला पत्रकारों को उनकी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत देते हुए उन्हें प्रकृति के बीच सकारात्मक, सुकूनभरा और प्रेरणादायक समय देना है। रायपुर से इस यात्रा की शुरुआत सादगीपूर्ण लेकिन उत्साह से भरे माहौल में हुई। महिला पत्रकारों के इस टूर का नेतृत्व संयुक्त सचिव निवेदिता साहू कर रही है,, इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा और कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, सयुक्त सचिव भूपेंद्र जांगड़े ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जैसे सतत सक्रिय और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में काम करने वालों के लिए ऐसे आयोजन नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं। इस भ्रमण में रायपुर की करीब 26 महिला पत्रकार शामिल हैं। सतरेंगा की हरियाली, शांत जलाशय और आकर्षक वाटर पार्क के बीच यह यात्रा सिर्फ घूमने-फिरने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सीखने, समझने और आपसी अनुभव साझा करने का एक बेहतर अवसर भी बनेगी। प्रतिभागी प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ-साथ विभिन्न सामूहिक गतिविधियों और संवाद सत्रों में भी हिस्सा लेंगी, जिससे उन्हें अपने पेशेवर जीवन में नई दृष्टि और प्रेरणा मिलेगी।

इसी क्रम में आज शाम कोरबा में एक विशेष संवाद कार्यक्रम आज की शाम चाय पर का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में रायपुर की महिला पत्रकारों का दल कोरबा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और पत्रकार साथियों से मुलाकात करेगा। यह आयोजन शाम 5 बजे प्रेस क्लब, तिलक भवन, कोरबा में होगा, जहां दोनों शहरों के पत्रकार आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान और समन्वय को मजबूत करेंगे।

प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि ऐसे आयोजन न केवल आपसी रिश्तों को मजबूती देते हैं, बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में नई सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देते हैं। भविष्य में भी इसी तरह के रचनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि पत्रकारों को एक बेहतर मंच मिल सके, जहां वे सीखते हुए आगे बढ़ सकें।

पेट्रोल, डीजल पर एक्साइज की कमी से जनता को फायदा नहीं : कांग्रेस

रायपुर/ नवप्रदेश। पेट्रोल-डीजल के विशेष एक्साइज कटौती का जनता को कोई फायदा नहीं मिला है। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि 24 घंटे हो गये लेकिन अभी भी पेट्रोल और डीजल के दाम जस के तस है। भाजपाई नेता, मुख्यमंत्री, मंत्री सभी एक्साइज कटौती का एहसान जता रहे है। यह कटौती जनता के लिए नही सरकार ने चुनावी राज्य में होने वाले डैमेज कंट्रोल के लिये किया है, केवल पेट्रोलियम कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिये किया गया है। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि डीजल को स्पेशल एडिशनल एक्साइज मुक्त तथा पेट्रोल पर एक्साइज में 10 रू. की कटौती कर मोदी सरकार ने जनता पर एहसान नहीं किया है। यह राहत तेल कंपनियों के मुनाफे में एडजस्ट होगा। मोदी सरकार 2020 से लेकर अभी तक डीजल, पेट्रोल पर बेतहाशा एक्साईज ड्यूटी लगा कर 12 साल में 44 लाख करोड़ रू. की कमाई आम जनता से किया है।

स्वास्थ्य विभाग के पदस्थापना में हुआ भारी भ्रष्टाचार: कांग्रेस

रायपुर/ नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने पिछले सप्ताह स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी प्रति नियुक्ति पदस्थापना के आदेश की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि

इससे पूरे स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक अफरा तफरी मच जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे वसूली की एक और खिड़की खुलने की पूरी संभावना है। यह आदेश भ्रष्टाचार के उद्देश्य से निकाला गया प्रतीत होता है। डॉ राकेश गुप्ता ने परंपराओं के पालन करने की सलाह देते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मांग किया है कि स्वास्थ्य विभाग के सभी पदों पर पिछले ढाई वर्षो से प्रमोशन नहीं हुए हैं सभी विभागों में समयबद्ध प्रमोशन किए जाने चाहिए ।

खेल: आर्थिक चुनौतियों को मात देकर संघर्ष और मेहनत राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

वेटलिफ्टिंग में पहचान बना रहे झारखंड के बाबूलाल हेम्ब्रम

रायपुर/नवप्रदेश। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद झारखंड के युवा वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम अपने संघर्ष और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। रामगढ़ जिले के केरिबांदा गांव से आने वाले बाबूलाल आज एक-एक पदक के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

कोच गुरविंदर सिंह की सलाह पर वेटलिफ्टिंग को अपनाने वाले बाबूलाल के लिए शुरुआती दौर बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। संसाधनों की कमी के कारण उन्होंने निर्माण स्थलों पर बांस और लोहे की रॉड से अभ्यास शुरू किया। बाद में उन्होंने झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश लिया, जहां वे प्रतिदिन लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे।

19 वर्षीय बाबूलाल ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर रही है। उनकी मां स्थानीय स्कूल में रसोइया हैं, जबकि पिता छोटे-मोटे काम करते हैं। इन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और खेल के प्रति अपने समर्पण को बनाए रखा।

बाबूलाल हेम्ब्रम ने 2024 में चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में 49 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके साथ ही उन्होंने आईडब्ल्यूएफ वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप और एशियन जूनियर एवं यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भी पदक हासिल किए हैं।

वर्तमान में बाबूलाल खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर सुर्खियों में हैं। यह उपलब्धि उनके आत्मविश्वास को और मजबूत करने वाली साबित हुई है।

फिलहाल वे पटियाला में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हैं और सीनियर स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। बाबूलाल का लक्ष्य कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और विश्व चैंपियनशिप जैसे बड़े मंचों पर देश का नाम रोशन करना है।

कवर्धा जिले में 8 बंदरों की रहस्यमयी मौत

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा के कुई क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां गुरुवार शाम कदम के पेड़ पर बैठे 8 बंदर अचानक एक-एक कर नीचे गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदर पेड़ पर सामान्य रूप से बैठे हुए थे, तभी अचानक वे गिरने लगे। पास स्थित कॉलेज के अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पंडरिया के अनुविभागीय अधिकारी सुयेश दिवान, रेंजर पल्लवी, डिप्टी रेंजर संतोष सोनी, वन रक्षक जितेंद्र चंद्राकर एवं पांडातराई रेंज के कय्यूम खान मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

न्यूज गैलरी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने उप अभियंता को जारी किया नोटिस

अम्बिकापुर /नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड अम्बिकापुर में कार्यरत एक ठेकेदार द्वारा भुगतान में विलंब को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दिए जाने का मामला सामने आया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, ठेकेदार श्री रजनीकांत ने 27 मार्च को विभाग को दिए गए पत्र में आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर देयक तैयार करने में अग्रिम कमीशन की मांग, ब्लैकमेलिंग एवं मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। ठेकेदार का कहना है कि लगभग 65 लाख रुपये के कार्य के एवज में अब तक केवल 22 लाख रुपये का ही भुगतान किया गया है, जबकि शेष राशि एक वर्ष से लंबित है। पत्र में ठेकेदार ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो वे 30 मार्च को दोपहर 1 बजे कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करेंगे।मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड अम्बिकापुर ने संबंधित उप अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त जवाब के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सरगुजा की बेटियों ने जीता कांस्य पदक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा जिले की बेटियों ने 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई, जहां छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने जुझारू खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सेमीफाइनल में पंजाब के खिलाफ24-17 से हार मिलने के बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी। पांडीचेरी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में दी शिकस्त तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने बेहद कड़े संघर्ष के बाद पांडीचेरी को पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से बालिका वर्ग में सिमरन भगत एवं रुद्राक्षी जैन का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। सिमरन माउंट लिटर ज़ी स्कूल एवं रुद्राक्षी मोंटफोर्ट स्कूल अंबिकापुर में अध्यनरत है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। संघ के सचिव रजत सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में कराया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश टीम में हुआ था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व जांजगीर के खोखरा में आयोजित 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस उपलब्धि पर संघ के के.पी सिंह, गौरव सिंह, सौरभ सिंहा, हिंमाशु जायसवाल, नेहा सिंह, खुशबू गुप्ता समेत सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार व स्कूल के प्राचार्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।

चिकित्सा अवकाश आवेदनों के परीक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं भारत के महारजिस्ट्रार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा अवकाश संबंधी समस्त आवेदनों के परीक्षण एवं सत्यापन के लिए जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में श्री मूलचंद चोपड़ा, जिला जनगणना अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दंतेवाड़ा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सिविल सर्जन), जिला दंतेवाड़ा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उक्त समिति प्राप्त आवेदनों पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का परीक्षण कर अपना अभिमत प्रस्तुत करेगी तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त करने संबंधी निर्णय सुनिश्चित करेगी।

घरेलु गैस, पेट्रोल-डीजल आपूर्ति के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित

बीजापुर / नवप्रदेश। पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के मद्देनजर राज्य शासन ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश में घरेलु गैस, पेट्रोल एवं डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य विभाग संचालक की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को आवश्यक ईंधन की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर त्वरित सहायता प्रदान करना है। इसके साथ ही, राज्य सरकार द्वारा 18002333663 नंबर पर आपातकालीन राज्य सहायता केंद्र भी शुरू किया गया है। जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज कराकर मदद प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान परिस्थितियों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जा रही है और किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार की इस पहल से आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद है और संकट की स्थिति में आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

ग्राम पालनार में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित

बीजापुर। ग्राम पालनार में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन शिखर युवा मंच द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से एसबीआई Sanjeevani संजीवनी क्लिनिक आन व्हील्स के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 148 ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं परिचय के साथ की गई, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया। इसके अंतर्गत घर एवं आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने, नियमित सफाई करने तथा बीमारियों से बचाव के उपायों पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को झाड़ू एवं डस्टबिन के सही उपयोग के बारे में समझाया गया और कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय निर्धारित स्थान पर डालने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान कचरा प्रबंधन पर विशेष जानकारी दी गई।

बीजापुर में मशरूम खेती की नई राह: किसानों को मिला प्रशिक्षण और स्पॉन

बीजापुर / नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र, बीजापुर में मशरूम उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-आदान वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हरविंदर कुमार सिंह वैज्ञानिक, मशरूम उत्पादन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. शमशेर आलम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीजापुर क्षेत्र के लिए उपयुक्त मशरूम प्रजातियों एवं उत्पादन लागत की विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि धान का पुआल, गेहूं का भूसा जैसे कृषि अवशेषों का उपयोग कर आसानी से मशरूम उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने इसे उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन का स्रोत बताते हुए कुपोषण दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मशरूम उत्पादन के बाद बचा हुआ अवशेष उच्च गुणवत्ता की केंचुआ खाद वर्मी कम्पोस्ट बनाने में उपयोगी होता है, जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. राजकमल पटेल ने मशरूम उत्पादन से प्राप्त खाद के प्राकृतिक एवं जैविक खेती में महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में विभिन्न ग्रामों से आए 50 से अधिक किसानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं प्रगतिशील किसान बंधुओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की प्रायोगिक जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मशरूम स्पॉन एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में डॉ. मिथिलेश कुमारख् डॉ. भूपेंद्र, डॉ. सुनीता पटेल, श्री अरविंद आयाम, डॉ. दिनेश कुमार मारापी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों के लिए आय के नए स्रोत खोलने और क्षेत्र में पोषण एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

वन्य प्राणी की सुरक्षा और जंगलों में आग से बचाव गांवों में अभियान

नुक्कड़ नाटक से जंगल बचाने की मुहिम ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

बीजापुर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री श्री केदार कश्यप की मंशा के अनुरूप, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी एवं जैव विविधता संरक्षण) श्री अरुण पाण्डे के मार्गदर्शन तथा मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन एवं क्षेत्रीय निदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व जगदलपुर सुश्री स्टाइलो मण्डावी एवं उप निदेशक श्री संदीप बलगा (भा.व.से) के निर्देशन में इंद्रावती टाइगर रिजर्व, बीजापुर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत विभिन्न हाट बाजारों और गांवों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यप्राणी संरक्षण एवं जंगलों में आग से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व घने जंगलों और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। जहां औषधीय पौधे, जड़ी-बूटियां, लघु वनोपज के साथ-साथ वन भैंसा, बाघ, तेंदुआ, भालू, चीतल, गिद्ध, उदबिलाव सहित अनेक दुर्लभ वन्यप्राणी पाए जाते हैं।

नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि वनों के विनाश से पर्यावरण असंतुलन, जल संकट और भूमि क्षरण जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने, जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा करने तथा आग से बचाव के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान में विशेष रूप से महुआ बीनने के दौरान पेड़ों के नीचे आग न लगाने, तेंदूपत्ता तोड़ाई के समय सही तरीके अपनाने और पारंपरिक तरीकों से वन्यजीवों का शिकार न करने की अपील की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को यह भी समझाया जा रहा है कि जंगल में आग लगाना या जलती आग को छोड़ देना गंभीर अपराध है।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, इको विकास समिति के सदस्य तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में हिंदी, हल्बी, गोंडी और तेलुगु भाषाओं में जागरूकता संदेश दिए जा रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि जंगल में आग न लगाएं और यदि कहीं आग लगती है तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें और आग बुझाने में सहयोग करें।

यह जागरूकता अभियान भोपालपटनम, मद्देड़, नैमेड़, फरसेगढ़, मोदकपाल, तोयनार, भैरमगढ़, कुटरू, बीजापुर सहित कई क्षेत्रों के हाट बाजारों और गांवों में चलाया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक का मंचन रासपरब सांस्कृतिक संस्था जगदलपुर द्वारा श्री आशुतोष प्रसाद एवं श्री राकेश यादव के निर्देशन में किया जा रहा है।

मवेशियों की तस्करी, 3 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर /पखांजूर/नवप्रदेश। रामनवमी पर पखांजूर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली छोटा हाथी में 03 गौ तस्कर गाय को क्रूरता पूर्वक लेकर जा रहे 2।पखांजूर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर 03 गौतस्करों को गिरफ्तार कर 03 मवेशी एवं वाहन सहित 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पखांजूर पुलिस से मिली जानकारी अनुसार निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक के निर्देशाननुसार राकेश कुर्रे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर के मार्गदर्शन व रवि कुजूर अनु.अधि.पुलिस पखांजूर के पर्यवेक्षण मे थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व मे टीम गठित किया गया। टीम ने 26 मार्च (रामनवमी) को सूचना प्राप्त हुई कि एक छोटा हाथी वाहन में गौ तस्करी की जा रही है।पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वाहन क्रमांक एमएच 33 ज्ञ 6556 को रोककर जांच की गई, जिसमें 03 गौवंश को क्रूरता पूर्वक बांधकर ले जाया जा रहा था।आरोपियों द्वारा महाराष्ट्र के रास्ते तेलंगाना के बूचड़खाने ले जाने की बात स्वीकार की गई।मवेशी तस्करी में गिरफ्तार आरोपियो में नरेश अरुण मराठे (29 वर्ष)सुशील लक्ष्मण पेंदाम (23 वर्ष)विनोद शरद मेश्राम (35 वर्ष) (सभी निवासी जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र)जब्ती 03 नग मवेशी 01 छोटा हाथी वाहन धारा 4, 6, 10 कृषक पशु संरक्षण अधिनियम 2011,धारा 11(1) घ पशु क्रूरता अधिनियम 1960,धारा 3(5) की धारा के तहत कार्यवाही किया जा रहा है।पुलिस टीम निरीक्षक लक्ष्मण केवट पुरूषोत्तम ठाकुर प्रधान आरक्षक रविन्द्र ठाकुर भुवन देहारी सहित थाना पखांजूर की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

खरोरा मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान

खरोरा / नवप्रदेश। खरोरा मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग संपन्न रायपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत खरोरा मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री (ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़) श्री अशोक सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर महिला से दुष्कर्म मामले में कांग्रेस ने फूंका पुतला

कांकेर/नवप्रदेश। जिला मे एक महिला के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष के शारीरिक शोषण का मामला उजागर होने के बाद जिला कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन से मांग किया है की आरोपी भाजपा नेता पर तुरंत कानूनी कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही की मांग किया गया है। दुराचारी भाजपा नेता की घटना के विरोध मे कांग्रेस पार्टी ने पुराना बस स्टैंड में भाजपा नेता का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने बताया की भाजपा की चाल चेहरा उजागर हो गया है. जो भाजपा महिला सशक्तिकरण की बातें प्रचार करते नहीं थकती है उसी भाजपा नेता का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है. सिर्फभाजपा के जिला उपाध्यक्ष ही नहीं आज भाजपा के सबसे बड़े नेता भी है।

भाजपा की विचारधारा ही महिला विरोधी है।भाजपा नेता अपने राजनैतिक प्रभाव का दुरपयोग महिला के साथ शारीरिक शोषण करने के लिये करते है।उन्होंने कहाँ कि यही भाजपा का असली चेहरा है. इस पीड़ित महिला कि शिकायत नहीं करने के लिये डराया और धमकाया जा रहा हैं. जो पूरी तरह से तानाशही प्रवृति को दर्शाता है।कांग्रेस पार्टी ने आरोपी पर कानूनी कार्यवाही कर गिरिफ्तार करने कि मांग किया है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर जिला महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा अजय भास्वानी संग्राम नेताम मृदुला भास्कर,मनोज जैन,शहर अध्यक्ष यासीन करानी, लोमेंद्र यादव, इसहाक अहमद, विजय यादव महिला अध्यक्ष भरती सलाम यास्मीन खान रोशन आरा, हुस्ना बेगम,विनी सिंह, सरजू शोरी, मुकेश तिवारी,दीपक शोरी, ओम प्रकाश देवांगन, लतीफ मेमन,कमल नागवंशी,मतीन खान ,सोमेश सोनी, शेखर सलाम,बाबा ठाकुर, खोमेंद्र उयेके, शिवंकित श्रीवास्तव, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष जीसान अली, अभय राय, पवन कांगे, निर्भय राव, आदि उपस्थित थे।

शदाणी दरबार के संतश्री युधिष्ठिर लालजी का कांकेर में भव्य स्वागत

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के लिए यह गौरव का विषय है कि गत दिवस जगदलपुर से रायपुर जाते हुए शदाणी दरबार रायपुर के प्रमुख संत शिरोमणि डॉ युधिष्ठिरलाल जी कुछ समय के लिए काँकेर के माकड़ी भोजनालय में रुके जहां उनके भक्तों की भीड़ लग गई । इनका समाचार सुनकर जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी भी अपने साथियों सहित माकड़ी भोजनालय पहुंचे। वहां अजय पप्पू मोटवानी के अलावा मनोज दुबे, मुकेश खटवानी तथा सरदार हरनेक सिंह ने संत श्री का हार्दिक स्वागत किया और सब ने चरण छूकर उनके आशीर्वाद लिए। संत युधिष्ठिर लाल जी अपने साथ दरबार की पत्रिका भी लाए थे, जिसे उन्होंने श्रद्धालुओं में वितरित किया, जिसे भक्तों ने आभार सहित ग्रहण किया।जन सहयोग द्वारा विगत 23 वर्षों में की गई विभिन्न समाज सेवाओं का भी ज़िक्र हुआ।जिस पर संतश्री को अत्यंत प्रसन्नता हुई।अजय पप्पू मोटवानी एवं साथियों ने संत श्री को झूलेलाल साईं की मूर्ति स्मृतिचिन्ह के रूप में दी ,जिस पर प्रसन्न होकर उन्होंने सबको आशीर्वाद दिया। उल्लेखनीय है कि रायपुर छत्तीसगढ़ का शदाणी दरबार समस्त भारत तथा आसपास के देशों में भी प्रसिद्ध है। यहां से पाकिस्तान स्थित तीर्थो के लिए संतश्री के नेतृत्व में कई बार भक्तों के जत्थे जाकर हिंगलाज देवी एवं कटासराज मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। संतश्री का काँकेर आगमन एक यादगार रहेगा, जिसमें उन्होंने अपने मधुर व्यवहार से सबके हृदय जीत लिए।

उधार के दो हजार मांगना युवक को पड़ा भारी आरोपी ने चाकू से किया जानलेवा हमला

कांकेर/नवप्रदेश। संजय नगर में उधारी के पैसे मांगने पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी अकबर मेमन पिता असलम मेमन 32 वर्ष को घटना के दो घंटे के अंदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में घायल युवक दानिश अली (उम्र 22 वर्ष) निवासी संजयनगर का इलाज़ ज़िला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।संजय नगर में हुई चाकूबाजी की घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलि अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर घटना के 2 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसे 27मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। प्रार्थी एवं घटना में घायल दानिश अली संजय नगर ने कोतवाली पुलिस में 26 मार्च 2026 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने रमजान के दौरान आरोपी अखबर मेमन उर्फगुल्लू को ?2000 उधार दिए थे। राशि वापस मांगने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से लाल कपड़े में लिपटे धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया।

न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

-:: ईश्तहार ::-

कमांक क/वा/नजूल /2026, मुंगेली, दिनांक 19.03.2026

श्री मारूत सिंह पिता मनोहर सिंह, निवासी मोहल्ला सिंधी कालोनी शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ... आवेदक

बनाम

श्री विजयपाल सिंह पिता ईश्वर सिंह, निवासी मोहल्ला ग्राम नुनियाकछार मुंगेली तहसील, मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.) .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री मारूत सिंह पिता मनोहर सिंह, निवासी सिंधी कालोनी शंकर वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला सिंधी कालोनी मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 30, प्लाट नंबर 3/7 क्षेत्रफल 24 वर्गमीटर नजूल भूमि पर पंजीकृत बैनामा पत्र दिनांक 02.02.2026 के आधार पर आवेदक नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अन्तर्गत धारा 109, 110 भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 21.04.2026 को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा या अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 19.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

जारी दिनांक 24.03.2026
पेशी दिनांक 30.03.2026
रा.प्र.क्र. ब-121/2025-26

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम लमनी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका धरम सिंह पिता भादू राम जाति बैंगा निवासी ग्राम लमनी तहसील लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र / पुत्री / मां बिरसिया जन्म / मृत्यु दिनांक 15.09.2017 को ग्राम लमनी में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईशतहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 30.03.2026 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
लोरमी
जिला-मंगेली (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

निविदा संख्या:-761-अनूपपुर-ई.आई. दिनांक: 25.03.2026.

कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनूपपुर स्टेशन के यार्ड में इंजीनियरिंग अर्थवर्क के लिए एस एंड टी केबल्स क्लीयरेंस, यार्ड रीमॉडलिंग कार्य और नई वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के स्थापना/परीक्षण/कमीशनिंग का कार्य करना है।

निविदा मूल्य : ₹ 27,25,06,632.31/- (रुपये सत्ताईस करोड़ पचीस लाख छः हजार छः सौ बत्तीस रुपए और एकतीस पैसे मात्र)।

अमानत राशि : ₹ 54,50,200/- (रुपये चौवन लाख पचास हजार दो सौ मात्र)। **निविदा बंद करने का समय : 16:00** बजे दिनांक **17.04.2026।**

विस्तृत जानकारी ई-निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता निर्माण बिलासपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.IREPS.gov.in पर उपलब्ध हैं उससे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य सिग. एवं दूर. इंजी./निर्माण
सीपीआर/10/787 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

चैनपुर में 301.32 लाख की लागत से बनेगा भव्य जिपं भवन, स्वास्थ्य मंत्री ने किया भूमिपूजन

एमसीबी/नवप्रदेश। एमसीबी जिले के विकास इतिहास में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया। चैनपुर में 3 करोड़ 1 लाख 32 हजार की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का भव्य भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से आधारशिला रखी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले ने इसे जिले की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस भवन के बनने से जनसुनवाई और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। एसडीएम लिंगराज सिदार ने बताया कि शासन और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से तैयार होने वाला यह भवन जनकल्याण का केंद्र बनेगा। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिला पंचायत सदस्य अनीता चौधरी, अनीता सिंह, उजीत नारायण सिंह, रामजीत लकड़ा, सुखवंती सिंह, सरपंच मीना कुमारी, प्रकाश शुक्ला, प्रभारी सीईओ नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार और जनपद सीईओ वैशाली सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशासनिक व्यवस्था होगी सुदृढ़, विकास को मिलेगी गति

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चैत नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला पंचायत का यह नया भवन जिले के प्रशासनिक कार्यों को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के समृद्ध छत्तीसगढ़ के सपने को याद करते हुए कहा कि एमसीबी जिला प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। हरचौका राम गमन मार्ग, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और चिरमिरी का कोयलांचल क्षेत्र जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला रहे हैं।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जिले में स्वीकृत मानव संसाधन (सेवा प्रदाता एवं कार्यक्रम प्रबंधकीय पद) आरओपी वर्ष 2025-26 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु यह प्रक्रिया संचालित की जा रही है। 27 मार्च 2026 को आयोजित लिखित, कौशल एवं साक्षात्कार परीक्षा में विभिन्न पदों के लिए कुल 105 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें प्रोग्राम एसोसिएट-पीएचएन के 08, सीनियर लैब टेक्निशियन के 04, फार्मासिस्ट के 25, लैब टेक्निशियन के 61 एवं काउंसलर के 07 पदों के लिए परीक्षा परीक्षार्थियों द्वारा दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि परीक्षा परिणाम एवं उत्तर पुस्तिका जिले के वेबसाइट www.surguja.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।

महतारी वंदन योजना बनी सहारा मानकुंवर की प्रेरक सफलता कहानी

बलरामपुर/नवप्रदेश। विकासखंड वाड्रफनगर के ग्राम रघुनाथनगर की निवासी मानकुंवर के जीवन में महतारी वंदन योजना ने एक सकारात्मक बदलाव लाया है। इस योजना के अंतर्गत उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है, जो उनके लिए एक मजबूत सहारा बन गई है। पहले जहां घर की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण होता था, वहीं अब इस नियमित सहायता राशि से मानकुंवर अपने परिवार की आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर पा रही हैं। राशन, बच्चों की जरूरतें और दैनिक खर्च जैसे कार्यों में यह राशि उनके लिए काफी मददगार साबित हो रही है। केवल घरेलू खर्च ही नहीं, बल्कि खेती के समय भी यह राशि उनके लिए उपयोगी सिद्ध होती है। बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों में वह इस पैसे का उपयोग कर अपने खेतों की देखभाल बेहतर तरीके से कर रही हैं। इससे उनकी खेती में भी सुधार आया है और उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद बढ़ी है। मानकुंवर बताती हैं कि यह योजना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में भी सहायक रही है। अब वे आर्थिक रूप से पहले की तुलना में अधिक सशक्त महसूस करती हैं और परिवार की जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

जिले के गांवों में ओलावृष्टि

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में मौसम के बदले मिजाज ने अन्नदाताओं की कमर तोड़ दी है। जिले के करही, धपई, पंडर भट्ठा, छीतापुर, भरदा, खलबोरवा और आँराबाधा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में बीती रात हुई भारी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई है। खेतों में खड़ी फसलें ओलों की मार से पूरी तरह बिछ गई हैं, जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। क्षेत्र के इन गांवों में ओले इतने बड़े और सघन थे कि कुछ ही देर में खेत और सड़कें सफेद चादर से ढक गईं। दलहन, तिलहन और गेहूं की फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुँचा है। पंडरभट्ठा और भरदा के किसानों का कहना है कि फसलें कटने को तैयार थीं, लेकिन कुदरत के इस कहर. ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। खलबोरवा और आँराबाधा के प्रभावित किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि फसलों के साथ-साथ सब्जियों की बाड़ी को भी भारी नुकसान हुआ है।

भारतीय जनता पार्टी आईटी सेल में नई नियुक्तियां

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आईटी सेल के अंतर्गत सभी मण्डलों में संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति में मुंगेली नगर मण्डल के संयोजक रजनीश सिंह को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जारी सूची के अनुसार मुंगेली नगर मण्डल के संयोजक रजनीश सिंह एवं सह संयोजक अनिष जैन, मुंगेली ग्रामीण मण्डल के संयोजक ज्ञान सिंह राजपूत एवं सह संयोजक खुबी सप्रे, सेतगंगा मण्डल के संयोजक राजकुमार यादव एवं सह संयोजक रामचंद्र साहू, जरहागांव मण्डल के संयोजक जागेश्वर साहू एवं सह संयोजक जलेश्वर साहू, लौदा मण्डल के संयोजक संतोष साहू एवं सह संयोजक मोहित साहू, लोरमी उत्तर मण्डल के संयोजक घनश्याम यादव एवं सह संयोजक आशिष वर्मा, देवरहट मण्डल के संयोजक ललीत ठाकुर एवं सह संयोजक अरूण साहू, गोडखाम्ही मण्डल के संयोजक संजय कुमार चंद्राकर एवं सह संयोजक संजय साहू, डिंडौरी मण्डल के संयोजक उत्तम लोनिया एवं सह संयोजक धन्नु पाटले, पथरिया मण्डल के संयोजक ओमु दीवान एवं सह संयोजक निलेश कर्माकर तथा सरगांव मण्डल के संयोजक तरुण अग्रवाल एवं सह संयोजक निखिल कौशिक नियुक्त किए गए हैं। जिला संगठन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुनः बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया है कि नई आईटी सेल टीम डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी तथा पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगी।

श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि के महानवमी तिथि को शहर में परंपरागत ढंग से ताना बाना के साथ खप्पर पकड़ नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने रैली निकाली और मां महामाया मंदिर में पहुंच पूजा अर्चना किया। शहर के मायापुर से श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिवर्ष ताना बाना के साथ यह शोभायात्रा निकाली जाती है। ढोलक, झाल मंजिरा के साथ भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु झूमते हुए शामिल होते हैं। मान्यता के मुताबिक देवी सवार होने पर कई श्रद्धालु अपनी जीभ, गाल में लोहे की सरिया घुसाते हैं। देवी सवार होने के चलते श्रद्धालुओं को पीड़ा का एहसास नहीं होता है और न ही शरीर पर इसका कोई दुष्परिणाम। आज शोभायात्रा में भी कई श्रद्धालु गाल, जीभ को लोहे की सरिया से भेद कर साथ चलते रहे।

गांधी स्टेडियम में 30 राज्यों के 144 रेसलर्स दिखाएंगे दमखम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले का हृदय स्थल अम्बिकापुर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश के पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' की मेजबानी कर रहे छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में कुश्ती स्पर्धा का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। स्थानीय गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय समागम में देश के अलग-अलग राज्यों के जनजातीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

देशभर की प्रतिभाओं का जुटेगा महाकुंभ

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, झारखंड, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, गुजरात, ओडिशा, मिजोरम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मेजबान छग सहित कुल 144 रेसलर्स (पुरुष एवं महिला) हिस्सा ले रहे हैं। यह आयोजन जनजातीय युवाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा।

चार दिवसीय रोमांचः तीन चरणों में होंगे मुकाबले

28 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च तक चलने वाले इन मुकाबलों को प्रतिदिन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सुगमता बनी रहे, प्रथम चरण: प्रात: 08:00 बजे से 09:00 बजे तक, द्वितीय चरण: प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, तृतीय चरण: सायं 04:00 बजे से खेल समाप्ति तकडी डी स्पोर्ट्स पर लाइव प्रसारण इस भव्य आयोजन को 'भारत के जनजातीय खेल, छत्तीसगढ़ मा सुंदर मेल' की प्रेरणादायी टैगलाइन के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है। खेल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए व्यापक तैयारियां की गई हैं। गौरव की बात यह है कि इस आयोजन का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स और प्रसार भारती पर किया जाएगा, जिससे दुनिया भर के दर्शक सरगुजा की धरती पर हो रहे इस महाकुंभ को लाइव देख सकेंगे।

तैयारियां पूर्ण, खिलाड़ियों का स्वागत

खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, चिकित्सा और सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। सरगुजा अब अपनी पारंपरिक संस्कृति के साथ-साथ देश को नई खेल ऊर्जा देने के लिए तैयार है।

राजस्व पखवाड़ा का मेगा प्लानः अब गांव में ही होगा जमीन विवादों का हल

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। 'राजस्व पखवाड़ा' के तहत विस्तृत ग्रामवार शेड्यूल जारी कर दिया गया है, जिसके माध्यम से तहसील मनेंद्रगढ़ सहित जिले के 376 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और उनके गांव में ही समस्याओं का समाधान करना है।

3 चरणों में चलेगा अभियान

यह विशेष अभियान तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जाएगा:
*प्रथम चरण: 01 से 15 अप्रैल 2026 * द्वितीय चरण: 04 से 18 मई 2026 * तृतीय चरण: 01 से 15 जून 2026

इन गांवों में लगेंगे शिविर

घोषित कार्यक्रम के अनुसार मनेंद्रगढ़ तहसील के उजियारपुर, बरबसपुर, राधारमणनगर, सोनवर्षा, दरीटोला, नवापारा, महाराजपुर, लोहारी, सेमरा, हर्रा, अमृतधारा, नागपुर, सरभोका, मोरगा, सेंधा, चिरईपानी, बंजी, मुक्तियारपारा, सरोला, सलका, उदलकछार, नौगई, बेलबहरा, सिरौली, कोथारी, खैरबना, बरकेला, सिरियाखोह, चैनपुर, मेण्ड्राडोल, परसगढ़ी, चिउटीमार, पिपरिया, भलौर, हस्तिनापुर, डोमनापारा, लालपुर, साल्ही, कठौतिया, डंगौरा, बिछली, शंकरगढ़, चनवारीडांड, चौघड़ा, बौरीडांड, खोंगापानी, नई लेदरी, पुरानी लेदरी, मनेन्द्रगढ़, गिद्धडांड, झगराखाण्ड, तेंदूडांड, छिपछिपी, नारायणपुर, भौता, बुदेली और पाराडोल सहित अनेक गांवों में निर्धारित तिथियों पर शिविर लगेंगे।

अभियान के दौरान राजस्व अमला मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों का प्राथमिकता से निराकरण करेगा: नामांतरण और फौती नामांतरण बंटवारा और सीमांकन भू-अभिलेख सुधार ऋण पुस्तिका का वितरणअधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी।

जल संकट से निपटने जिले में विशेष प्रावधान लागू

सक्ती/नवप्रदेश। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा-03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण सक्ती जिले को दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 15 जुलाई 2026 तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त अधिनियम की धारा 06 के तहत निर्धारित अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई भी नया नलकूप पेयजल

अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं खोदा जा सकेगा। हालांकि एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में नलकूप खनन के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उन्हें इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजनी होगी। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती, डभरा एवं मालखरौदा को उनके संबंधित राजस्व अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इच्छुक आवेदक संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में मात्र 2 रुपये (दो रुपये) शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। श्रीराम जानकी मंदिर सोनारपारा में गाजे-बाजे के साथ भगवान श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक भजन-कीर्तन करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा शोहर, भजन-कीर्तन गाते रहे। मंदिर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार किया गया। लोग अपने घरों के सामने दिये जलाकर रामनवमी पर्व मनाते रहे। नगर के हृदय स्थल में विराजित श्रीराम जानकी मंदिर में मध्यान्ह 12 बजे अभिजीत मुहुर्त में श्रीराम जन्म महोत्सव धूम-धाम से बाजे-गाजे के साथ मनाया

गया। राम जन्मोत्सव के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर पर भय प्रगट कृपाला .... सस्वर पाठ किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। राम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीराम का षोडषोपचार से पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना महाआरती एवं विशेष प्रसाद वितरण किया गया। भगवान श्रीराम जी की महाआरती शंख, गाजे-बाजे एवं झालर घंटी किया गया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर भव्य आतिशबाजी एवं गाजे-बाजे के साथ श्री रामचंद्र भगवान के जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान को मौसमी फलों के भोग के साथ पंचामृत और पंजरी का विशेष प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचामृत, गुणाम, पंजरी, आदि का प्रसाद लगाया गया। महिला मण्डल समिति द्वारा राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोहर गाते हुए भजन कीर्तन किया गया।

जल जीवन मिशन में भुगतान विवाद पर ठेकेदारों का प्रदर्शन

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे ठेकेदारों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर नाराज ठेकेदारों ने शनिवार को विभागीय कार्यालय के सामने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ठेकेदारों का आरोप है कि पिछले डेढ़ साल से उनके कार्यों का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए है और लापरवाह अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है। दरअसल, पीएचई विभाग में काम करने वाले ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल से 27 मार्च को कलेक्टर सरगुजा के नाम ज्ञापन सौंपा था।अपने ज्ञापन में ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि उसके द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड अंबिकापुर मे जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है।

लोक सेवा गारंटी में लापरवाही पर कड़ा प्रहारः राजस्व निरीक्षक पर लगा जुर्माना

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय सीमा में काम न करना एक राजस्व निरीक्षक को भारी पड़ गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनेंद्रगढ़ ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने और आवेदक को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित राजस्व निरीक्षक पर आर्थिक दंड लगाया है। साथ ही, जुर्माने की राशि आवेदक को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश जारी किया है। ग्राम मनेंद्रगढ़ निवासी रमाशंकर गुप्ता ने अपनी भूमि (खसरा नंबर 343/23, रकबा 0.240 हेक्टेयर) के सीमांकन के लिए 22 फरवरी 2024 को विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया था। शासन के नियमों के अनुसार निर्धारित शुल्क जमा करने के बावजूद, राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा पिछले 8 महीनों से सीमांकन का कार्य लंबित रखा गया। इस दौरान तहसीलदार द्वारा कई स्मरण पत्र जारी किए गए, लेकिन राजस्व निरीक्षक प्रीतम बेक द्वारा कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। आवेदक ने जन-चौपाल में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जानबूझकर संदिग्ध कारणों से उसका सीमांकन कार्य रोका गया, जिससे उसे मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्पष्ट रूप से छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 का उल्लंघन पाया गया, जिसमें प्रत्येक सेवा के लिए एक समय सीमा निर्धारित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लिंगराज सिदार ने राजस्व निरीक्षक प्रीतम बेक को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। अंततः, राजस्व निरीक्षक पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया। ?यह राशि आवेदक रमाशंकर गुप्ता को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान करने का आदेश दिया।संबंधित कर्मचारी को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न दोहराने की सख्त हिदायत दी गई है। 'प्रशासनिक कार्यों में लेटलतीफी और आम जनता को परेशान करने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रदर्शन

स्वच्छता, जल व्यवस्था, हैंडवॉश और पर्यावरण गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भारत सरकार का शिक्षा व साक्षरता विभाग की रेटिंग में 11सौ स्कूलों की भागीदारी

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जिले ने एक नई पहचान बनाई है। भारत सरकार के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 के अंतर्गत मुंगेली जिले के विद्यालयों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

यह उपलब्धि न केवल शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि विद्यार्थियों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के सफल प्रयासों का प्रमाण भी है। जिले के लगभग 1100 विद्यालयों ने इस प्रतिष्ठित रेटिंग प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से 911 विद्यालयों ने स्व-मूल्यांकन पूर्ण किया। इस प्रक्रिया में विद्यालयों का मूल्यांकन 60 बिंदुओं पर किया गया, जिसमें स्वच्छ पेयजल, शौचालय व्यवस्था, हाथ धोने की सुविधा, संचालन एवं रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन तथा 'मिशन लाइफ' गतिविधियाँ प्रमुख रही हैं। इन सभी मानकों पर विद्यालयों को 01 से 05 स्टार तक रेटिंग प्रदान की गई। विशेष रूप से 692 विद्यालयों ने तीन, चार और पांच स्टार रेटिंग प्राप्त कर जिले की छवि को सुदृढ़ किया। इनमें से 119 विद्यालयों को जिला स्तर पर चार एवं पांच

स्टार श्रेणी में चयनित किया गया, जिनका भौतिक सत्यापन विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। सत्यापन के उपरांत 80 विद्यालयों को पात्र घोषित किया गया, जिनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 08 विद्यालयों का चयन राज्य स्तर पर नामांकन हेतु किया गया। जिले के ये 08 विद्यालय ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से हैं। इनमें शासकीय विद्यालयों के साथ नवोदय विद्यालय भी शामिल है, जो यह दर्शाता है कि संसाधनों के समुचित उपयोग और समर्पित प्रयासों से हर स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। इन विद्यालयों ने स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक आदत के रूप में अपनाया है। छात्र-छात्राओं में नियमित हाथ धोने की आदत, स्वच्छ परिसर, हरित वातावरण और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जिला स्तर पर गठित समिति ने पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया। इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का सामूहिक प्रयास है। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जो बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। मुंगेली जिले के ये विद्यालय अब अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एल.पी.डाहिरे ने कहा कि आने वाले समय में यह अपेक्षा की जा रही है कि जिले के और भी विद्यालय इस दिशा में आगे बढ़ेंगे और स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सीपत
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरन पिता स्व. घनश्याम निवासी ग्राम मड़ई प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील मस्तूरी जिला-बिलासपुर ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पिता की मृत्यु दिनांक 09/12/2020 को हुआ है जो पंजीयन नहीं होने के कारण प्रमाण पत्र प्रदाय नहीं किया गया है। आवेदक अपने पिता नाम स्व. घनश्याम पिता रामचरण सोनझडी का मृत्यु का प्रमाण पत्र की मांग किया है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/03/2026 को अपना दावा आपत्ति उप-तहसील सीपत में प्रस्तुत कर सकते हैं म्याद वाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 को को न्यायालय की पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
सीपत

जंवारा विसर्जन में झलका भक्ति और उल्लास

मुंगेली/नवप्रदेश। नवरात्र में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया जाता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजन जसगीत की थाप पर नाचते गाते जंवारा विसर्जन करते रहे।

शहर समेत अंचल में नवरात्र महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चैत्र नवरात्र के दुर्गाष्टमी के पर्व पर गुरूवार को सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। भक्तों की भारी भीड़ रही। मां महामाया मंदिर में पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन कार्य संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डाली। नगर की आराध्य देवी मां महामाया, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शक्ति मंदिर में सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

हवन पूजन के बाद मंदिरों व समितियों द्वारा नौ कन्या भोज कराया गया। इसके साथ ही देवी मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक ज्योत जंवारा विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर में रात्रि 11.30 बजे मंदिर से जंवारा विसर्जन के लिए निकले जिसे आगर नदी में विसर्जित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। जंवारा विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। इस दौरान जसगीतों के बीच नदी में ज्योति कलश जंवारा का विसर्जन किया गया। गांव-गांव में जंवारा विसर्जन का उत्साह जबरदस्त देखने को मिला।

न्यूज गैलरी

4.35 लाख का टैक्स बकाया रामाधीन पेट्रोल पंप सील

रायगढ़/नवप्रदेश। शुक्रवार को निगम की टीम ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उर्दना स्थित रामाधीन पेट्रोल पंप को सील कर दिया। पेट्रोल पंप पर साल 2022-23 से कुल 4 लाख 35 हजार 574 रुपए का संपत्तिकर बकाया था, जिसे जमा करने में संचालक लगातार कोताही बरत रहा था। निगम प्रशासन के अनुसार, बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उन्हें नियमानुसार कई बार नोटिस जारी किए गए थे। रामाधीन पेट्रोल पंप प्रबंधन को भी बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संचालक द्वारा इसकी लगातार अनदेखी की गई। अंततः निगम कमिश्नर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पंप परिसर को सील करने की कार्रवाई पूरी की। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स नगर के विकास कार्यों के लिए आय का प्राथमिक स्रोत है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की और सीलिंग जैसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे सीलिंग जैसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए समय पर अपने संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर और यूजर चार्ज का भुगतान सुनिश्चित करें। वसूली अभियान में तेजी लाने के लिए नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। अब निगम का राजस्व विभाग शनिवार और रविवार जैसे अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा। करदाता कार्यालय समय के भीतर पहुंचकर अपने बकाया करों और दुकान किराये का भुगतान कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

बारात निकलने से पहले रुकवाया बाल विवाह, 16 साल की थी दुल्हन

रायगढ़/नवप्रदेश। रामनवमी पर प्रशासन की संयुक्त टीम ने बारात निकलने से पहले बाल विवाह रुकवाया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि घर में नाबालिग की शादी की तैयारियां चल रही हैं। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। उस समय घर में जश्न का माहौल था और बारात निकलने ही वाली थी। टीम ने जब उम्र से संबंधित दस्तावेज मांगे, तो परिजनों ने आनाकानी की। सख्ती बरतने पर जब आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्र देखे गए, तो बालिका की उम्र मात्र 16 वर्ष 5 माह 13 दिन पाई गई। अधिकारियों ने मौके पर ही परिजनों को फटकारा। और उन्हें बाल विवाह के कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के बारे में समझाया। प्रशासन ने न केवल शादी रुकवाई, बल्कि परिजनों से एक लिखित शपथ पत्र भी भरवाया कि वे 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले बालिका का विवाह नहीं करेंगे। साथ ही, जिस सामुदायिक भवन में कार्यक्रम हो रहा था, उसके संचालक को भी सख्त फटकार लगाई गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि भविष्य में बिना आयु प्रमाण पत्र के सत्यापन के भवन किराए पर न दिया जाए, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नौकरी का झांसा देकर कई लोगों से लाखों ठग खरीदी कार, गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना पटना पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले ठग को गिरफ्तार्र किया है। आरोपी ने न केवल महिलाओं को आंगनबाड़ी सुपरवाइजर बनाने का लालच दिया, बल्कि आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर भी मोटी रकम वसूली। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी के पैसों से खरीदी गई कार भी बरामद कर ली है। प्रार्थिया आरती पटेल (निवासी ग्राम तेंदुआ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी संदीप सिंह सारथी (निवासी टेंगनी) ने दिसंबर 2024 में उसे महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। विश्वास में लेकर आरोपी ने कईं कस्तों में प्रार्थिया से लगभग 3,08,750 ऐंठ लिए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने केवल आरती ही नहीं, बल्कि स्तुति पटेल और प्रियंका कुजूर को भी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक बनवाने का लालच देकर उनसे 1,80,000 व 1,80,000 रुपए की ठगी की। किसी को भी नौकरी नहीं मिली और आरोपी ने पूरी राशि हड़प ली। शिकायत पर थाना पटना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत अपराध क्रमांक 89/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की।

आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शुक्रवार शाम मौसम में हुए बदलाव व तेज आंधी बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई। नाबालिग बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। इस मामले में लुंड्रा पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत चलगली बकनाकला निवासी 13 वर्षीया सनमतिया पिता मटन राम 27 मार्च को मवेशी चराने के लिए गांव के समीप गई हुई थी। इस दौरान शाम लगभग 5 बजे तेज आंधी तूफ़ान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए बच्ची एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। गरज चमक के साथ हो रही बारिश के बीच पेड़ के नीचे खड़ी बच्ची पर ही आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान उसकी सहेलियां भी कुछ दूरी पर खड़ी थी। उन्होंने घटना की सूचना ग्रामीणों और बच्ची के परिजन को दी जब तक परिजन मौके पर पहुंचे बच्ची की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी लुंड्रा प्रदीप जायसवाल ने बताया कि आकाशीय बिजली से बच्ची की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया है।

गोल बाजार में अव्यवस्थित सब्जी बाजार से यातायात हो रही प्रभावित

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर में हाट बाजार योजना अंतर्गत दुकान निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद भी गोल बाजार में सड़को पर लगाई जा रही सब्जी दुकानों को व्यवस्थित नहीं किया जा सका है। सड़क पर सब्जी दुकान लगे रहने से दिन भर यातायात बाधित होते रहता है। अव्यवस्था के चलते व्यवसायियों के साथ-साथ आम लोग भी हलाकान हैं। नगर पालिका द्वारा हाट बाजार का निर्माण खर्राघाट में करा लिया गया था किन्तु मत भिन्नता के चलते गोल बाजार सब्जी मार्केट को खर्राघाट में स्थानांतरित नहीं किया जा सका।

जिले में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू होने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पायी है।कुछ प्रशासनिक रूकावट अथवा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते कई स्वीकृत कार्य भी आज भी या तो आधे अधूरे है। अथवा योजना मूर्तरूप लेने मुंहबाय खड़ी है। ऐसी ही एक योजना हाट बाजार जो शहर के मध्य में संचालित हो रही थी उसे व्यवस्थित कर खर्राघाट के पास बनाये गये दुकानों में शिफ्ट करने की थी। दुकानों का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी इसे व्यवस्थित नहीं किया जा सका है। यह हाट बाजार आज तक स्थानांतरित नहीं हो पायी है।

समय के साथ-साथ आबादी के अनुरूप गोल बाजार स्थित हटरी बाजार अब छोटा होने लगा है।जिसके चलते सड़को पर भी सब्जी बाजार पसरता जा रहा है। जिसके चलते गोल बाजार में यातायात की व्यवस्था व गंदगी पसरी रहती है। नगर पालिका द्वारा हाट बाजार का निर्माण खर्राघाट में करा लिया गया है। गोल बाजार का

पूरा क्षेत्र अघोषित रूप से हटरी बाजार बन गया है। गोल बाजार में सड़क के किनारे लगाये जा रहे सब्जी दुकानों के चलते ट्रेफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो जाती है। साथ ही इन अव्यवस्था के चलते व्यवसायियों के साथ-साथ आम लोग भी हलाकान हैं।

पालिका द्वारा हाट बाजार योजना से सुविधा विस्तार करने की बात तो पिछले तीन-चार साल से कही जा रही है। किंतु इस योजना का विस्तारीकरण नहीं किया जा सका है। खर्राघाट के पास हाट बाजार का निर्माण करा लिया गया है, निर्माण के बाद यह टूटने भी लगा है। यहां की दुकाने खाली पड़ी रहती है। रख-रखाव के अभाव ममें बुधावारी बाजार में बनी सब्जी मंडी टूट-फुट गई थी जिसे अब फिर से जीर्णोध्दार कर आाधुनिक साज-सज्जा के काम बनाया जा रहा हो करोडों खर्च करने के बाद क्या इसका उपयोग किया जाएगा यह सवाल है। गोल बाजार में सड़क के किनारे दुकाने लगी रहने से सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होते रहती है। यहां गंदगी और बदबू के कारण आसपास के लोग भी खासे परेशान रहते हैं। व्यापारियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि गोल बाजार में पेयजल एवं शौचालय नहीं रहने से लोग परेशान होते रहते है। इसी प्रकार शहर में शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार भी इन अव्यवस्थाओं से अछूता नहीं है। यहां भी शेड का निर्माण नहीं होने से व्यापारी खुले आसमान के नीचे सब्जी बेचने मजबूर हैं। यहां शुक्रवार को 100 से अधिक व्यापारी पहुंचते हैं। पर्याप्त जगह नहीं होने से लोगों को भीड़ में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। कई बार तो व्यापारियों को छज्जे नहीं होने से बारिश में दुकान बंद कर जाना पड़ जाता है, जिससे उन्हें काफी नुकसान सहना पड़ता है। थोक सब्जी मंडी को व्यवस्थित करने के बाद गोल बाजार सड़क पर लग रहे दुकानों को खर्राघाट में स्थानांतरित कर लिया जायेगा। परिषद के बैठक में स्वीकृति के बाद कार्यवाही प्रारंभ की गयी थी, किन्तु मत भिन्नता के चलते गोल बाजार सब्जी मार्केट को खर्राघाट में स्थानांतरित नहीं किया जा सका। सभी लोगों के प्रयासों से इस पर ठोस निर्णय लिए जायेंगे।

सरगुजा के गांवों में जर्जर सड़कें बनी मुसीबत, आज भी खाट पर ढोकर ले जा रहे मरीज

***जंगल-पहाड़ के गांवों में सड़क संकट, इलाज तक पहुंचना बना चुनौती**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़कों की हालत काफी जर्जर है, जो स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। सरगुजा की कई ग्रामीण सड़कें, विशेष रूप से सरगंवा-घंघरी-बकनाखुर्द मार्ग सहित अन्य वनाँचल क्षेत्र के बसाहट पहुंच मार्ग जर्जर हालत में हैं। सरगुजा जिले में आज भी कई ऐसे गांव है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में सड़क न होने से ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा सड़क बनाए जाने को लेकर शासन प्रशासन से मांग की गई, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। आलम यह है कि गांव में गर्भवती महिलाओं और ग्रामीणों के बीमार पड़ने पर उन्हें खाट से उठाकर कई किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक ले जाया जाता है, जहां से उन्हें एंबुलेंस की सुविधा मिल पाती है।

सितंबर 2025 सरगुजा जिले के प्रतापपुर इलाके में सड़क न होने के चलते एक बीमार व्यक्ति को परिजनों ने कंधे पर उठाकर अस्पताल पहुँचाया। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर स्थिति को दर्शाता है। इसी तरह जनवरी 2026 मे सीतापुर थाना क्षेत्र

के ग्राम लकरा लता में भी ऐसी घटना हुई थी, जहां शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने के लिए परिजनों को कांवड़ (खाट) का सहारा लेना पड़ा, क्योंकि गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुँच सकती थी। हालांकि प्रशासन द्वारा कुछ क्षेत्रो मे सड़क निर्माण की औपचारिकता निभा दी जाती हैं। स्तरहिन निर्माण कार्य के चलते कुछ माह मे सड़क गड्ढो मे तब्दील हो जाती हैं। खस्ताहाल सड़कों के कारण उड़ने वाली धूल से ग्रामीण परेशान हैं और उनके घरों में भी धूल जमा हो रही है। जिले की अधिकांश सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, जिसके कारण चक्काजाम जैसे विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों, जैसे कि पंडो जनजाति के लोगों वाले इलाकों में सड़कों के अभाव के कारण मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में कच्ची और टूटी सड़कें दलदल में बदल जाती हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। कई जगह नई बनी सड़कें भी कुछ ही समय में टूट रही हैं, जिससे निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। लगातार विरोध के बाद, प्रशासन ने सड़कों की मरम्मत के लिए बजट जारी किया है, लेकिन धरातल पर काम की गति धीमी है।

लगातार पहल की जा रही है

सरगुजा जिले में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है, सरगुजा जिला वनाचल क्षेत्र होने के कारण कनेक्टविटी की बहुत समस्या आती है। भारत सरकार द्वारा पीएमजीएसवाय 4 लांच की गई है, जिसमे ऐसे गांव जिसकी आबादी 250 से अधिक है, ऐसे बसाहटो को चिन्हित किया जा रहा है। पहले फेस मे सरगुजा जिले के 26 सडके जिसकी लंबाई 65 किमी है निर्माण किया जाना है, शासन से स्वीकृति मिल चुकी हैं जिसकी निविदा प्रक्रियाधीन है, प्रक्रिया पूरी होने के बाद शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। **विकास कौशिक, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय**

मंत्री जी और कितना झूठ बोलेंगे? पूर्व विधायक कमरो का स्वास्थ्य मंत्री पर तीखा पलटवार

मनेंद्रगढ़/एमसीबी। मनेंद्रगढ़ के चैनपुर में प्रस्तावित जिला पंचायत भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के बयान पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कड़ा पलटवार किया है। कमरो ने मंत्री के उस दावे को पूरी तरह भ्रामक और झूठ बताया जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने जिला केवल कागजों में बनाया था। पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने न केवल जिले की वर्षों पुरानी मांग पूरी की, बल्कि पी.एस. ध्रुव और नरेंद्र दुग्गा जैसे कलेक्टरों तथा टी.आर. कोशिमा व सिद्धार्थ तिवारी जैसे पुलिस अधीक्षकों की पदस्थापना कर प्रशासनिक व्यवस्थाएं भी मजबूत की थीं। कमरो ने सवाल उठाया कि 15 वर्षों की भाजपा सरकार और स्वयं मंत्री के विधायक रहते नया जिला क्यों नहीं बनवाया गया उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि कांग्रेस ने जिला निर्माण और मेडिकल कॉलेज जैसी बुनियादी प्रक्रियाएं पूरी नहीं की होतीं, तो आज मंत्री जी इन कार्यों का भूमि पूजन नहीं कर रहे होते।

नवरात्र और रामनवमी पर भव्य माता जागरण का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व पर शहर में भक्ति और श्रध्दा के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, हजारों की संख्या में श्रध्दालुओं की उपस्थिति में भजन गायक और स्टार कलाकार पंडित विवके शर्मा के सुमधुर आवाज मे एक से बढ कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

हिंदू नववर्ष एवं श्री रामनवमी के अवसर पर मां भारती सेवा समिति द्वारा नगर में भव्य माता जगराता का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह धार्मिक आयोजन दाऊपारा के पास स्थित रेस्ट हाउस मैदान में संपन्न हुआ। जहां देर रात तक भक्ति का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं स्टार कलाकार पंडित विवेक शर्मा ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे भजनों की धुन गूंजती रही, वैसे-वैसे श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। पूरा मैदान जयकारों और भक्ति रस से सराबोर हो गया। इस आयोजन में नगर के गणमान्य अतिथियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी तथा जयप्रकाश मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मां भारती सेवा समिति के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश दिया।

पेज 1 का शेष...

सेल को मिला नया चेयरमैन...

(फाइनेंस) के पद पर काम कर रहे हैं। वे कॉमर्शियल विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। इससे पहले वे भिलाई स्टील प्लांट में कार्यपालक निदेशक (फाइनेंस एंड अकाउंट्स) के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। भिलाई में उनके कार्यकाल को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है और उन्हें वित्तीय मामलों का अनुभवी अधिकारी माना जाता है।

प्रदेश में पेट्रोलियम...

कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और संवेदनशील नेतृत्व के कारण कोविड जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी देश एकजुट रहा और सफलतापूर्वक उसका सामना किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कोविड जैसी स्थिति नहीं है, लेकिन सतर्क रहना आवश्यक है। प्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों, गैस सिलेंडरों और उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, अतः नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के भंडारण एवं आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए हर परिस्थिति में आमजन तक सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव विकास शील ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों की सतत निगरानी के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उपभोक्ता घरेलू गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं, शिकायतों अथवा कालाबाजारी की सूचना 1800-233-3663 पर दे सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आमजन को सही जानकारी समय पर उपलब्ध हो सके और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

अमेरिका ने ईरान पर ...

इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है। टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ। अमेरिका ने इराक पर दूर से सैकड़ों मिसाइलें दागीं। इसे रिमोट वार कहा गया, क्योंकि पहली बार इतनी सटीक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें इस्तेमाल हुईं। टॉमहॉक को समुद्र में मौजूद युद्धपोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है, जिससे दुश्मन के इलाके में घुसे बिना हमला संभव हो जाता है।

टॉमहॉक मिसाइलों की बहुत जरूरत : अमेरिका बीते एक महीने से ईरान पर हमले कर रहा है। यह पूरी तरह 'स्टैंड-ऑफ स्ट्राइक' है। यानी हमला इतनी दूर से किया गया कि अमेरिकी सैनिकों को जमीन पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ रही है। एक्सपर्ट्स के अनुमान के मुताबिक अमेरिका के पास फिलहाल 4000 के करीब टॉमहॉक मिसाइलें हैं। यूरोप, मिडिल ईस्ट और एशिया में बढ़ते खतरों के बीच अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को टॉमहॉक मिसाइलों की बहुत जरूरत है। अगर युद्ध लंबा चला, तो अमेरिका के पास अपने उपयोग के लिए भी टॉमहॉक खत्म हो सकते हैं, सहयोगियों को देना मुश्किल होगा।

पूर्व डिप्टी सीएम के...

साल 2021 में उनके घर घुस कर परिवार के 3 सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या की गई थी।

आरोप था कि जमीन विवाद और पैसों के लेन-देन को लेकर परिवार के ही बड़े बेटे, बहू, साले और उसके साथी ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। जांच के बाद आरोपियों में बेटा बहू को संदेह का लाभ मिला, साले और दोस्त को सजा हुई है।

निचली अदालत ने सुनाई थी उम्रकैद

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार नंदेश्वर की अदालत में सरकारी अभिभाषक कृष्णा द्विवेदी ने सभी ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए। इन साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने एक महिला और चार पुरुष सहित कुल पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी।

अब हाईकोर्ट का फैसला

अब हाईकोर्ट ने अपने फैसले में दो आरोपियों की सजा को सही ठहराते हुए उम्रकैद बरकरार रखी, जबकि तीन आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। इस फैसले के बाद यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

2 आरोपियों को उम्रकैद, 3 बरी

एडवोकेट राजीव कुमार दूबे ने जानकारी दी कि आरोपियों में हरभजन सिंह कुंवर, उनकी पत्नी धनकुवंर, साला परमेश्वर, दोस्त राम प्रसाद मान्येवर, सुरेंद कुमार कंवर कुल 5 लोग आरोपी बनाए गए थे। परमेश्वर और रामप्रसाद मन्नेवार को उम्रकैद हुई है, अन्य 3 लोग बरी कर दिए गए हैं।

कौन थे हरीश कंवर

अविभाजित मध्यप्रदेश में आदिवासी नेतृत्व का प्रमुख चेहरा स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर थे।

एटीएम उखाड़कर लूट की साजिश, इंटर-स्टेट गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

■ यूपी के शातिर अपराधी है दोनों आरोपी, एमपी के कटनी में हुई गिरफ्तारी

भिलाई/नवप्रदेश। एटीएम उखाड़कर चोरी करने की बड़ी साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इंटर स्टेट गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरोह के सदस्य उत्तर प्रदेश से आकर छत्तीसगढ़ में एटीएम की रेकी करते थे और सुनसान जगहों पर लगे एटीएम को निशाना बनाते थे।

नंदिनी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम ननकट्ठी बस स्टैंड के पास 13 नवंबर 2025 की रात करीब 2 बजे बदमाशों ने हिताची कंपनी का एटीएम तोड़कर उखाड़ने की कोशिश की थी। आसपास के लोगों के जागने से प्लानिंग फेल हो गई और आरोपी मौके से भाग निकले।

आरोपियों ने ग्राम गनियारी से मेटाडोर वाहन (सीजी 07 एवी 1310) चोरी की थी। इस वाहन का उपयोग एटीएम उखाड़ने के लिये किया गया। रस्सियों और अन्य उपकरणों की मदद से एटीएम मशीन को वाहन से बांधकर खींचने की कोशिश की गई।

इस मामले में विनय कुमार (36) निवासी राजीव नगर सुपेला की शिकायत पर नंदिनी नगर थाने में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि यह काम संगठित इंटर स्टेट गिरोह कर रहा है। गिरोह के सदस्य अलग-अलग राज्यों में एटीएम को निशाना बनाते थे। वारदात से पहले रायपुर समेत आसपास के इलाकों में कई दिनों तक रेकी की जाती थी।

तकनीकी साक्ष्य और अंतरराज्यीय समन्वय के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। दोनों को मध्यप्रदेश के कटनी जिले के माधवनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ निवासी आरिफ उर्फ बाठू (35) और शामली निवासी अहसान उर्फ एहसास (35) शामिल हैं। कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट मिलने के बाद दोनों को रिमांड पर लिया गया, जहां उन्होंने अपराध स्वीकार किया।

पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। आरोपियों ने बताया कि वारदात के समय मोबाइल फोन बंद रखते थे। इंटरनेट कॉलिंग से संपर्क करते थे। सीसीटीवी कैमरों पर पेंट या ग्रीस लगाकर फुटेज खराब करते थे। हर वारदात में अलग वाहन का उपयोग करते थे और नंबर प्लेट बदलते थे।

टोल प्लाजा से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल और होटल या ढाबा से दूरी बनाकर पहचान छिपाते थे। गिरोह के सदस्य फेरीवाले या ड्राइवर बनकर दूसरे राज्यों में घूमते थे, ताकि बिना शक के इलाके की रेकी कर सकें।

घटना से दो दिन पहले आरोपी रायपुर होते हुए ननकट्ठी पहुंचे और सुनसान जगह को चुना। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों का मुख्य उद्देश्य एटीएम से नगदी चोरी कर आर्थिक लाभ कमाना था। पुलिस ने आरोपियों के पास से मेटाडोर, रस्सी और एटीएम तोड़ने में उपयोग होने वाले उपकरण जब्त किए हैं।

आरोपियों का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है। उनके खिलाफ थाना माधवनगर, कटनी (म.प्र.) में अपराध क्रमांक 1016/2025, थाना बावना, मेरठ (उ.प्र.) में अपराध क्रमांक 40/2018, जीआरपी मेरठ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला और थाना दोघाट (उ.प्र.) में अपराध क्रमांक 09/2016 दर्ज है। आरोपी पहले भी चोरी, संगठित अपराध और मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में शामिल रहे हैं।

न्यूज गैलरी

विधायक चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को दी श्रीराम जन्मोत्सव की शुभकामनाएं

दुर्ग। श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर ने समस्त क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुओं और रामभक्तों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा की शाश्वत प्रेरणा देता है। रामनवमी केवल उत्सव नहीं, संस्कार और सेवा का पर्व है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर हम अपने गाँव-गली-मोहल्लों में समरसता, अनुशासन और विकास की राह को और सुदृढ़ कर सकते हैं। प्रभु श्रीराम की कृपा से दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र स्वस्थ, समृद्ध और सुरक्षित रहे।

मजदूर की मौत : आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग। पुलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समोदा में काम करते समय दो मजदूरों के बीच उपजे मामूली विवाद में एक मजदूर की मौत हो गई। 27 मार्च को हुए हमले में गंभीर रूप से घायल मजदूर गोविंद यादव ने 6 दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि काम के दौरान 55 वर्षीय मजदूर गोविंद यादव ने अपने सहकर्मी परमेश्वर यादव को टोकते हुए साइड हटने कहा। गोविंद का कहना था कि उसके ऊपर बोरी गिर सकती है। इस बात पर दोनों के बीच बहस होने लगी। विवाद बढ़ने पर आरोपी परमेश्वर यादव ने गुस्से में आकर धारदार हथियार से गोविंद यादव पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गोविंद यादव को तत्काल शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी था। लगभग 6 दिनों तक जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद आखिरकार उसकी मौत हो गई। मृतक गोविंद यादव अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और तीन बेटे हैं। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला अस्पताल की मरचुरी में रखा गया है।

बीएसपी के खिलाड़ियों का 'खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स-2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भिलाई। '5 वीं खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स-2026' का आयोजन चंडीगढ़ में 20 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित किया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में कार्यरत खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अर्जित कर संयंत्र का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में एसपी-2 विभाग के भागवत राम नेताम (55+ आयु वर्ग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 1500 मीटर व 800 मीटर दौड़ में रजत पदक अर्जित किए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के ज्ञान सिंह (50+ आयु वर्ग) ने 200 मीटर दौड़ और लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त पावर इंजीनियरिंग मेंटेनेंस विभाग के निरंजन कुमार साहू (55+ आयु वर्ग) ने 3000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। इन उपलब्धियों पर क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के उप महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद और उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक ने सभी खिलाड़ियों को बधाई-शुभकामनाएं प्रेषित की।

दुर्ग में पासपोर्ट सेवाओं को मिली रफ्तार, मोबाइल वैन सेवा 10 अप्रैल तक

दुर्ग। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय रायपुर द्वारा डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र दुर्ग में बढ़ती भीड़ और अपॉइंटमेंट स्लॉट के तेजी से भरने की समस्या को देखते हुए आवेदकों की सुविधा के लिए विशेष पहल की गई है। अब मुख्य डाकघर दुर्ग परिसर में मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा शुरू की गई है, जो आगामी 10 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। यह मोबाइल सेवा प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित की जाएगी। जिन आवेदकों को दुर्ग में अपॉइंटमेंट लेने में परेशानी हो रही है, वे इस वैकल्पिक सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। आवेदकों को सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन फॉर्म भरना होगा और निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद अपॉइंटमेंट शेड्यूल करते समय विकल्प का चयन करना अनिवार्य होगा। मोबाइल पासपोर्ट वैन में नए और पुनः निर्गमन दोनों प्रकार के सामान्य पासपोर्ट आवेदनों का पूरा प्रसंस्करण किया जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मोबाइल वैन के लिए अपॉइंटमेंट केवल सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के लिए ही उपलब्ध रहेंगे।

सहकारी बैंक मुख्यालय के नए भवन का निर्माण शुरू

■ कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने की पूजा-अर्चना

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय भवन का निर्माण कार्य आज से शुरू कर दिया गया। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के अवसर पर स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव मंत्री ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने की।

कार्यक्रम में अल्का बघमार महापौर नगर निगम दुर्ग, सुरेन्द्र कौशिक, अध्यक्ष, जिला भाजपा दुर्ग, नरेश यदु, उपाध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, शिव चन्द्राकर, प्रदेश संयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ, भाजपा, रमाकांत द्विवेदी, पूर्व संचालक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, टीकाराम साहू पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी संघ मर्या. दुर्ग खिलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष जपं दुर्ग, पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिपं दुर्ग, दिलीप साहू, शिवेन्द्र परिहार साजन जोसेफ, श्यामलाल साहू, मनोज अग्रवाल, हिमांशु सिंह, टेकन सिन्हा, अजय तिवारी, एसके वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भट्टाचार्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग उपस्थिति रहे। स्वागत उद्बोधन में एसके वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि 11 महीने में 2.77 करोड़ की लागत से तीन मंजिला भव्य भवन का शीघ्र निर्माण होगा।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि सहकारिता किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए है और इसी क्रम में बैंक मुख्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ पूजन किया जा रहा है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं सहित भवन का निर्माण होने से किसानों को सुविधाएं मिलेंगी। आने वाले समय में ग्रामोद्योग व सहकारिता मिलकर कार्य करेंगे और समितियों के भण्डारण क्षमता में वृद्धि के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करेंगे।

कार्यक्रम में सुरेन्द्र कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष, शिव चन्द्राकर, प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा ने भी सभा को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन नरेश यदु उपाध्यक्ष सहकारी बैंक व मंच संचालन हृदेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी कुसुम ठाकुर, केके नायक अधीक्षक, धीरेन्द्र देवांगन, शाखा प्रबंधक, सहित भाजपा के जिला व प्रदेश के पदाधिकारी व दुर्ग जिला से सभी मंडल अध्यक्षगण एवं सेवा सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित रहें।

दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर 30 को

भिलाई नगर/नवप्रदेश। भिलाई शहर में निवास कर रहे दिव्यांगों को 30 मार्च को सहायक उपकरण वितरित किया जाएगा। विशेष सहायक उपकरण वितरण शिविर मानस भवन दुर्ग (रविशंकर स्टेडियम, बस स्टैंड के पास) आयोजित किया गया है। शिविर में पूर्व में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण वितरित किये जाएंगे, जिससे उन्हे दैनिक जीवन में सुविधा मिल सके।

नगर निगम भिलाई में समाज कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 19 फरवरी को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण प्रदाय करने चिन्हांकित किया गया। चिन्हांकित

दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किये जाएंगे। नगर निगम भिलाई प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर उपस्थित होने कहा गया है। निगम प्रशासन ने प्रचार-प्रसार और मुनादी के माध्यम से सूचना प्रसारित करने के निर्देश दिये हैं, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शिविर का लाभ लेने से वंचित न हो। सभी चिन्हित दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर उपकरण प्राप्त करें।

पेट्रोल-डीजल पर शुल्क में कटौती का मोदी सरकार का निर्णय ऐतिहासिक : कौशिक

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क पर भारी कटौती करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आभार माना है। कौशिक ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को बधाई दी है। केन्द्र सरकार ने ईंधन पर उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए घटाकर मात्र 3 रुपए कर दिया गया है, जबकि डीजल पर शुल्क पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी केन्द्र सरकार ने

यह निर्णायक कदम सुनिश्चित किया है कि आम उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त बोझ न पड़े। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम होने से इसका लाभ देश की 140 करोड़ जनता को होगा। वर्तमान वैश्विक संकट के दौर में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए यह निर्णय लिया है इसके लिए पुनः केन्द्र की मोदी सरकार को बधाई।

बिजली बिल भुगतान समाधान योजना' से उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य

दुर्ग/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दुर्ग नगर संभाग में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता रवि कुमार दानी ने बताया कि नगर संभाग दुर्ग के अंतर्गत आने वाले बोरसी, बघेरा, दुर्ग शहर और जवाहर नगर जोन में 13 मार्च से निरंतर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मोबाइल वैन और माइक के माध्यम से पात्र उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है, जिसका क्षेत्र में काफी सकारात्मक प्रतिसाद देखने को मिल रहा है।

योजना के तहत अब तक की प्रगति उत्साहजनक है। आज तक संभाग के सभी 84 पात्र बीपीएल उपभोक्ताओं और 7 पात्र कृषि उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। आंकड़ों के अनुसार बीपीएल श्रेणी में 6 उपभोक्ताओं ने 2200 रुपए, कृषि श्रेणी में 5 उपभोक्ताओं ने 20103 रुपए और एपीएल श्रेणी के 180 पात्र उपभोक्ताओं में से 86 के पंजीयन के साथ 24 उपभोक्ताओं ने 24,800 रुपए की राशि जमा कर दी है। विभाग का मुख्य फोकस अब शेष एपीएल उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने पर है।

दानी ने बताया कि योजना की सफलता के लिए विभागीय टीम और मीटर रीडर घर-घर जाकर पात्र उपभोक्ताओं से सीधा संपर्क कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और उपभोक्ताओं को योजना में शामिल करने हेतु प्रेरित करने वाले मीटर रीडरों के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया है।

दुर्ग नगर संभाग ने आगामी 31 मार्च 2026 तक संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस छूट का लाभ उठा सकें। विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि जो उपभोक्ता अब तक इस योजना से नहीं जुड़ पाये हैं, वे तत्काल नजदीकी शिविर या जोन कार्यालय में जाकर या मोर बिजली एप के माध्यम से अपना पंजीयन कराएं और योजना का लाभ उठाएं।

शनिवार-रविवार को खुले रहेंगे नगर निगम के टैक्स काउंटर

■ पेनाल्टी से बचने करदाता शीघ्र करें भुगतान

दुर्ग/नवप्रदेश। वित्तीय वर्ष की समाप्त होने में केवल चार दिन बचे हैं। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है। नगर निगम परिसर के टैक्स काउंटर शनिवार-रविवार को खुले रखे जा रहे हैं, ताकि नागरिक बिना किसी असुविधा के टैक्स जमा कर सकें।

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि कर संग्रहण को सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और काउंटरों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई

हैं। नागरिकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय-समय पर व्यवस्था का निरीक्षण भी किया जा रहा है, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने शहर के समस्त करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और अपने बकाया टैक्स का भुगतान शीघ्र कर दें।

समय सीमा के भीतर कर जमा करने से करदाता अनावश्यक पेनल्टी और फाइन से बच सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद निगम द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसमें जुर्माना, अधिभार एवं अन्य विधिक कार्रवाई शामिल हो सकती है। करदाताओं बकाया टैक्स ऑनलाइन घर बैठे जमा कर सकते है।

आयुष यूनिवर्सिटी के बीडीएस प्रथम वर्ष के नतीजे घोषित

■ रूंगटा डेंटल के स्टूडेंट्स बने यूनिवर्सिटी टॉपर्स

भिलाई/नवप्रदेश। रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान है। संस्था ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित बीडीएस प्रथम वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में रुंगटा डेंटल कॉलेज के 12 छात्रों ने टॉप 10 रैंक प्राप्त किए हैं। यह संस्थान की कठोर शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया है। कॉलेज में नवीनतम उपकरणों से

सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ और अनुभवी व प्रशिक्षित संकाय सदस्यों की टीम मौजूद है, जो छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अद्भुत उपलब्धि पर रुंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। वहीं कॉलेज के डीन डॉ कार्तिक कृष्णा एम. ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। यह उपलब्धि आरसीडीएसआर की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह भारत में डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम मानकों को स्थापित कर रहा है। बी.डी.एस. प्रथम वर्ष में प्रगति अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुषी जैन ने द्वितीय, स्नेहा सिंह, सौम्या गुप्ता, तन्वी वर्मा, आंचल स्वांकर, भूमि अग्रवाल, स्नेहा बानिक, इशिका कोठारी, नैना निहलानी, दर्पणा सालोंकी और रानी गोयल ने क्रमशः तीसरा, चौथा, पांचवा, छठवां, सातवां, आठवां, नवां और दसवां स्थान प्राप्त किया।

मैत्री कॉलेज में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री महाविद्यालय में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता क्विज का आयोजन किया गया। यह पहल भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स द्वारा संचालित है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देना है।

मैत्री महाविद्यालय के निदेशक सजीव सुधाकरण ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने कहा कि बदलते आर्थिक परिवेश में सही वित्तीय निर्णय लेने की समझ विकसित करना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाते हैं। इस कार्यक्रम में बीएड के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज़ के माध्यम से विद्यार्थियों को वित्तीय अवधारणाओं, निवेश के मूल सिद्धांतों तथा जिम्मेदार निवेश के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा आर. कुरुप द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. हीरल पाठक और आदित्य सिंह का विशेष सहयोग रहा।

भिलाई इस्पात संयंत्र: लगभग 80 सुरक्षा अधिकारी व इलेक्ट्रिकल प्रमुखों की सक्रिय भागीदारी रही

संयंत्र में एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा एवं दुर्घटना निवारण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए मानव संसाधन केंद्र में एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर एक लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन का आयोजन किया गया। इस सत्र में संयंत्र के विभिन्न इकाइयों के लगभग 80 सुरक्षा अधिकारी, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं इलेक्ट्रिकल प्रमुखों ने सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं देबदत्त सतपथी ने की। सतपथी ने विभिन्न विभागों से उपस्थित

अधिकारियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि अपर्याप्त एनर्जी आइसोलेशन औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने सभी विभागों में लॉकआउट-टैगआउट (लोटो) प्रक्रियाओं के कड़ाई से और निरंतर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया।

तकनीकी सत्र का संचालन एसएमएस-3 महाप्रबंधक पी. सतपथी ने किया। उन्होंने एनर्जी आइसोलेशन प्रक्रियाओं का विस्तृत व व्यवहारिक विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू ने किया।

सत्र में एनर्जी आइसोलेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया, जिसमें तैयारी और शटडाउन से लेकर सभी ऊर्जा स्रोतों के भौतिक पृथक्करण तक के चरण शामिल थे। प्रत्येक आइसोलेशन बिंदु पर व्यक्तिगत ताले और टैग लगाने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया, ताकि प्रत्येक कर्मी स्वयं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। संचित ऊर्जा के पूर्ण निष्कासन व शून्य-ऊर्जा स्थिति के भौतिक सत्यापन के महत्व को भी रेखांकित किया गया, जिससे किसी भी रखरखाव कार्य के पूर्व पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में लोटो प्रक्रियाओं में होने वाली सामान्य त्रुटियों, जैसे बिना सत्यापन के अनुमान लगाना, साझा ताले का उपयोग, अज्ञात ऊर्जा स्रोत, समय के दबाव में प्रक्रियाओं की अनदेखी, अपर्याप्त प्रशिक्षण व शिफ्ट हैंडओवर में समन्वय की कमी जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से इस्पात संयंत्र की जटिल विद्युत प्रणालियों को ध्यान में रखते हुए उचित अर्थिंग और उपकरण आधारित सत्यापन को अत्यंत आवश्यक बताया गया।

प. एशिया की परिस्थितियों के मद्देनजर कमिश्नर-आईजी ने ली बैठक, कलेक्टर-एसपी और तेल कंपनियों को दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप संभागीय कमिश्नर सुनील जैन एवं आईजी रामगोपाल गर्ग ने मंथन सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेकर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक तथा तेल कंपनियों के अधिकारियों, डीलरों एवं वितरकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक में कमिश्नर सुनील जैन ने पेट्रोलियम उत्पादों, एलपीजी गैस, उर्वरकों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बिलासपुर सहित पूरे संभाग में इन वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता

सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में अफवाहों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आमजन तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी समय पर पहुंचाई जाए तथा सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर भ्रामक खबरों की सतत निगरानी रखते हुए उनका तत्काल खंडन किया जाए। आईजी श्री गर्ग ने निर्देश दिए कि सीमावर्ती चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। गैस सिलेंडरों एवं पेट्रोल-डीजल के परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाए तथा अवैध रूप से कंटेनरों में ईंधन बिक्री पर रोक लगाई जाए। बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि संभाग में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है।

कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर सहित आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि उर्वरकों की होल्डिंग पर रोक लगाई जाए तथा किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए। दैनिक स्टॉक की निगरानी कर वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए। अस्पतालों, छात्रावासों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में गैस और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

गैस, पेट्रोल-डीजल आपूर्ति के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

पश्चिम एशियाई संकट के चलते संभावित आपूर्ति व्यवधान को देखते हुए राज्य शासन ने घरेलू गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नागरिकों की सहायता हेतु आपातकालीन नंबर 18002333663 जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर गैस एवं ईंधन आपूर्ति संबंधी जानकारी और मदद प्राप्त की जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष खाद्य विभाग के संचालन में कार्य करेगा। शासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में उक्त नंबर पर संपर्क करें। बैठक में निर्देश दिए गए कि राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 1800-233-3663 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूम को सक्रिय रखते हुए प्राप्त शिकायतों एवं सूचनाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

न्यूज गैलरी

लायंस क्लासिक प्लस के सेवा कार्यों पर की गई चर्चा

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब क्लासिक प्लस द्वारा संयुक्त डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, रीजन एवं जोन विजिट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ डॉ. रिपुदमन सिंह पुसरी, रीजन चेयरपर्सन दिनेश अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन इंदिरा त्रिपाठी, क्लब अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सचिव माधवी स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष निशा गुप्ता रहीं। अध्यक्ष गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। सचिव स्वर्णकार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष गुप्ता ने आय-व्यय का विवरण रखा। परमेश्वर तिवारी ने मुख्य अतिथि का जीवन परिचय प्रस्तुत किया और पदमा गुप्ता ने ध्वज वंदना का वाचन किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुसरी ने कहा कि लायंस क्लब क्लासिक प्लस समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और अन्य क्लबों के लिए प्रेरणा स्रोत है। मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल ने क्लब की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि सभी गतिविधियां अनुशासन और प्रोटोकॉल के अनुरूप संचालित हो रही हैं।

स्फटिकेश्वर महादेव धाम में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा नूतन चौक स्थित साई मंदिर परिसर में 3 दिवसीय स्फटिक शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 29 मार्च से किया जा रहा है। 29 को शाम 4 बजे हरदेवलाल मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में स्थापित होने वाले स्फटिक शिवलिंग के साथ बनारस से आए नागा साधुओं का दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। वेदी निर्माण, देव आह्वान पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास और स्थापना संबंधित अनुष्ठान होंगे। 30 को सुबह 10 बजे से पुष्पाधिवास, फलाधिवास, मंदिर वास्तु पूजन, शिखर पूजन तथा 51 प्रकार की जड़ी-बूटियों से रुद्राभिषेक के साथ शिवलिंग स्थापना की जाएगी। 31 को सुबह 10 बजे से वेदी पूजन, अभिषेक, श्रृंगार दर्शन, हवन, पूर्णाहुति होगी, भंडारा बटेगा।

मुख्यमंत्री हिंमत बिस्वा व मंत्री तोखन साहू ने विधानसभा प्रत्याशी अरूप डे के समर्थन में किए जनसभा

जनता विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व को चुनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध: तोखन

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम विधानसभा चुनाव के तहत बिजनी विधानसभा क्षेत्र के उलुबाड़ी में आयोजित भव्य चुनावी सभा में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति से पूरे कार्यक्रम को ऊर्जा और दिशा प्रदान की। सुबह 10:30 बजे प्रारंभ हुई इस सभा में भारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने भाजपा और एनडीए के प्रति जनसमर्थन को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।

सभा के दौरान नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि आज असम का जन-जन मोदी के नेतृत्व में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ खड़ा है। साथ ही हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य में हुए तेज़ विकास कार्यों और सुशासन को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में कहा कि उलुबाड़ी की यह ऐतिहासिक सभा इस बात का

सभा में उमड़ा जनसैलाब

विशेषकर बारिश के बाद भी लोगों का डटे रहना, यह दर्शाता है कि जनता का रुझान स्पष्ट रूप से विकास और सुशासन की ओर है। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि बिजनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी अरूप कुमार डे भारी मतों से विजयी होंगे और एनडीए एक बार फिर असम में सरकार बनाएगा।

प्रमाण है कि बिजनी की जनता विकास, स्थिरता और मजबूत नेतृत्व को चुनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता का यह उत्साह और विश्वास आगामी चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत का संकेत दे रहा है। इस अवसर पर बोडोलैंड क्षेत्र के प्रमुख नेता हग्रामा मोहिलारी, भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता और बिजनी विधानसभा से उम्मीदवार अरूप कुमार डे, जिला भाजपा अध्यक्ष रतन चंद्र राय, सह-प्रभारी कविता बसुमतारी तथा बीटीसी के कार्यकारी सदस्य धीरेश बरगयारी सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ को 194.9 करोड़ की दूसरी किस्त जारी

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू के सतत प्रयासों और मंत्रालय स्तर पर प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप, वित्त मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नॉन-मिलियन प्लस सिटीज़ (एनएमपीसी) के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की दूसरी किस्त के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य को 194.9 करोड़ की राशि जारी की है। यह राशि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की अनुशंसा पर स्वीकृत की गई है। जारी राशि में से बिलासपुर नगर निगम को लगभग 20 करोड़ प्राप्त होने की संभावना है, जिससे शहर में शहरी आधारभूत संरचना एवं नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।श्री साहू ने विभिन्न राज्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए अधिकारियों के साथ सतत संवाद बनाए रखा, जिससे निधियों के निर्गमन हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित हुआ।

उनके सक्रिय मार्गदर्शन एवं निरंतर अनुश्रवण के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ को समय पर धनराशि का हस्तांतरण संभव हो सका।

मसीहियों ने खजूर का रविवार आज आनंद और खुशियों के साथ मनाएंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। खजूर का रविवार (पाम संडे) मसीहियों में बड़े उत्साह और उमंग के साथ पूरे विश्व में आज रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज से लगभग 2026 साल पहले प्रभु यीशु मसीह का जेरूसलेम के मंदिर में विजयी प्रवेश हुआ था। लोगों ने खजूर की डालियाँ लेकर , यीशु का बड़े गर्म जोशी के साथ स्वागत किया था। अपने-अपने वस्त्र मार्ग में बिछाए खजूर की डॉलिया काटकर मार्ग में फैलाएं, यीशु मसीह गधे के बच्चे पर सवार होकर मंदिर में प्रवेश किये थे । चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेशपॉल के नेतृत्व में पाम संडे का जुलूस तारबाहर मसीह टेंट हाउस से आराधना स्थल सीएमडी चौक तक निकाला जाएगा। भारी संख्या में चर्च के लोगों इसमें भाग लेंगे। हाथों में सभी ने खजूर की डालिया लेकर यीशु के जय जय कार के नारे, होशन्ना- होशन्ना दाऊद की संतान को होशन्ना। मसीह गीतों को गाते हुए चर्च भवन में प्रवेश करेंगे। जुलूस में सम्मिलित सभी लोगों का स्वागत किया जायेगा। फ्रुटी, केक, शरबत, फल, लस्सी, चॉकलेट मार्ग में बॉटे जायेंगे। पास्टर सुदेश पॉल ने बताया कि यीशु इस जगत में नम्र और दीन बनकर आए और सारे मानव जाति के पापों का बोझ अपने ऊपर लेकर सलीब पर बलिदान हुए। यीशु के क्रुसीफाइड होने के 5 दिन पहले की ये घटना है। यीशु का यरूशलेम में प्रवेश होते ही हलचल मच गई, लोग पूछने लगे यह कौन है, तब लोगों ने बताया यह नासरत के भविष्यवक्ता यीशु हैं। चर्च आराधना का संचालन प्रवीण जैसल द्वारा किया जाएगा और उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल द्वारा दिया जाएगा। प्रार्थना की अगुवाई, बाइबल पठन, सुमधुर गीत क्वायर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

3 सौ सीसीटीवी खंगालकर बाइक चोर गैंग पकड़ा 6 बाइक बरामद, 4 आरोपी और 3 खरीदार गिरफ्तार

19 साल का मास्टरमाइंड चलाता था गिरोह, बिलासपुर, दुर्ग और जांजगीर तक फैला नेटवर्क

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसीसीयू टीम ने 300 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर अंतरजिला गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरी की 6 बाइक बरामद हुई हैं, जबकि 3 खरीदारों को भी आरोपी बनाया गया है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू ने बाइक चोरी के मामलों की जांच शुरू की। टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों के करीब 300 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और रूट चार्ट तैयार कर संदिग्धों की पहचान की।

जांच के दौरान मस्तूरी क्षेत्र के वेद वेदपरसदा में मुख्य आरोपी साहिल मरावी का सुराग मिला। टीम ने वहां दबिश देकर साहिल को हिरासत में लिया।

शुरुआती पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती के बाद उसने अपने गिरोह का खुलासा कर दिया। उसने बताया कि वह साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग जिलों में बाइक चोरी करता था। एएसपी पंकज पटेल ने बताया कि आरोपियों ने बिलासपुर के सरकंडा, सिविल लाइन और कोतवाली क्षेत्र से चार, दुर्ग के मोहन नगर से एक और जांजगीर जिले से एक बाइक चोरी की थी। गिरोह से करीब 2 लाख रुपए कीमत की 6 बाइक बरामद की गई हैं। जांच में सामने आया कि गिरोह का नेटवर्क तीन जिलों तक फैला था। आरोपी चोरी की बाइक को ग्रामीण इलाकों में कम दाम पर खपा देते थे, जिससे पुलिस की नजर से बच सकें। साहिल मरावी अपने साथियों निलेश शुक्ला, हिमांशु जगत और रायपुर निवासी रितेश सेन के साथ वारदात करता था। चोरी की बाइक गांव के रघुनंदन साहू, नंदकुमार रजक और सोनू केंवट को बेची जाती थी। पुलिस ने तीनों खरीदारों को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है।

जनगणना की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनर्स का चरणबद्ध प्रशिक्षण जारी

■ कलेक्टर ने फील्ड ट्रेनर्स को दिए जरूरी निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल जिला पंचायत सभागार में आयोजित जनगणना के फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे और प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और एडीएम शिव कुमार बनर्जी भी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझते हुए मैदानी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करना होगा। उल्लेखनीय है कि जनगणना कार्य को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से फील्ड ट्रेनर्स का चरणबद्ध प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में गणना प्रक्रिया, प्रपत्रों के समुचित उपयोग, डेटा संकलन की शुद्धता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में नगर पालिक निगम बिलासपुर अंतर्गत कुल 26 फील्ड ट्रेनर्स को 27 मार्च से 29 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच में ग्रामीण एवं नगरीय फिल्ड के 45 ट्रेनर्स को 23 मार्च से 25 मार्च तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजन: 5 से 7 अप्रैल तक आस्था का महासंगम, हजारों जायरीन की उमड़ने की उम्मीद, शाही लंगर, चादर और रंग की महफिल से सजेगा उर्स

दादी अम्मा दरगाह में 38वां उर्स पाक, परचम कुशाई से होगा आगाज

सीपत/नवप्रदेश। सीपत क्षेत्र के खम्हरियां स्थित दरगाह में दादी अम्मा बेगम बी साहिबा का 38वां सालाना उर्स पाक इस वर्ष 5 अप्रैल (रविवार) से शुरू होकर 7 अप्रैल (मंगलवार) तक तीन दिवसीय भव्य आयोजन के रूप में मनाया जाएगा। उर्स के दौरान दरगाह परिसर में अकीदत, सूफियाना रंग और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जिसमें हजारों की संख्या में जायरीन के पहुंचने की संभावना है। परंपरा के अनुसार उर्स की शुरुआत 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे परचम कुशाई से होगी, जिसके बाद 12:40 बजे मजारें पाक का गुस्ल अदा किया जाएगा। शाम होते-होते दरगाह परिसर में रूहानी माहौल चरम पर होगा

और रात 9 बजे तकरीर व नातिया मुशायरे की महफिल सजेगी। इस कार्यक्रम में मशहूर उर्दू शायर मोहम्मद दानिश अराफाक शाकीब एवं सैय्यद समीर अली रिज़वी अपनी प्रस्तुति देंगे। उर्स के दूसरे दिन 6 अप्रैल को दोपहर 3 बजे शाही संदल चादर की रस्म अदा की जाएगी, जिसमें अकीदतमंदों की बड़ी भागीदारी रहेगी। इसके बाद रात 9 बजे महफिल-ए-समां में सूफियाना कव्वाली की गूंज पूरे क्षेत्र को रूहानी रंग में रंग देगी। इस दौरान प्रसिद्ध कव्वाल मोहम्मद ताहिर चिश्ती (शेरगढ़, बरेली) अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे, जिनके साथ हिंदलवली सुफियान मटका पाट, अनीश चिश्ती एवं शाहरुख चिश्ती (तिल्दा नेवरा, रायपुर) भी शिरकत करेंगे। उर्स के तीसरे और अंतिम दिन 7 अप्रैल को रंग की महफिल के साथ समापन की तैयारियां होंगी, जिसके पश्चात कुल की फातिहा अदा की जाएगी। इस अवसर पर ख़लीफा-ए-शेखूल इस्लाम व काएदे मिल्लत किछौछा शरीफ के सैय्यद मोहम्मद जाहिर आगा क़ादरी उपस्थित रहेंगे।

लंगर भाईचारे व सामाजिक समरसता का होगा प्रतीक

उर्स के दौरान तीनों दिन 24 घंटे शुद्ध शाकाहारी शाही लंगर की व्यवस्था रहेगी, जिसमें सभी धर्मों के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करेंगे, जो आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक होगा। आयोजन में व्यवस्था बनाए रखने के लिए वालेंटियर्स की टीम सक्रिय रहेगी तथा पूरे उर्स में डीजे साउंड पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया है। उर्स की तैयारियों को लेकर दरगाह के खादिम अब्दुल वहाब खान एवं उर्स कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि शासन-प्रशासन एवं पंचायत के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। मेला स्थल, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया जा चुका है, ताकि जायरीन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में उर्स कमेटी, दरगाह खादिम, ग्राम पंचायत खम्हरियां, मुस्लिम जमात एवं स्थानीय व्यापारी पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। तीन दिवसीय इस उर्स में एक बार फिर खम्हरियां दरगाह आस्था, सूफी परंपरा और भाईचारे का केंद्र बनकर पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करेगा।

ओंकारेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। ओंकारेश्वर महादेव मंदिर सागा लेआउट शुभम विहार परिसर में डॉ. विनय पाठक कुलपति, थावे विद्यापीठ विहार एवं पूर्व अध्यक्ष राजभाषा आयोग (राज्य मंत्री दर्जा) छत्तीसगढ़ के द्वारा संत तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. पाठक ने कहा कि बिलासपुर जिले में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा की आवश्यकता बहुत वर्षों से साहित्य प्रेमियों द्वारा महसूस की जा रही थी, संत तुलसीदास की प्रतिमा अनावरित होने के बाद तुलसीदास से सम्बद्ध साहित्यिक गतिविधियों एवं संगोष्ठियां आयोजित करना

सहज हो जायेगा। इससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ साहित्यकारों और कवियों को भी कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव एवं उनके टीम को बधाई देते हुए कहा कि तुलसी दास की प्रतिमा स्थापित होने से सभी सनातनी श्रद्धालुओं और समाज को लाभ मिलेगा।

ईरान युद्ध के चलते खाड़ी देशों से आने वाले पैसे पर संकट

© Ashley Cooper/IMAGO

ईरान युद्ध की वजह से दक्षिण एशियाई देशों में सिर्फगैस और तेल का ही संकट नहीं हो रहा है, बल्कि वहां की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर हो सकता है. जब ईरान के ड्रोन और मिसाइलें खाड़ी के अमीर अरब देशों को निशाना बना रही हैं, तो युद्ध की वजह से होने वाली और लंबे समय तक चलने वाली आर्थिक उथल-पुथल दक्षिण एशियाई देशों की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकती है. इसकी वजह यह है कि यहां लाखों दक्षिण एशियाई विदेशी मजदूर काम करते हैं और हर साल अरबों डॉलर अपने घर भेजते हैं. इस युद्ध के कारण उनके इस पैसे पर संकट आ सकता है। इनमें से ज्यादातर कामगार भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आते हैं. पिछले कई दशकों से उन्होंने खाड़ी देशों की तरक्की में बड़ी भूमिका निभाई है. उन्होंने निर्माण, होटल, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे क्षेत्रों में काम करके वहां की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। इन मजदूरों द्वारा भेजा गया पैसा न केवल उनके परिवारों के लिए गुजारे का साधन होता है, बल्कि यह भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए विदेशी मुद्रा का एक बहुत बड़ा स्रोत भी है. यह पैसा इन देशों की अर्थव्यवस्था के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम करता है और व्यापार घाटे को भरने में मदद करता है। चूंकि ऊर्जा के बुनियादी ढांचों, जैसे कि रिफाइनरी और पाइपलाइन पर हमले हो रहे हैं और स्ट्रेट ऑफहोर्मुज में तेल-गैस का रास्ता बंद है, तो यह स्थिति भारत और उसके पड़ोसियों के लिए दोहरी मुसीबत बन सकती है. एक तरफ लंबे समय तक ईंधन के दाम आसमान छुएंगे और दूसरी तरफखाड़ी से घर आने वाले पैसे में भी भारी कमी आ सकती है।

न्यूज गैलरी

दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर अदालत सख्त

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए। न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफइंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। कानून का पालन न होने पर जताई चिंता सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया। अदालत ने बताया कि 1983 में भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर धारा 228 जोड़ी गई थी, जिसका उद्देश्य दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान को सार्वजनिक होने से रोकना है। इससे पहले ऐसा कोई स्पष्ट कानूनी प्रतिबंध नहीं था, जिससे पीड़िताओं को सामाजिक बहिष्कार और मानसिक आघात का सामना करना पड़ता था।

तत्कालीन डीआईजी पर हमले के 16 दोषियों को आजीवन कारावास

मुरादाबाद। मुरादाबाद के बहुचर्चित 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्कालीन डीआईजी पर जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार दिए गए 16 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को एडीजे-दो कृष्ण कुमार की अदालत ने सजा पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह आदेश दिया। इससे पहले 23 मार्च को अदालत ने सभी 16 आरोपियों को दोषी ठहराया था। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दोषियों को पुलिस हिरासत में कोर्ट में पेश किया गया। सजा सुनते ही परिजन सन्न रह गए।

आचार संहिता उल्लंघन में कन्नूर के सूचना अधिकारी निलंबित

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में शनिवार को एक सूचना अधिकारी को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई आचार संहिता लागू होने के दौरान लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की एक शिकायत से जुड़ी विवादास्पद प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के मामले में हुई है। जिला सूचना कार्यालय के एक अधिकारी ने इसे जारी किया था। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मामले ने केरल में सियासी सरगर्मी को और बढ़ा दिया है। मामले की जड़ें उस शिकायत से जुड़ी हैं, जिसमें एलडीएफने आरोप लगाया था कि उनके उम्मीदवार केवी सुवेश को यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) द्वारा चरित्र हनन का शिकार बनाया जा रहा है। एलडीएफके निर्वाचन क्षेत्र सचिव एम. प्रकाशक ने यूडीएफके खिलाफकार्रवाई की मांग की थी। इस शिकायत से जुड़ी जानकारी के लीक होने के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मार्टिन जॉर्ज ने जनसंपर्क विभाग पर राजनीतिक प्रचार में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विभाग ने सियासी रूप से पक्षपाती संचार जारी कर नियमों का उल्लंघन किया है और पार्टी इस मामले को चुनाव आयोग के समक्ष उठाएगी।

बंगाल का रण: ममता सरकार के खिलाफ भाजपा की चार्जशीट: गृहमंत्री अमित शाह

15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है चार्जशीट: शाह

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है। अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है।

'विक्टिम कार्ड' की पॉलिटिक्स खेलती हैं ममता : शाह

तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में बीजेपी गंवा देगी देश की सत्ता: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक आते ही सियासी सरगर्मियां भी बढ़ने लगी है. इस बीच टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भारतीय जनता पार्टी देश में अपनी सत्ता गंवा देगी. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है. ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए घोषणा की कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लगातार चौथी बार जीतने के बाद, वह दिल्ली ''विजय'' के लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट करेंगी. उन्होंने कहा, ''अगर राज्य में बीजेपी सत्ता में आती है, तो वे बुलडोजर चलाकर सबको बाहर निकाल देंगे.'' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के खनन शहर में आयोजित रैली में कहा, ''बंगाल को तबाह करने की कोशिश करके, बीजेपी पूरे देश में अपनी सत्ता खो देगी.'' उन्होंने एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए कहा, ''एक 'लक्ष्मण रेखा' जरूर होनी चाहिए, लेकिन बीजेपी तो सभी सीमाएं लांघ रही है।''

मोदी-ट्रंप के बीच कॉल में शामिल नहीं था कोई तीसरा

नई दिल्ली/ए.। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 24 मार्च को हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन वार्ता को लेकर सामने आई खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस खबर को देखा है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच ही हुई थी।

उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि इस बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया की स्थिति पर दोनों नेताओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दरअसल यह खबरें चल रही थी कि इस बातचीत में दिग्गज उद्यमी एलन मस्क भी जुड़े थे। मस्क के शामिल होने का दावा अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने किया है। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस कॉल में एलन मस्क भी शामिल थे। यह जानकारी दो अमेरिकी अधिकारियों ने दी। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि मस्क ने बातचीत में कुछ कहा या सिर्फसुन रहे थे। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि रिपोर्ट और नियम कहते हैं कि दो देशों के शीर्ष नेताओं की बातचीत में किसी निजी व्यक्ति का शामिल होना असामान्य माना जाता है, खासकर जब मामला युद्ध जैसे हालात का हो। ऐसे में मीडिया रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि हाल के समय में एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के रिश्तों में फिर से सुधार हुआ है, जबकि पिछले साल दोनों के बीच मतभेद सामने आए थे। इस बातचीत के बारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों नेताओं ने क्षेत्र में शांति बहाल करने और तनाव कम करने पर जोर दिया। साथ ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सुरक्षित और खुला बनाए रखने की आवश्यकता पर भी सहमति जताई गई।

एमके स्टालिन ने डीएमके प्रत्याशियों की सूची जारी की, 234 में 164 सीटों पर लड़ेगी पार्टी

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी बिसात बिछ चुकी है। मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने गठबंधन सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे का एलान कर दिया है। कुल 234 विधानसभा सीटों में से डीएमके खुद 164 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस को 28 सीटें दी गई हैं। इस एलान के साथ ही स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी पार्टी की मजबूत पकड़ को बरकरार रखना चाहते हैं।

बोडिनायकन्नूर से चुनाव लड़ेंगे पनीरसेल्वम

इस सूची में सबसे ज्यादा चर्चा ओ पनीरसेल्वम की हो रही है। कभी एआईएडीएमके के कद्दावर नेता रहे पनीरसेल्वम अब डीएमके गठबंधन की ओर से बोडिनायकन्नूर से चुनावी मैदान में उतरेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्टालिन ने पनीरसेल्वम को अपने पाले में लाकर दक्षिण तमिलनाडु के 'मुकुलथोर' वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने की तैयारी कर ली है। उम्मीदवारों की इस सूची में अनुभवी चेहरों को प्राथमिकता दी गई है। अरुप्पुकोट्टई से पार्टी के दिग्गज केकेएसएसआर रामचंद्रन को फिर से उतारा गया है, जबकि कन्याकुमारी सीट से महेश और पलयमकोट्टई से वहाब पर पार्टी ने दांव लगाया है। मुख्यमंत्री स्टालिन का यह फैसला बताता है कि वह विकास के 'द्रविड़ मॉडल' के साथ-साथ मजबूत सामाजिक समीकरणों के जरिए सत्ता में वापसी की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विपक्षी खेमे में इस बड़ी घोषणा के बाद खलबली मचना तय है। स्टालिन ने चुनाव से काफी पहले ही अपनी सेना और मोर्चेबंदी तैयार कर ली है।

डीएमडीके को 10 सीटें

इस बार सबसे बड़ा उलटफेर डीएमडीके को लेकर देखने को मिला है। पार्टी को 10 सीटें आवंटित की गई हैं। अन्य सहयोगियों में वीसीके को 8, सीपीआई और सीपीआई-एम को 5-5 सीटें, जबकि एमडीएमके को 4 सीटें मिली हैं। मुस्लिम मतदाताओं के बीच पैठ रखने वाली पार्टी आईयूएमएल और एमएमके को 2-2 सीटें दी गई हैं। एमजेके व एसडीपीआई को 1-1 सीट दी गई हैं।

छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का दल मानव सभ्यता के विकास से हुआ रूबरू

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के सौजन्य से से छत्तीसगढ़ के चुनिंदा पत्रकारों के एक दल ने शामला की सुरम्य पहाड़ियों में लगभग दो सौ एकड़ क्षेत्र में फैले भारत के सबसे बड़े और विश्वविख्यात इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का अवलोकन किया और मानव सभ्यता के विकास से रुबरु हुए। जहां पत्रकार भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता के साथ ही जनजातीय जीवन की झलक से भी परिचित हुए। पत्रकारों ने खासतौर पर छत्तीसगढ़ से संबंधित आवास परिसरों और वस्तुओं के बारे में दिलचस्पी दिखाई और इस बारे में उनके सवालों का जवाब देते हुए मानव संग्रहालय के अधिकारियों ने उन्हें विस्तृत जानकारी दी। यह अनूठा मानव संग्रहालय मानव विकास और सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए है। जहां लोग प्राचीन इतिहास को जीवंत होते हुए देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। इसकी स्थापना 21 मार्च 1977 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारत के विशेष संदर्भ में मानव तथा संस्कृति के विकास के इतिहास को प्रदर्शित करना है। इस भव्य और विशाल परिसर में 32 पारंपरिक एवं ऐतिहासिक शैलाश्रय भी हैं जो आकर्षण का केन्द्र हैं। पत्रकारों ने बिशनखेड़ी स्थित खेल प्राधिकरण परिसर का भी अवलोकन किया। वहां के निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने पत्रकारों को वहां की खेल सुविधाओं से अवगत कराया। पत्रकारों ने विभिन्न खेलों के कोच और खिलाड़ियों से मिलकर भी उनसे चर्चा की। पत्रकारों ने पत्र सूचना कार्यालय में पीआईबी निदेशक मनीष गौतम से भी सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों का स्वागत कर उन्हें मध्यप्रदेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अमेजन ऐड्स ने भारत में पूरे किए 10 साल

भारत में आयोजित अपने पहले प्रमुख इवेंट 'कनेक्टेड वर्ल्डस' में अमेजन ऐड्स ने क्रिएटिव एजेंट्स, ऐड्स एजेंट

मुंबई/ए.। इस कार्यक्रम में विज्ञापनदाता, एजेंसियां और पार्टनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए, जहां अमेजन ऐड्स ने क्रिएटिव एजेंट्स और ऐड्स एजेंट जैसे नए एआई टूल्स, एकीकृत कैंपेन मैनेजमेंट, अमेजन ऐड्स क्रिएटर प्रोग्राम और भारतीय ब्रांड्स के लिए रचनात्मकता को आसान बनाने की पहल पेश की। कनेक्टेड वर्ल्डस ने एड टेक, कंटेंट और कॉमर्स–इन तीन प्रमुख स्तंभों को एक साथ लाकर एक सहज और पूर्ण-फनल विज्ञापन अनुभव प्रदान किया। अपने दस साल के सफर में अमेजन ऐड्स ने सभी आकार के ब्रांड्स को ग्राहकों तक पहुंचाने से आगे बढ़कर पूरी उपभोक्ता यात्रा, जागरूकता से लेकर खरीद तक में मजबूत जुड़ाव बनाने का काम किया है। वीडियो, डिस्प्ले और डिवाइस विज्ञापनों जैसे विभिन्न फॉर्मेट्स के माध्यम से अमेजन ऐड्स ने अपनी पहुंच का विस्तार किया है। आज प्राइम वीडियो, अमेजन एमएक्स प्लेयर और अमेजन डिमांड साइड प्लेटफार्म पर मौजूद थर्ड-पार्टी पब्लिशर्स के जरिए अमेजन ऐड्स ग्राहकों तक वहां पहुंचता है, जहां वे खरीदारी करते हैं, कंटेंट देखते हैं और ऑनलाइन समय बिताते हैं। इस व्यापक पहुंच का पूरा लाभ उठाने में ब्रांड्स की मदद के लिए अमेजन ऐड्स का ब्रांड इनोवेशन लैब ऐसे नवाचारपूर्ण विज्ञापन अनुभव तैयार करता है, जो इन पलों को सार्थक ब्रांड कनेक्शन में बदल देते हैं। अमेजन ऐड्स इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और हेड गिरीश प्रभु ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत का विज्ञापन परिदृश्य तेजी से परिपक्व हुआ है और इसके साथ ही ब्रांड्स और उनके ग्राहकों की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। अमेजन ऐड्स में हमारा फोकस हमेशा ब्रांड्स को उनके दर्शकों के साथ सार्थक और प्रभावी जुड़ाव बनाने में मदद करने पर रहा है। आज हम जिन नवाचारों की घोषणा कर रहे हैं, एआई आधारित क्रिएटिव टूल्स से लेकर एकीकृत कैंपेन मैनेजमेंट तक उनका एक ही उद्देश्य है कि भारतीय ब्रांड्स को पूरी खरीद यात्रा के दौरान सही समय पर सही ग्राहक तक पहुंचने में मदद मिल सके।

ट्रांसजेंडर महिलाएं ओलंपिक के महिला कैटेगरी में भाग नहीं ले सकेंगी: आईओसी

नई दिल्ली। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी ने ट्रांसजेंडर महिलाओं को लेकर बड़ा फैसला लिया है। आईओसी ने ऐलान किया है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और भविष्य में होने वाले खेलों में ट्रांसजेंडर महिलाएं अब महिला कैटेगरी के इवेंट्स में हिस्सा नहीं ले पाएंगी। इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की नई नीति के मुताबिक, अब बायोलॉजिकल महिलाओं को ही महिला कैटेगरी में हिस्सा लेने की अनुमति होगी। लिंग की पुष्टि करने के लिए खिलाड़ियों को एक बार जीन टेस्ट से गुजरना होगा। थूक, ब्लड सैंपल या गाल की मदद से इस टेस्ट को किया जा सकेगा। हालांकि, जन्म के समय जो एथलीट महिला थे और अब खुद को ट्रांसजेंडर की श्रेणी में गिनते हैं, वह महिला स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेंगे। आईओसी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कोवेंट्री ने कहा कि यह बड़ा फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि बायोलॉजिकल पुरुषों का महिला कैटेगरी में मुकाबला करना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह फैसला महिलाओं के खेलों में निष्पक्षता और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा, ÷हमने जिस पॉलिसी का ऐलान किया है वह साइंस पर आधारित है और इसे मेडिकल सलाहकारों ने लीड किया है। ओलंपिक गेम्स में जीत और हार के बीच सबसे छोटा अंतर भी फर्क डाल सकता है। इसी कारण यह बिल्कुल साफहै कि बायोलॉजिकल पुरुषों का महिलाओं की कैटेगरी में मुकाबला करना सही नहीं होगा।

'धुरंधर-2' को टक्कर देने आई 'प्रोजेक्ट हेल मेरी', दुनियाभर में कमा डाले इतने करोड़

मुंबई। इन दिनों भारत के बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। इस बीच हॉलीवुड फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' रिलीज हुई है। यह फिल्म जहां दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, वहीं भारत में इसे कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर 2' की वजह से इस फिल्म को भारत में कम शोज भी मिले हैं। आइए जानते हैं फिल्म का टोटल कलेक्शन।

भारत के सिनेमाघरों में 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' 26 मार्च को रिलीज हुई। ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को खबर लिखे जाने तक 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। शुक्रवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 2.90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। गुरुवार को इसने 2.25 करोड़ रुपये कमाए थे। जिससे इसका कुल घरेलू कलेक्शन 6.15 करोड़ रुपये हो गया है।

'प्रोजेक्ट हेल मेरी' ने गुरुवार को भारत में अपने बॉक्स ऑफिस सफर की शुरुआत की। इसे सिर्फ1324 शोज मिले। शुक्रवार को इसके शोज की संख्या बढ़कर 1598 हो गई।

इस फिल्म की तुलना में फिल्म 'धुरंधर 2' को गुरुवार को 19493 शोज मिले। शुक्रवार को, रणवीर की फिल्म को 18456 शोज मिले। 'धुरंधर 2' ने भारत में खबर लिखे जाने तक 731.63 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारत में जहां 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' को 'धुरंधर 2' से कड़ी टक्कर मिली, वहीं दुनिया भर में यह फिल्म जबरदस्त कमाई कर रही है। यह फिल्म 20 मार्च को दुनियाभर में रिलीज हुई थी।

न्यूज गैलरी

जंगलों से राजभवन तक : नगरी ब्लाक के बच्चों ने रचा इतिहास

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक के सुदूर वनांचल क्षेत्र बेलरगांव की एक प्रेरणादायी कहानी अब पूरे छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बन गई है। कठिन परिस्थितियों में पढ़ने वाले यहां के बच्चों ने ऐसी उपलब्धि हासिल की कि उनकी मेहनत की गूंज राजभवन तक पहुँच गई और खुद राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें सम्मानित कर नई उड़ान दी। बेलरगांव क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित 22 मेधावी छात्रों सहित कुल 28 बच्चों को रायपुर स्थित राजभवन में सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल प्रमाणपत्र या मंच तक सीमित नहीं रहा यह उन संघर्षों और सपनों की जीत का पल था, जिनके सहारे ये बच्चे परिस्थितियों को मात देते हुए आगे बढ़े हैं। कार्यक्रम में उन 10 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया, जो जंगलों के बीच शिक्षा की ज्योत जलाए रखने का काम कर रहे हैं। इन शिक्षकों की निष्ठा, सीमित साधनों में भी लगातार उत्कृष्ट परिणाम देने की क्षमता और बच्चों को नई दिशा देने का जज़्बा ही इस सफलता की असली नींव है। इस आयोजन की सबसे खास बात रही पाँच विद्यार्थियों का ÷स्पोकन इंग्लिश स्टार÷ के रूप में उभरना, जिन्होंने लगातार अभ्यास से भाषा की बाधाएँ तोड़ीं। इसी के साथ कक्षा 7वीं की गरिमा पलक साहू ने 'AI Content Creator' बनकर यह साबित कर दिया कि वनांचल के बच्चे अब तकनीक और नवाचार की दुनिया में भी पीछे नहीं हैं।

रायपुर में बीच सड़क पर चाकू से काटा केक, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के कबीर नगर थाना क्षेत्र के वाल्मीकि अटल आवास इलाके में कुछ युवकों ने बीच सड़क पर चाकू से केक काटकर जन्मदिन मनाया। वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर युवक की शिनाख्त आशीष के रूप में की और हिरासत में लिया है। दरअसल, रायपुर में कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद बीच सड़क में गाड़ी रोककर केक काटने वाले, स्टंट करने वाले और चाकू-पिस्टल के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने वालों पर लगाकर कार्रवाई की जा रही है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि, 5 से 6 लड़के एक गाड़ी के चारों ओर खड़े हैं। गाड़ी के ऊपर सीट पर केक रखा गया है। युवक कटारनुमा चाकू से केक काट रहा है, जबकि बाकी युवक शोर मचाकर जश्न मना रहे हैं। लड़कों ने न सिर्फ केक काटा, बल्कि इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर 'स्वैग' के तौर पर अपलोड भी किया। यह मामला सामने आने के बाद कबीर नगर पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बॉयफ्रेंड ने एक ही मंडप में 2-गर्लफ्रेंड संग रचाई शादी

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवक ने दो लड़कियों से शादी की है। एक ही मंडप में उसने दोनों

दुल्हन के साथ सात फेरे लिए और साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। अब यह शादी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में दूल्हा दोनों दुल्हनों का हाथ थामकर अग्नि के फेरे लेते नजर आ रहा है। जश्न के दौरान दोस्तों और ग्रामीणों ने जमकर डांस करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने के बाद इस शादी की पूरे प्रदेश में शादी की चर्चा हो रही है। यह मामला फरसगांव ब्लॉक के ग्राम बैलगांव का है। जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम हितेश यादव है, जो कि खेती किसानी करता है। हितेश की पहली पत्नी शंकरपुर की रहने वाली फुलबती और दूसरी पत्नी बनियागांव गांव की रहने वाली यामिनी है। दूल्हे के मुताबिक, पहली लड़की ने मेरा प्रपोजल ठुकरा दिया था, जबकि दूसरी ने तुरंत हां कह दी। बाद में हालात ऐसे बने कि दोनों ही शादी के लिए राजी हो गईं। विवाह खुले तौर पर गाजे-बाजे के साथ संपन्न हुआ, जिसमें 23 मार्च 2026 को मंडपाच्छादन और हरिद्रालेपन (हल्दी) की रस्में हुईं, जबकि 24 मार्च 2026 को पाणिग्रहण, लग्न और आशीर्वाद समारोह आयोजित किए गए। सभी रस्में पारंपरिक तरीके से पूरी की गईं। ग्रामीणों के अनुसार तीनों परिवारों की रजामंदी, समाज के बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ यह विवाह हुआ ताकि भविष्य में विवाद न हो। दूल्हा हितेश यादव ने बताया कि उनका फूलबती नाग और यामिनी देहारी से प्रेम संबंध था दोनों आदिवासी हैं।

जंगल में हिरण का शिकार, रिसार्ट में बनाया मीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के पर्यटन मंडल के रिसार्ट में हिरण का शिकार किया गया। वन विभाग की टीम ने रिसार्ट में छापेमारी कर हिरण के पके मीट बरामद किए है। मैनेजर समेत 4 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला कोटा क्षेत्र के बेलगहना स्थित कुरदर के एथनिक रिसार्ट का है। दरअसल, वन विभाग को शुक्रवार को सूचना मिली थी कि, बेलगहना वन परिक्षेत्र के कुरदर स्थित प्राइवेट रिसार्ट में हिरण का शिकार कर उसके मांस को पकाया जा रहा है। अफसरों ने रिसार्ट में दबिश देकर तलाशी ली, तो किचन में कड़ाही पर मांस पकाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने रिसार्ट में छापेमारी कर हिरण के पके मीट बरामद किए।

■ बिलासपुर के पर्यटन मंडल के रिसार्ट में पका मांस मिला, मैनेजर समेत 4 कर्मचारी गिरफ्तार

जांच में पता चला कि, एथनिक रिसार्ट पर्यटन मंडल संचालित करता है। जहां 8 से 10 कर्मचारी कार्यरत हैं। मैनेजर और कर्मचारियों के लिए हिरण का मीट बनाया जा रहा था। टीम ने कुक रामकुमार टोप्पो समेत रिसॉर्ट के मैनेजर रजनीश सिंह सहित रमेश यादव, संजय वर्मा को पकड़ा है। उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया है।

जांच के लिए जबलपुर लैब भेजा जाएगा मीट

वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार आरोपियों का बयान दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। अफसरों ने बताया कि, जब्त मांस को जांच के लिए जबलपुर लैब भेजा जाएगा, ताकि पुष्टि हो सके कि यह हिरण का ही मांस है या नहीं। हालांकि, वन विभाग की जांच में हिरण के बाकी अवशेषों का कुछ पता नहीं चल सका है।

मैनेजर समेत कर्मचारियों ने कुक को बताया दोषी

वन विभाग के अफसरों ने मैनेजर रजनीश सिंह के साथ कर्मचारियों से पूछताछ की, तब उन्होंने खुद का बचाव करते हुए कहा कि, उन्हें नहीं पता मांस किसका है। उन्होंने पूरा दोष कुक रामकुमार टोप्पो पर मढ़ दिया। जबकि, कुक रामकुमार ने कहा कि उसे इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है। उसे गांव के जनक बैगा ने पत्ते में मांस लाकर दिया

जंगल में बेधड़क हो रहा वन्य जीवों का शिकार

कोटा-बेलगहना क्षेत्र में इससे पहले भी वन्य जीवों के शिकार हो चुके हैं। जंगल में करंट लगाकर बाघ-तेंदुआ के साथ ही जंगली सुअरों का भी शिकार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में कई प्राइवेट रिसार्ट भी हैं, जहां इसी तरह हिरण का शिकार कर मीट बनाया जाता है। लेकिन, वन विभाग के अफसरों ने अब तक प्राइवेट रिसार्ट में छापेमारी नहीं की है।

जाल में फंसा दुर्लभ पेंगोलीन: वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

सारंगढ़/नवप्रदेश। वन्यजीव संरक्षण का शानदार उदाहरण उस समय देखने को मिला जब गांव भूलूमुड़ा में एक दुर्लभ पेंगोलीन जाल में फंस गया।जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

मिली जानकारी के अनुसार किसान सिंधु साहू पिता टंकधर साहू के मूंगफली फसल लगे खेत में लगाए गए जाली में अचानक एक पेंगोलीन फंस गया। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों की नजर जैसे ही इस पर पड़ी तो उन्होंने बिना देर किए वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे सावधानी व सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रेस्क्यू के दौरान टीम ने बेहद धैर्य और अनुभव का परिचय देते हुए जाल में फंसे पेंगोलीन को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान पेंगोलीन को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

इस रेस्क्यू अभियान में हीरालाल सरजाल रेंजर, हीरालाल नायक डिप्टी रेंजर, हीरालाल चौधरी वनरक्षक, बलभद्र मैत्री वनपाल, देवनाथ ध्रुव और गिरधारी सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनकी तत्परता और समर्पण से एक बेजुबान की जान बच सकी।

पेंगोलीन तस्करी और शिकार पर हैं कड़े कानूनी प्रावधान

गौरतलब है कि पेंगोलीन एक अत्यंत दुर्लभ और संरक्षित वन्यजीव है, जिसकी तस्करी और शिकार पर कड़े कानूनी प्रावधान हैं। ऐसे में वन विभाग की यह कार्रवाई न केवल सराहनीय है। बल्कि, यह संदेश भी देती है कि वन्यजीवों की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है।

पेंटर की मिली संदिग्ध लाश, सुसाइड नोट में कांग्रेसी का नाम

■ लिखा-सट्टा लिखाते हैं, 1 लाख मांगे, जेल भेजने दी धमकी, पुलिस इन्हें कड़ी सजा दे

दुर्ग भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर लाश मिली है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दो लोगों के नाम लिखे हैं। उसमें राजू पाल नाम के युवक को कांग्रेस नेता बताया है।

सुसाइड नोट में लिखा है कि, राजू पाल और सोनिया गोस्वामी सट्टा चलाते हैं। वो मुझे धमकी दे रहे हैं कि, एक लाख रुपए दो नहीं तो पुलिस में फंसा देंगे और जेल भिजवा देंगे। मुझे ब्लैकमेल कर रहे हैं। मेरी मौत को नजर अंदाज न करें, पुलिस इन्हें कड़ी सजा दे। मामला स्मृति नगर चौकी इलाके का है।

वहीं, पुलिस आत्महत्या के एंगल से जांच रही है, लेकिन उसके भाई ने हत्या की आशंका जताई है। परिवार का कहना है कि शव पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक की पहचान मोहन रामटेक (42) के रूप में हुई है। वो पिछले करीब 3 महीने से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। पेंटिंग का काम करता था। दरअसल, मोहन रामटेक की मां का भिलाई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार को उनका ऑपरेशन होना था। जिस कारण परिवार के सभी लोग रात में अस्पताल में थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। मोहन अकेले था। जब सुबह पत्नी घर पहुंची, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने मकान मालिक को जानकारी दी। पड़ोसियों की मदद से किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर उसकी लाश मिली। मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही स्मृति नगर चौकी, सुपेला थाना पुलिस, एडिशनल एसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी भिलाई नगर मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और सुसाइड नोट को जांच के लिए जब्त किया है। पुलिस का कहना है कि, पहली नजर में फंदे पर लटकने की आशंका है। जिसकी जांच की जा रही है। वहीं, मृतक के भाई नवीन रामटेके ने बताया कि, किसी से कोई बड़ा विवाद सामने नहीं आया था, लेकिन शरीर पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सुसाइड नोट में लिखा है कि, मैं मोहन रामटेके अपने होसों हवास में यह बात लिख रहा हूं कि राजू पाल और सोनिया गोस्वामी सट्टा चलाते हैं। वो मुझे धमकी दे रहे हैं कि एक लाख रुपए दो नहीं तो पुलिस में फंसा देंगे और जेल भिजवा देंगे। मेरी पत्नी का ऑपरेशन होना था, तो मैं राजू पाल को बोला कि भैया मुझे मदद चाहिए।

नगरी के सांकरा बांध में मखाना खेती की शुरुआत

200 महिलाओं को मिलेगा रोजगार, आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत सांकरा में शुक्रवार को एक नई आर्थिक क्रांति की शुरुआत हुई, जब सांकरा बांध में मखाना खेती का विधिवत शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस ऐतिहासिक पहल के तहत स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मखाना के बीज बोकर क्षेत्र में रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद जगाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि, सांकरा में मखाना खेती न केवल स्व सहायता समूहों की महिलाओं को स्थायी रोजगार प्रदान करेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। उन्होंने यह भी बताया कि, इस योजना से 17 स्व सहायता समूहों की लगभग 200 महिलाएं सीधे तौर पर जुड़ी हुई हैं, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को नई गति मिलेगी। योजना के तहत सांकरा बांध में लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मखाना खेती विकसित की जाएगी, जिसकी शुरुआत फिलहाल 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में की गई है। क्षेत्र में पहली बार हो रही इस खेती को लेकर महिलाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह और उत्सुकता देखने को मिल रही है।

'मौत का जाल' बना जंगल: डेढ़ किमी तक फैले करंट में फंसा युवक

बतौली/सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 'शिमला' कहे जाने वाले मैनपाट से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां अवैध शिकार के लिए बिछाए गए हाई वोल्टेज करंट के जाल ने एक युवक की जान ले ली। घने जंगल में डेढ़ किलोमीटर तक फैले इस 'मौत के जाल' में फंसते ही युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने न सिर्फ इलाके में सनसनी फैला दी, बल्कि वन विभाग की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी जाल में लकड़ी लेने गए 35 वर्षीय मिश्रा यादव की मौके पर ही तड़पकर मौत हो गई। उसके साथ गए रिश्तेदार बाल-बाल बचे। जाल में एक सियार की भी मौत हुई। पूर्व में भी इसी जंगल क्षेत्र में करंट जाल की वजह से भैंस सहित कई जानवरों की मौत के मामले सामने आ चुके हैं।

डेढ़ किलोमीटर लंबा 'मौत का करंट जाल'

जांच में सामने आया कि शिकारियों ने 300 मीटर नहीं, बल्कि घने जंगल में पूरे डेढ़ किलोमीटर तक जेई नंगे तार का जाल बिछाया था। इस तार को पास के 11 हजार केवी ट्रांसफॉर्मर से अवैध तरीके से जोड़कर उसमें करंट प्रवाहित किया गया था।

शराब के लिए पैसे नहीं देने पर व्यापारी पर हमला

■ धारदार ब्लेड से गले-पेट और हाथों पर किए वार, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर एक व्यापारी पर धारदार ब्लेड से हमला किया गया। यह घटना गुरुवार रात पुरानी बस स्टैंड के पास हुई। तारबाहर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, जैकी छाबड़ा गुरुवार रात करीब 10:30 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुराना बस स्टैंड स्थित शारदा होटल के सामने देवरीखुर्द निवासी भुवनेश्वर पटेल ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे।

पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने जैकी छाबड़ा को अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर हमला कर दिया। भुवनेश्वर पटेल ने अपने पास रखी नुकीली वस्तु से जैकी छाबड़ा के गले, पेट और दोनों हाथों पर गंभीर चोटें पहुंचाईं, जिससे वह लहूलुहान हो गए।

आरोपी गिरफ्तार, हथियार जब्त

तारबाहर पुलिस ने जैकी छाबड़ा की रिपोर्ट पर तत्काल केस दर्ज किया। थाना प्रभारी रविंद्र अनंत के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी की तलाश में दबिश दी गई। पुलिस ने भुवनेश्वर पटेल को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से हमले में इस्तेमाल की गई नुकीली वस्तु (थर्मोकोल काटने का प्लास्टिक कवर लगा ब्लेड) भी बरामद की।

संकट: टारगेट के आस-पास भी नहीं पहुंचा शक्कर उत्पादन, 60 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को शक्कर वितरण

घाटे की कड़वाहट में डूबे प्रदेश के सरकारी शक्कर कारखाने

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पंजीकृत कार्ड धारकों के कोटे के अनुसार 40 प्रतिशत से भी कम शक्कर का भंडारण राशन दुकानों में हो पाया है। इस वजह से अब तक 60 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को शक्कर वितरण नहीं हो पाया है।

इधर नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के एक अधिकारी का कहना है कि कारखानों से शक्कर का भंडारण जैसे-जैसे हमारे यहां होता है, वैसे-वैसे राशन दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण कराया जाता है। मार्च में जितना आवंटन हुआ है, उसके अनुसार दुकानों में शक्कर का भंडारण करा चुके हैं। हालांकि इस बार कारखानों से शक्कर की बहुत कम मात्रा में आपूर्ति हुई। अंबिकापुरः मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना इन दिनों भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है। इस बार कारखाने में बेहद कम गन्ने की आवक होने से शक्कर उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। कारखाना प्रबंधन निर्धारित कोटे के अनुसार राशन दुकानों के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को शक्कर उपलब्ध करा रहा है लेकिन अग्रिम भुगतान

नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों का वेतन भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। गन्ने की कम आवक होने के कारण पिछले साल 3 महीने से अधिक समय तक कारखाने का संचालन हुआ था। इस साल गन्ने की आवक इतनी अधिक कम हो गई कि कारखाना दो महीने भी नहीं चल सका। शक्कर कारखाने की क्षमता प्रतिदिन 2500 मीट्रिक टन गन्ना पेरने की है लेकिन इस बार पूरे सीजन में मात्र 1.99 लाख टन गन्ने की पेराई हो सकी। गन्ने की कम आवक होने के कारण कारखाना कभी चार घंटे तो कभी आठ घंटे तक ही चल सका। इधर पेराई सत्र पूरा होने के बाद कारखाना प्रबंधक कर्मचारियों की वेतन राशि से किसानों को गन्ने का भुगतान कर रहा है जिसके कारण पिछले तीन महीने से कर्मचारियों का वेतन भुगतान लंबित पड़ा है।

करोड़ों रुपए के घाटे में चल रहे शक्कर कारखाने

प्रदेश में संचालित सहकारी शक्कर के कारखानें घाटे में चल रहे हैं। हर साल कारखाना में शक्कर का उत्पादन तो किया जा रहा है, लेकिन इससे मुनाफा नहीं बल्कि करोड़ों रुपए का घाटा हो रहा है। विभाग से मिला आंकड़ा बताता है कि पिछले तीन वर्ष में इन कारखानों के संचालन में शासन को 267 करोड़ 40 लाख रुपए का घाटा हुआ है। औसत निकालें, तो हर वर्ष 89 करोड़ रुपए की हानि हो रही है।

जवानों ने गर्भवती महिला को 5 किमी तक खाट पर लादकर पहुंचाया अस्पताल

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में ITBP के जवानों ने मानवता की नई मिशाल पेश की है। ITBP के जवानों ने और पुलिस ने मिलकर एक गर्भवती महिला की जान बचाने के लिए कठिन परिस्थितियों में साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। यह मामला इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान के अबूझमाड़ क्षेत्र के सुदूर गांव बोटेर का है। मिली जानकारी के अनुसार, अबूझमाड़ क्षेत्र के सुदूर गांव बोटेर में एक गर्भवती महिला की हालत अचानक गंभीर हो गई। वहां की भौगोलिक परिस्थितियों और सड़क सुविधा के अभाव के कारण महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाना बेहद मुश्किल था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ITBP की 29 वीं बटालियन और पुलिस ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ITBP के जवानों ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला को स्ट्रेचर पर कंधों के सहारे 5 किलोमीटर तक घने जंगल, पहाड़ी और कच्चे रास्तों को पार कर सुरक्षित रोड तक निकाला। कड़ी मशक्कत के बाद महिला को समय रहते ओरछा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com